kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-208 ❑ सोमवार, 01 सितम्बर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



कुछ लोग पूर्वजों की स्मृति को बेकार समझते हैं लेकिन वही लोग, जब देश संकट में पड़ता है, तो अपने पूर्वजों का आह्वान करते हैं ताकि समाज की सामूहिक शक्ति और साहस जाग्रत हो। **मोहन भागवत**

तेलंगाना विधानसभा में पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक पारित 11

गंगा उफान पर, निचले क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात, तटबंध को खतरा 12

## संक्षेप

### जन में आग की चेतावनी के बाद दिल्ली लौटा एयर इंडिया का विमान

**नयी दिल्ली।** एयर इंडिया की दिल्ली से इंदौर जा रही एक उड़ान को रविवार सुबह टेकऑफ के तुरंत बाद इंजन में आग की चेतावनी के कारण दिल्ली वापस लौटना पड़ा जहां उसकी सुरक्षित लैंडिंग हुई। सूत्रों ने बताया कि विमान में 90 से ज्यादा यात्री सवार थे। फ्लाइट एआई2913 के दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट को विमान के दाहिने इंजन में आग की चेतावनी मिली। एहतियात बरतते हुये उस इंजन को बंद कर दिया गया और विमान को एक ही इंजन पर दिल्ली वापस लाया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 6.15 बजे एयरपोर्ट पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। एयर इंडिया ने घटना पर खेद व्यक्त करते हुये एक बयान में कहा कि विमान को निरीक्षण के लिए ग्राउंड कर दिया गया है और यात्रियों को दूसरे विमान से इंदौर भेजने की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही नागर विमानन नियामक डीजीसीए को इसकी सूचना दे दी गयी है।

### 56 करोड़ जन धन खातों में 13 करोड़ निष्क्रिय

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 11 साल में खोले गये 56 करोड़ जन धन खातों में से 13 करोड़ निष्क्रिय हो गये हैं यानी उनमें दो साल या उससे अधिक समय से कोई लेनदेन नहीं हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से संसद के हाल में समाप्त सत्र में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी गयी है। इसे देखते हुए इन निष्क्रय खातों की पुनः केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) प्रक्रिया पूरी करने के लिए सरकार ने 01 जुलाई से ग्राम पंचायत स्तर पर संतृप्ति अभियान शुरू किया गया है जो 30 सितंबर तक चलेगा। इस साल 31 जुलाई तक देश में जन धन खातों की संख्या 56,03,84,490 थी जिनमें 13,04,52,845 खाते निष्क्रिय थे। यह कुल खातों के 23 प्रतिशत से अधिक है। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 9,98,47,121 जन धन खाते खोले गये हैं और वहां निष्क्रिय खातों की संख्या 2,75,04,107 (27 प्रतिशत से अधिक) है। इसके बाद बिहार में 6,47,91,296 जन धन खातों में से 1,39,00,934 निष्क्रिय हैं।

### सीबीआई की जांच से संबंधित भ्रष्टाचार के 7,000 से अधिक मामले अदालतों में लंबित

**नयी दिल्ली।** सीबीआई की जांच से संबधित भ्रष्टाचार के 7,072 मामले विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। यह जानकारी केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में दी गई। सीवीसी ने बताया कि इनमें से 379 मामले 20 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। आयोग के अनुसार 31 दिसंबर, 2024 तक कुल मामलों में से 1,506 मामले तीन साल से कम समय से, 791 मामले तीन साल से अधिक और पांच साल से कम समय से, और 2,115 मामले पांच साल से अधिक और 10 साल से कम समय से लंबित थे। भ्रष्टाचार विरोधी निगरानी संस्था ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी की है।

# विश्वास बढ़ाने में मोदी और जिनपिंग ने दिखाई गर्मजोशी

## भारत –चीन सीमा संबंधी मुद्दों का समाधान करेंगे और द्विपक्षीय व्यापार भी बढ़ाएंगे : मोदी

## 'रिश्तों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से संभालना होगा : जिनपिंग

**एजेंसी**



नई दिल्ली। चीन के तिआनजिन शहर में चल रहे एससीओ समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक घंटे लंबी द्विपक्षीय वार्ता की। इस बातचीत में दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के बीच मीटिंग में शी जिनपिंग ने कहा, दोस्त बनना, अच्छे पड़ोसी बनना और ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) का एक साथ आना बहुत जरूरी है। भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने तथा सीमा संबंधी मुद्दों के निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

लगभग एक घंटे चली बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने द्विपक्षीय रिश्तों में हालिया प्रगति पर जोर दिया। पीएम ने मीटिंग के दौरान सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधियों के बीच हुआ समझौता, कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली और दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स शुरू होने का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के हित हमारे सहयोग से जुड़े हैं। यह पूरी मानवता के कल्याण का भी मार्ग प्रशस्त करेगा।'' उन्होंने कहा, हम आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा, आपसे दोबारा मिलकर बहुत खुशी हुई। मैं आपको चीन में एससीओ समिट के लिए स्वागत करता हूं। पिछले साल हमारी कज़ान में सफल मुलाकात हुई थी। शी जिनपिंग ने इस मुलाकात को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि दुनिया इस समय बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है। चीन और भारत न सिर्फ दो सबसे प्राचीन सभ्यताएं हैं, बल्कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भी हैं और ग्लोबल साउथ का हिस्सा हैं।

❑ परस्पर विश्वास और सम्मान के आधार पर चीन के साथ संबंध आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध है भारतः मोदी

❑ भारत-चीन का मित्र होना, अच्छे पड़ोसी होना बेहद जरूरी : जिनपिंग

चीनी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि इस साल भारत-चीन कूटनीतिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। ऐसे में दोनों देशों को आपसी रिश्तों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों को अपने ऐतिहासिक दायित्वों को निभाते हुए मल्टीलैटरलिज़्म, मल्टीपोलर वर्ल्ड और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अधिक लोकतंत्र को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही एशिया और दुनिया में शांति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को तिआनजिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात करेंगे। यह दोनों नेताओं की पहली बैठक होगी, ऐसे समय में जब अमेरिका ने भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद न रोकने पर भारतीय सामान पर टैरिफ दोगुना कर 50% कर दिया है। इसमें 25% रेसिप्रोकल टैरिफ और 25% टैरिफ रूस से तेल खरीदने को लेकर पेनल्टी के तौर पर लगाया गया है। अमेरिका के इस टैरिफ से पहले भी भारत निवेश और टेक्नोलॉजी के सोर्स के रूप में चीन की ओर सावधानी से रुख कर रहा था और व्यापार बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। भारत और चीन के रिश्ते 2020 की गलवान झड़प के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। इससे पहले डोकलाम विवाद और वर्षों की अविश्वास की स्थिति रही। रिश्तों में नरमी पिछले साल अक्टूबर से ही शुरू हुई, जब प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग ने रूस में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की। उस बैठक से पहले दोनों नेता बहुपक्षीय मंचों पर एक-दूसरे से दूरी बनाए हुए थे। यह मुलाकात उस समय हुई थी जब दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बाकी बचे तनाव वाले इलाकों से पीछे हटने पर सहमति बनाई थी। अब, अमेरिका-भारत संबंधों में गिरावट के बीच, भारत के पास बीजिंग के साथ तनाव कम करने की एक नई वजह भी है। ● शेष पेज 11 पर

## 'सीमा पर शांति, द्विपक्षीय संबंध, आतंकवाद के खिलाफ एकजुट : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के तिआनजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की आज सुबह की पहली अहम मुलाक़ात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से हुई। मिसरी ने बताया कि इस बैठक को लेकर एक आधिकारिक बयान जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों नेताओं की एक वर्ष से भी कम समय में दूसरी मुलाक़ात है। पिछली बार उनकी मुलाकात पिछले साल अक्टूबर 2024 में कज़ान में हुई थी, जहां दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए कुछ रणनीतिक दिशानिर्देश तय किए थे और दोनों पक्षों के लिए कुछ ठोस लक्ष्य भी निर्धारित किए थे।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बैठक में दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और चीन अपने-अपने घरेलू विकास पर केंद्रित हैं और इस प्रक्रिया में उन्हें प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि साझेदार बनना चाहिए। उन्होंने साझा सहमति जताई कि मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए और स्थिर तथा मित्रतापूर्ण संबंध दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के लिए लाभकारी होंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सहयोग मज़बूत करने के लिए चार सुझाव दिए। जिन पर प्रधानमंत्री मोदी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति के लिए जरूरी है। दोनों नेताओं ने आपसी विकास, व्यापार संतुलन, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही इस बात पर भी सहमति जताई कि भारत और चीन को मिलकर बहुध्रुवीय एशिया के निर्माण की दिशा में काम करना चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विक्रम मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी और जिनपिंग की बैठक में वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ, दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने और विश्व व्यापार को स्थिर करने में भारत और चीन की बड़ी भूमिका को मान्यता दी। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को 2026 में भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित भी किया। इसके अलावा दोनों नेताओं ने ● शेष पेज 11 पर

### संबंध

❑ भारत और चीन अपने-अपने घरेलू विकास पर केंद्रित

❑ मतभेदों को विवाद में नहीं बदलना चाहिए और स्थिर तथा मित्रतापूर्ण संबंध दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के लिए लाभकारी होंगे

# बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा : मायावती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसकी जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाले पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष ज़िम्मेदारी भी सौंपी गयी है। मायावती ने कहा कि सभी कार्यक्रम उनके दिशा निर्देशन में होने के साथ ही इसकी जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा बीएसपी बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी गयी है। उन्होंने कहा कि बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताज़ा ज़रूरतों को देखते हुये राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन ज़ोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी बैठक में लिया गया। मायावती ने कहा कि बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के ● शेष पेज 11 पर

❑ बिहार चुनाव में आकाश को बसपा की कमान



# प्राकृतिक आपदाएं हमारे देश की परीक्षा ले रहीं: मोदी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में प्राकृतिक आपदा, खेल-खिलाड़ी, इनोवेशन, शिक्षा, वोकल फॉर लोकल पर बात की। उन्होंने कहा- इस मानसून के मौसम में प्राकृतिक आपदाएं हमारे देश की परीक्षा ले रही हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों हमने भीषण बाढ़-भूस्खलन देखे। इन घटनाओं ने हर भारतीय को दुख पहुंचाया है। हम उन परिवारों के दुख में शामिल हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। जहां भी आपदाएं आईं, हमारे NDRF-SDRF के जवानों ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर, दिन-रात अथक परिश्रम किया है।

पीएम ने कहा कि कई उम्मीदवार यूपीएससी की फाइनल लिस्ट में जगह नहीं बना सके। उनकी जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रतिभा सेतु एप पर उपलब्ध कराई जा रही है। जो देश की बड़ी-बड़ी



कंपनियों के साथ शेयर की जाएगी, ताकि उन्हें इन कंपनियों में अच्छी जॉब मिल सके। सितंबर में हम हैदराबाद लिबरेशन डे मनाएंगे। ये वही महीना है जब हम उन सभी वीरों के साहस को याद करते हैं जिन्होंने ऑपरेशन पोलो में हिस्सा लिया था। उन्होंने कहा-

जब अगस्त 1947 में भारत को आजादी मिली, तो हैदराबाद अलग ही स्थिति में था। निजाम-रजाकारों के अत्याचार दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे थे। तिरंगा फहराने या 'वंदे मातरम' कहने पर भी मौत के घाट उतार दिया जाता था। महिलाओं और गरीबों पर अत्याचार किए जाते थे। उस समय बाबा साहेब अंबेडकर ने भी चेतावनी दी थी कि ये समस्या बहुत बड़ी बनती जा रही है। सरदार पटेल ने मामले को अपने हाथ में लिया। उन्होंने सरकार को ऑपरेशन पोलो शुरू करने के लिए तैयार किया। रिकॉर्ड समय में हमारी सेनाओं ने हैदराबाद को निजाम की तानाशाही से आजाद कराया और उसे भारत का हिस्सा बनाया। पूरे देश ने इस सफलता का उत्सव मनाया।

पीएम मोदी ने कहा- बाढ़ और बारिश से हुई तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बेहद खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। पुलवामा के एक स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोग इकट्ठा हुए। पुलवामा का पहला डे-नाइट क्रिकेट मैच यहीं खेला गया। पहले यह नामुमकिन था, लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। जितेंद्र सिंह राठौड़ सूरत में रहने वाले जितेंद्र सिंह राठौड़ सिक्योरिटी गार्ड हैं। वे कुछ सालों से उन सभी जवानों की ● शेष पेज 11 पर

## 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला, 3 जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है । शामली, श्रावस्ती और कानपुर देहात के पुलिस हटाए गए हैं।

सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार श्रद्धा नरेंद्र पांडे कानपुर देहात, राहुल भाटी श्रावस्ती और नरेंद्र प्रताप सिंह शामली के ट्टछ बनाए गए हैं जबकि प्रवीण रंजन सिंह को नोएडा में डीसीपी बनाया गया है। शामली के पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम को पीटीसी मुरादाबाद भेजा गया है जबकि कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा को पुलिस अधीक्षक क्ग्ड लखनऊ बनाया गया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम को अपने आवास 5 कालीदास मार्ग पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आज दिनांक- 31 अगस्त को शाम 7 बजे, 5 कालिदास मार्ग स्थित ● शेष पेज 11 पर

**विमुक्त जाति दिवस समारोह में सीएम योगी का बड़ा ऐलान**

# घुमंतू जातियों के लिए गठित होगा बोर्ड : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विमुक्त व घुमंतू जातियों के कल्याणार्थ आयोजित विमुक्त जाति दिवस समारोह में शिरकत करते हुए एक बड़ी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार घुमंतू और विमुक्त जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करेगी। साथ ही इन जातियों के लोगों को कॉलोनी और मकान उपलब्ध कराने की योजना पर भी काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विमुक्त जाति दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नट, बंजारा, बावरिया, सासी, कंजड़, कालबेलिया, सपेरा और जोगी जैसी जातियां देश की वह वीर जातियां हैं, जिन्होंने विदेशी हमलों के समय योद्धा के रूप में संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि इन जातियों ने कभी मुगलों के खिलाफ तो कभी अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस के साथ लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों ने इनके पराक्रम से भयभीत होकर वर्ष 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट लागू किया और इन जातियों को जन्म से ही अपराधी घोषित कर दिया। स्वतंत्रता के बाद भी 1952 तक यह कलंक इन पर लगा रहा। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रयासों से 31 अगस्त 1952 को इन जातियों को इससे मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि विमुक्त जाति दिवस उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाता है, जब इन समुदायों को आजादी के मायने समझ आए। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में केंद्र और राज्य सरकार पूरी ईमानदारी से विमुक्त और घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में शिक्षा और आवास की दिशा में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि नौ जनपदों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं। यहां छात्रों को रहने, खाने से लेकर यूनिफॉर्म तक की व्यवस्था सरकार कर रही है। इसके अलावा 264 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में विमुक्त जातियों के बच्चों के लिए भी विशेष सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने वनटांगिया समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया, मताधिकार का अधिकार दिया, उनके लिए घर, स्कूल और अस्पताल बनवाए। इसी तरह मुसहर, कोल, थारू, गौड़, चेरो और सहरिया जैसी जातियों के लिए भी योजनाएं संचालित की गईं।

कुम्हार, निषाद और राजभर समाज को भी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब विमुक्त और घुमंतू जातियों को भी जमीन के पट्टे और मतदान की सुविधा दी जाएगी। इस संबंध में उन्होंने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से ● शेष पेज 11 पर

❑ पुलिस भर्ती में भी शामिल हुए घुमंतू जातियों के युवक-युवतियां : योगी आदित्यनाथ

❑ शामली व वनटांगिया मॉडल पर बनेगा घुमंतू जातियों के विकास का रोडमैप

❑ घुमंतू जातियों ने अंग्रेजों और मुगलों के खिलाफ लड़ी थी लड़ाई सीएम योगी



# लखनऊ के पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, दो की मौत पांच घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित बेहटा के रिहायशी इलाके में चल रही पटाखा फैक्ट्री में रविवार को अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास का इलाका दहल उठा और लोग घरों से निकलकर मौके की ओर भागे। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 5 लोग घायल हैं। घायलों में दो की हालत गम्भीर है । जिन्हें उपचार के लिए केजीएमयू भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार, बेहटा निवासी 50 वर्षीय आलम पुत्र स्व.खुदा बख्श का गांव के बाहर मकान है। आलम के मकान के आसपास घर बने हुए हैं। आलम अपने घर के एक हिस्से में पटाखा बनाने व बेचने का कारोबार करते हैं जबकि घर के अन्य हिस्से में परिवार रहता है। आलम पटाखा फैक्ट्री का संचालन अपने मृतक भाई मुन्ना के नाम पर चलाते हैं। फैक्ट्री का लाइसेंस




मुन्ना के नाम पर है। लाइसेंस हस्तानांतरण के लिए आलम के भतीजे ने आवेदन कर रखा है।

रविवार दोपहर 12 बजे के करीब घर मे रखे पटाखे में चिंगारी लगने से विस्फोट हो गया। जिसके चलते आलम और उनकी 48 वर्षीय पत्नी मुन्नी की मौके पर मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। विस्फोट का धमाका इतना तेज था कि आसपास के मकान भी उसकी जद में आ गए। जिसके चलते उनका घर भी प्रभावित हुआ है। शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे अवैध पटाखा फैक्ट्री में बारूद का विस्फोट बताया है। हालांकि, अभी सिलेंडर फटने की भी आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, फायर बिग्रेड, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की ● शेष पेज 11 पर

# नवचयनित 40 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नंदी ने दिया नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिले के विकास भवन सभागार में रविवार को आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने विधान सभा शहर दक्षिणी की 40 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि ल्कोई भी कार्य बड़ा या छोटा नहीं होता, समर्पण और लगन से छोटे कार्य से भी ऊँचाइयों को छुआ जा सकता है। उन्होंने नवचयनित कार्यकत्रियों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आंगनबाड़ी चयन प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन कर पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया गया है, ताकि बिना किसी भेदभाव के सभी को समान अवसर उपलब्ध हो सके। यह हमारी सरकार की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति को साकार करता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों के आधुनिकीकरण एवं संसाधन युक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्मार्ट टीवी, वाटर आरओ, पोषण वाटिका जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंत्री जी ने आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि ये न केवल बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंत्री जी ने कार्यक्रम के दौरान यह भी घोषणा की कि आंगनबाड़ी केंद्रों को पुनः प्री-स्कूल किट उपलब्ध कराई जाएगी। पूर्व में उन्होंने शहर दक्षिणी विधान सभा के 50 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल किट प्रदान कर संतृप्त किया था। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सोरांव टी.पी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी संजिता सिंह सहित कई अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन अनुरागिनी सिंह ने किया और अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# राष्ट्रीय विचारों को सार्वजनिक जीवन में अपनाएं : दयालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' के 125 वें संस्करण को वाराणसी में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ सुना और प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने सिगरा क्षेत्र स्थित राजन शाही कॉलोनी के अपने कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ ''मन की बात'' कार्यक्रम का श्रवण किया और उसमें व्यक्त राष्ट्रीय विचारों पर चर्चा करते हुए उन्हें अपने सार्वजनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

आयुष मंत्री डॉ. दयालु ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम केवल संवाद नहीं बल्कि देशवासियों के मन को जोड़ने वाला एक सशक्त मंच है, जिसने भारत के विकास, प्रेरणा और नवाचार की कहानियों को जन-जन तक पहुँचाया है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को ध्यानपूर्वक श्रवण किया और उसमें दिए गए संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सिंधु सोनकर, जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी, अवनीश त्रिपाठी, संजय मिश्रा, दिवेश सिंह ,अवध नारायण राय, संतोष सैनी, तुषार सेठ ,सौरभ राय, चंद्र प्रकाश जैन,आजाद तिवारी, अरुण पांडेय, प्रमोद राय, सौरभ पाठक, राहुल पांडेय, आकाश सेठ सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे !

## यमुनानगर डकैती मामला निकला फर्जी

प्रयागराज । जिले के कौंधियारा थाना क्षेत्र स्थित यमुनानगर में हाल ही में सामने आई डकैती की सूचना फर्जी निकली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह एक छोटे चोर द्वारा घर में घुसने की कोशिश मात्र थी, जिसे बढ़ा-चढ़ाकर सोशल मीडिया पर डकैती व महिला से मारपीट का रूप दे दिया गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी नगर विवेक चंद्र यादव स्वयं घटनास्थल के लिए रवाना हुए। पुलिस ने जांच में पाया कि किसी महिला के साथ कोई अभद्रता या मारपीट नहीं हुई, और सोशल मीडिया पर वायरल की गई खबरें पूरी तरह से भ्रामक और झूठी हैं। संदिग्ध चोर की तलाश में छापेमारी जारी है। मामले में गुमराह करने वालों पर भी कार्रवाई की संभावना। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि किसी भी घटना को लेकर अफवाह फैलाने से बचें और सत्यापन के बाद ही कोई सूचना साझा करें।

## 5 वर्षीय रजत सोनकर की मौत पर हंगामा, स्वाति हॉस्पिटल में डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

प्रयागराज । शहर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंफोर्डगंज स्थित स्वाति हॉस्पिटल में रविवार देर रात उस समय हंगामा मच गया जब 5 वर्षीय बच्चे रजत सोनकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि डॉ. एल.के. त्रिपाठी ने बताया था कि बच्चे को आज डिस्चार्ज किया जाएगा, लेकिन अचानक उसकी मौत हो गई, जिससे परिजन स्तब्ध रह गए। सूचना पर मौके पर कर्नलगंज थाना पुलिस पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकेगा।

## जमानत प्रार्थना पत्र के निस्तारण पर ध्यान दें



**वाराणसी।** अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) कमिश्नरेट वाराणसी राजेश कुमार सिंह द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी के समस्त थाना पर नियुक्त पैरोकार के कार्यों के संबंध में कार्यवाही की समीक्षा की गई साथ गोष्ठी कर निम्नलिखित बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पैरवी रजिस्टर /काजलिस्ट रजिस्टर की समीक्षा में माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू, बीडब्ल्यू वा जमानत प्रार्थना पत्र के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा व अन्य विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## महोबा में खदान में विस्फोट,दो मरे,दो घायल

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में रविवार शाम एक ग्रेनाईट खदान में हुये विस्फोट की चपेट में आकर दो मजदूरों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि पसवारा गांव में पहाड़ के खंड संख्या 4 में पत्थर खनन के लिए पट्टा धारक द्वारा मजदूरों से होल करा कर बारूद भरे जाने का कार्य कराया जा रहा था कि हल्की बारिश के बीच बिजली गिरने से विस्फोट हुआ और पहाड़ से टूट कर भारी मात्रा में पत्थर उछल कर गिरे। इन पत्थरो की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होने बताया कि गंभीर रूप से घायल हसन (35) और शिवम (21) को ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन उनकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया जबकि मृतक सलीम (38) और शिव नारायण (35) के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने खदान में पट्टा धारक द्वारा बगैर सेफ्टी टूल्स के मजदूरों से काम कराने का आरोप लगाया। जन आक्रोश को देख पट्टा धारक केशव बाबू शिवहरे फरार हो गया है।

## बुद्धा पार्क में अन्य धर्म की मूर्तियों को लगाने से रोका जाये : मायावती

लखनऊ। कानपुर स्थित बुद्धा पार्क में कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित शिवालय पार्क का बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने विरोध किया है। साथ ही सरकार से इसे तत्काल रोकने की मांग की है। दरअसल, कानपुर स्थित बुद्धा पार्क के पास कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रयागराज महाकुंभ की तरह 12 ज्योतिर्लिंगों के प्रतिरूप स्थापित किये जायेंगे। इसके लिए यहां शिवालय पार्क बनाने की तैयारी है। बीते 29 अगस्त को कानपुर के नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने निर्माण के लिए जगह चिह्नित की है। इस पार्क में आगे की तरफ पूर्व में सुंदरीकरण कराया गया था जबकि पीछे की तरफ घने पेड़, झाड़ियां हैं। यहां पार्क में पीछे की तरफ पांच एकड़ जमीन पर शिवालय पार्क बनाने का प्रस्ताव है। पार्क को लेकर रविवार को मायावती ने अपने सोशल मोडिया एक्सउन्ट पर पोस्ट किया ल्ल संविधान के अनुसार भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। जहाँ पर विभिन्न धर्मों एवं जातियों के लोग रहते हैं तथा हर धर्म के लोगों के अपने-अपने पूजास्थल हैं। जिसके तहत ही कानपुर नगर में बुद्ध पार्क स्थित है जो यह बौद्ध धर्म एवं अम्बेडकर अनुयायियों के आस्था का केन्द्र है, लेकिन प्राप्त जानकारी के मुताबिक सरकार द्वारा इस पार्क में जो दूसरे धर्म के पूजा स्थल का निर्माण प्रस्तावित है, यह कतई भी उचित नहीं है। सरकार इसे तत्काल रोके, वरना यहाँ लोगों के बीच अशान्ति एवं घृणा फैल सकती है।

## धारदार हथियारों से हमला, कई लोग घायल

प्रयागराज। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के असरावे कला गांव में रविवार देर रात दो पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि एक पक्ष के कई लोग दूसरे पक्ष के घर पर चढ़कर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर एयरपोर्ट थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते यह घटना हुई। हमले के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। एयरपोर्ट थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों का इलाज जारी है और घटना में शामिल आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां हुयी चौकन्नी

**बलरामपुर।** नेपाल सीमा के रास्ते तीन पाकिस्तानी आतंकियों की घुसपैठ के इनपुट के बाद उत्तर प्रदेश में देवीपाटन मंडल की नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी बढ़ा दी हैं। देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने बताया कि मंडल के बहराइच की 98.5 किलोमीटर,श्रावस्ती की 51 और बलरामपुर जिले की 94.5 किलोमीटर खुली सीमाओं को मिलाकर कुल 243 किमी खुली सीमायें हैं द्य इनमें मुख्य रूप से 452 वर्ग किमी फैले सोहेलवा वन्य क्षेत्र के दुर्गम रास्ते ,पगडंडियां और सड़क मार्ग संग गैर परम्परागत रास्ते भी हैं।

# उदय बोरवणकर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त प्रभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। उदय बोरवणकर, महानिदेशक, आरडीएसओ ने पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का अतिरिक्त पदभार को ग्रहण करेंगे। श्री बोरवणकर भारतीय रेल प्रबंधन सेवा के अधिकारी हैं।

वाराणसी से प्रारंभिक शिक्षा के उपरांत आप 1985 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रतिष्ठित स्पेशल क्लास रेलवे अप्रेंटिस के लिए चयनित हुए। भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियरिंग संस्थान, जमालपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद पश्चात आपने मुंबई से स्नातकोत्तर (एम.बी.ए.) की डिग्री प्राप्त की। आपने आईआईटी, खड़गपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद एवं बोक्कोनो स्कूल ऑफ बिजनेस (मिलान) से बिजनेस मैनेजमेंट तथा ग्राज विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रिया से सिविल इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। श्री बोरवणकर ने मध्य रेलवे, पश्चिम रेलवे, दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे, रेलवे बोर्ड तथा प्रतिनियुक्ति पर खान मंत्रालय एवं महा मेट्रो में पिछले 35 वर्षों में अनेक चुनौतीपूर्ण पदों पर उत्कृष्ट सेवाएँ दी हैं।

अपर मंडल रेल प्रबंधक/नागपुर, रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक, नागपुर मेट्रो में परिचालन एवं प्रबंधन के प्रभारी, मंडल रेल प्रबंधक/भोपाल तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है। अगस्त 2024 से आरडीएसओ के महानिदेशक के रूप में आप भारतीय रेल में आधुनिक तकनीक के समावेश के अग्रदूत रहे हैं और कवच, वंदे भारत ट्रेनें, हाइड्रोजन ट्रेन, 'एआई एवं ड्रोन आधारित तकनीक' डास (डी.ए.एस.)जैसे महत्वपूर्ण अभियानों का नेतृत्व कर रहे हैं। श्री उदय बोरवणकर एक अच्छे पाठक, प्रख्यात वक्ता हैं और उन्हें जैविक खेती, फोटोग्राफी तथा भारतीय संगीत में विशेष रुचि है। तकनीकी और प्रबंधकीय नेतृत्व के साथ ही आपने पर्यावरण संरक्षण, हरित ऊर्जा और गुणवत्ता प्रणाली प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# आर्यावर्त स्कूल में आयोजित हुई शतरंज प्रतियोगिता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव प्रयागराज। आर्यावर्त एकेडमी कोरांव में शनिवार को शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें विद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया ।

शतरंज प्रतियोगिता में बालक वर्ग से- किड्स ग्रुप में सूर्यांश केसरी (रेड हाउस) प्रथम स्थान, जूनियर ग्रुप में शौर्य पाण्डेय (रेड हाउस) और आयुष पाण्डेय (रेड हाउस) ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, सीनियर ग्रुप में ओम गुप्ता (रेड हाउस) और सुपर सीनियर ग्रुप में सिद्धार्थ पाण्डेय हेड बॉय (ग्रीन हाउस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं बालिका वर्ग में सीनियर ग्रुप में तन्वी पाण्डेय (रेड हाउस) और सुपर सीनियर ग्रुप में संयुक्त रूप से (प्रियांशी पाण्डेय) और शुभी कुशवाहा (यलो हाउस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रों को शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर नीरज पाण्डेय , धीरज पाण्डेय , अजय सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, हिमांशु पाण्डेय, मनोज सिंह, अंकित धर द्विवेदी, अमन सिंह,दिनेश सिंह, अलीशा, पुष्पा, जैस्मिन, शशि केशरी, आमरीन, अंकिता, आकांक्षा, साक्षी, ज्योति, बबिता, मुस्कान, शिवानी, प्रिया, औरअन्य स्टाफ व बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे।

# रेप केस में 25 हजार का इनामी बरसाती मुठभेड़ में घायल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। कर्जन पुल पर युवती से हुए दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहा 25,000 का इनामी अपराधी बरसाती उर्फ अनिल भारती आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शनिवार देर रात गंगानगर जोन के मलाक हरहर ब्रिज के पास पुलिस और आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें जवाबी फायरिंग में बरसाती के पैर में गोली लगी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल आरोपी को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वह पुलिस की निगरानी में है। पुलिस पूछताछ में बरसाती ने युवती से रेप की वारदात स्वीकार की है, और बताया कि इस घटना में उसका साथी टीटू भी शामिल था। पुलिस अब टीटू की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। कार्रवाई की पुष्टि में बताया गया कि मुठभेड़ फाफामऊ थाना क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर की गई थी। प्रयागराज पुलिस ने साफ किया है कि ऐसे जघन्य अपराधों में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# अगली पीढ़ी के अत्याधुनिक युद्धक विमान बनाएगा अडानी समूह

एजेंसी

कानपुर। अडानी समूह ने आपरेशन सिन्दूर में ड्रोन एवं अन्य रक्षा उपकरणों की गुणवत्ता साबित होने के बाद देश में पांचवीं पीढ़ी के अत्याधुनिक युद्धक विमान (एमका) के विकास के लिए भी दिलचस्पी जाहिर की है।

करीब आठ साल पहले रक्षा उत्पादन क्षेत्र में कदम रखने वाले अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने छोटे हथियारों और कारतूस बनाने में तो वैश्विक मानकों के अनुरूप दर्जा प्राप्त किया ही है, साथ ही ड्रोन, मानव रहित युद्धक विमान, ड्रोन रोधी प्रतिरक्षा कवच तैयार करने में साख बनाई है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष राजवंशी ने यहां पत्रकारों से बातचीत में बताया कि देश में अगली पीढ़ी के मध्यम श्रेणी के उन्नत युद्धक विमान बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने अभिरुचि पत्र आमंत्रित किये हैं जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिकल्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ ही अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भी अभिरुचि जाहिर की है। उन्होंने कहा, ''देखिए, सरकार किसको मौका देती है। उन्होंने कंपनी के उच्च कोटि के रक्षा उत्पादों की जानकारी देते हुए बताया कि आपरेशन सिन्दूर में उनके बनाए अनेक प्लेटफॉर्म्स का प्रदर्शन शानदार रहा है और इन हथियारों ने दुश्मन के महत्वपूर्ण ठिकानों और सैन्य संसाधनों को झूल धूसरित कर दिया। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने छह प्रकार के छोटे हथियारों के साथ ही उनके लिए कारतूसों तथा विविध प्रकार के ड्रोन एवं एंटी ड्रोन सिस्टम और मानव रहित विमान सिस्टम का निर्माण शुरू किया है। डिफेंस कॉरीडोर के अंतर्गत हथियारों का निर्माण ग्वालियर में, कारतूसों का उत्पादन कानपुर में तथा यूएवी, ड्रोन आदि का निर्माण हैदराबाद में हो रहा है। इनमें कामीकाजी ड्रोन भी शामिल हैं। श्री राजवंशी ने बताया कि कंपनी की कानपुर फैक्ट्री की कारतूस बनाने की क्षमता अगले कुछ महीनों में दोगुनी हो जाएगी। इसके अलावा जल्दी ही कारतूसों के प्राइमर और 155 मिलीमीटर की तोपों के गोले भी कानपुर में बनने लगेंगे और मिसाइलों में बारूद भरने का काम भी कानपुर स्थित एम्युनेशन काम्प्लेक्स में किया जाएगा। अभी प्राइमर को बाहर से मंगाना पड़ता है। श्री राजवंशी ने हाल ही में यूरोप, पश्चिम एशिया और आपरेशन सिन्दूर में सैन्य अभियानों में युद्धकला में आए बदलावों की चर्चा करने पर श्री राजवंशी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में जो भी युद्ध हुए उन सभी में पैदल सेना (इंफेंट्री) ने दूसरे देश की सीमाओं के पार जाकर युद्ध नहीं किया है।

# मूल्य-आधारित और समावेशी शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण : डॉ सौरभ मालवीय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बस्ती। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान आज देश के सबसे बड़े शैक्षणिक आंदोलनों में से एक है, जो गुणवत्तापूर्ण (गुणात्मक) और संस्कृति-युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्या भारती मूल्य-आधारित और समावेशी शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में रत है। विद्या भारती का मूल उद्देश्य भारतीय संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीयता आधारित शिक्षा प्रणाली का प्रचार प्रसार करना है। 1952 में गोरखपुर में एक विद्यालय से प्रारंभ कर यह संस्था आज 684 जिलों में 12,118 विद्यालयों का संचालन कर रही है। उपरोक्त बातें डॉ सौरभ मालवीय, क्षेत्रीय मंत्री पूर्व उत्तर प्रदेश क्षेत्र ने सरस्वती विद्या मन्दिर रामबाग बस्ती में विद्या भारती गोरक्ष प्रान्त के प्रचार विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं।

डॉ मालवीय ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय देश के अनेक दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित हैं, इनमें जनजातीय इलाके और सीमावर्ती जिले शामिल हैं। भारत की सीमाएँ पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, चीन और म्यांमार से लगती हैं, और इन 127 सीमावर्ती जिलों के 167 विकास खण्डों में विद्या भारती ने 211 विद्यालय स्थापित किए हैं। इसके अतिरिक्त, संस्था देशभर में 8,000 से अधिक अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र भी संचालित कर रही है, जो समाज के वंचित वर्ग को निःशुल्क शिक्षा सुविधा प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान में 35.33 लाख से अधिक छात्र- छात्राएं विद्या भारती के स्कूलों में अध्ययनरत हैं और उन्हें 1.53 लाख से अधिक शिक्षक शिक्षित कर रहे हैं। कार्यशाला के समापन सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने कहा कि यदि हम विद्या भारती जैसे संगठनों की बात करें तो प्रचार विभाग विद्यालयों में हो रहे सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक कार्यों को समाज के सामने लाता है। इससे समाज को प्रेरणा मिलती है और विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावक सभी को गर्व की अनुभूति होती है। इस अवसर पर प्रान्त की दोनों समितियों के मंत्री डॉ0 शैलेश कुमार सिंह व डॉ दुर्गा प्रसाद अस्थाना, प्रदेश निरीक्षक राम सिंह व जियालाल, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मन्दिर भानु प्रकाश मिश्र, प्रधानाचार्य बालिका विद्या मन्दिर प्रियंका सिंह सहित सभी संकुलों के प्रचार, सोशल मीडिया व संवाददाता प्रमुख उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म मंदिर ने किया भूमि पूजन कार्यक्रम

एजेंसी

नोएडा। उत्तर प्रदेश स्थित नोएडा शहर के नोएडा स्टेडियम रामलीला मैदान में रविवार को सनातन धर्म मंदिर की ओर से भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भूमि पूजन में जनपद के सांसद क्षेत्रीय विधायक सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक अथवा संगठन शामिल हुए। सनातन धर्म मंदिर द्वारा रामलीला मंचन का भव्य आयोजन होने जा रहा इस आयोजन से इसका चालीस वर्ष पूरे होने जा रहा है। रामलीला मैदान में रामलीला मंच तैयार हो रहा जिसे मंझे हुए कलाकारों द्वारा बनाने के साथ आकर्षित किया जाएगा। इसमें रावण,कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले लगाए जाएंगे इन पुतलों की लंबाई 80 फीट,70 फीट,60 फीट की जा रही,खास तौर पर पुतला दहन के वक्त उसके आस पास अग्निशमन विभाग के वाहन सुरक्षा के लिए मौजूद किए जाएंगे,दो अक्टूबर को होने वाले दशहरा के दिन रामलीला आयोजन में शहर के लाखों लोग दशहरा के दिन एकत्रित होते हैं जिसके सुरक्षा के लिए गौतमबुद्धनगर यातायात पुलिस रूट डाइवर्जन चार्ट बनाकर यातायात सुचारू करती है।

आयोजन समिति द्वारा रामलीला मंच सहित चिन्हित जगहों पर कई सीसीटीवी कैमरे के बूथ लगाकर निगरानी करती है। साथ ही पुलिस अधिकारी के निर्देश में रामलीला मैदान में बूथ बनाकर जनता की पूर्णत सुरक्षा के दृष्टिकोण से सिविल वर्दी में और पीएसी पुलिस तैनात रहते हैं गौतमबुद्धनगर में एक दर्जन से अधिक रामलीला कार्यक्रम के आयोजन होते हैं पर नोएडा स्टेडियम में होने वाली रामलीला प्रख्यात रामलीला मानी जाती है क्योंकि शहर के बीचों बीच यह मैदान शहर के निवासियों को इसके व्यवस्था मेला और मंचन के चलते खास आकर्षित करती है।

# खो-खो के विकास के लिए प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । उत्तर प्रदेश में खो खो के उत्कृष्ट खिलाड़ी मुकेश कुमार को उनकी विशिष्ट उपलब्धियां के लिए सम्मानित किया गया और पूरे प्रदेश से लखनऊ कानपुर प्रयागराज फतेहपुर उन्नाव प्रतापगढ़ सुल्तानपुर शाहजहांपुर देवरिया गोरखपुर वाराणसी बरेली मुरादाबाद बागपत अमरोहा हापुर सिद्धार्थ नगर मेरठ गाजियाबाद आगरा रायबरेली जौनपुर गाजीपुर बाराबंकी अलीगढ़ अयोध्या आजमगढ़ बस्ती झांसी जालौन सहारनपुर समेत 48 जनपदों ने खो-खो के विकास के दृष्टिगत बैठक की और उत्तर प्रदेश को जल्द से जल्द खो-खो फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्रदान करने की अपील की अध्यक्षता डॉ एके गुप्ता ने और संचालन लक्ष्मीकांत शुक्ला ने किया। उत्तर प्रदेश के चीफ कोऑर्डिनेटर राकेश सिंह बीएसए अलीगढ़ ने सभी जनपदों से आए हुए प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जनपद स्तर और प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों के साथ-साथ तकनीकी शिवरों को आयोजित करने और प्रतिभा करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में खो-खो के राज्य समन्वयक लक्ष्मण एवार्डी रविकांत मिश्रा, विपिन बिहारी राय, शिवानंद नायक, अशोक त्रिपाठी, नरेंद्र त्यागी, अजीत यादव, प्रकाश मिश्रा, रोहित कश्यप, भूपेंद्र सिंह, डा प्रवीण कुमार, धीरेंद्र वर्मा रविंद्र गुर्जर नृपेंद्र सिंह परिहार अवधेश सारस्वत सुषमा सिंह अवनीश कुमार सत्य प्रकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में खो खो प्रेमी मौजूद रहे केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सभागार में ध्वनि मत से खो-खो के विकास और उत्थान का आह्वान किया गया। 14 से 16 नवंबर को गाजीपुर में जूनियर स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन करने का निर्णय लिया गया जो पुरुष और महिला वर्ग में आयोजित की जाएगी।

# रेलवे ओवर ब्रिज पर 33 केवी अंडर ग्राउंड केबिल जेसीबी से कटा,करीब 10 घंटे बिजली गुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ।काकोरी में हरदोई रोड पर सड़क निर्माण में लगी जेसीबी से 33 हजार केवीए की अंडर ग्राउंड लाइन कट जाने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिससे काकोरी पावर हाउस बंद हो गया। नतीजन पावर हाउस के 6 फीडर से पोषित हजारों उपभोक्ता परेशान रहे। सुबह करीब 9 बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जो देर शाम तक बाधित रही ।

दुबग्गा से 33 हजार लाइन काकोरी पावर हाउस के लिए हरदोई रोड होते हुए अंडर ग्राउंड आई है। रविवार को सुबह निर्माणाधीन हरदोई रोड में काम में लगी जेसीबी से नौबस्ता रेलवे ओवर ब्रिज पर से गुजरी अंडर ग्राउंड 33 केवी लाइन कट गई। जिससे सुबह से ही करीब 9 बजे से काकोरी पावर हाउस की बिजली ठप हो गई। काकोरी पावर हाउस से 6 फीडर के माध्यम से कस्बा समेत कई गांवों के हज़ारों उपभोक्ता बिजली न आने से परेशान रहे ।बिजली न आने से लोगों को पेयजल का भी संकट हो गया। लाइन में आई फाल्ट को जांच में पकड़ कर मरम्मत की गई। लेकिन जब लाइन को चालू करने के लिए चेक किया गया तो ओवर ब्रिज के दूसरी तरफ लाइन कटी हुई थी। जिसकी मरम्मत कार्य शुरू हुआ। दो स्थान पर केबिल कट जाने से करीब 10 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। घंटों बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं के इनवर्टर भी डिस्चार्ज हो गए ।लोग गर्मी से बेहाल रहे। वही उपभोक्ता एसडीओ , जे ई के फोन मिलाते रहे। उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि अधिकारियों ने फोन उठाना ही बंद कर दिया।

# नाली निर्माण के दौरान हुए विवाद में महिला को पड़ोसियों ने पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा,लखनऊ। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को अकेली पाकर उसके पड़ोसियों ने पीट दिया बाद में जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पिटाई से महिला को गंभीर चोटें आई हैं जिसके बाद महिला द्वारा स्थानीय थाने पर शिकायत दर्ज कराई गई। भटगवां पांडे निवासी आरती पत्नी राजा मुन्ना मौर्या ने शनिवार को थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने दरवाजे पर थी जहां पर मनरेगा के तहत नाली का निर्माण हो रहा था। दोपहर करीब 12:00 बजे पड़ोस के रहने वाले रितेश मौर्या पुत्र सुखलाल मौर्य, सुनीता पत्नी रामकृष्ण मौर्य, रिंकी पत्नी मुकेश मौर्य, व मुस्कान पुत्री रामकृष्ण मौर्य ने इकट्ठा होकर उन्हें गंदी-गंदी गलियां देने के साथ लात घूंसों से मारा पीटा जिससे उन्हें अंदरूनी चोटें आई हैं। आरती ने बताया कि उनके पति कुवैत में हैं। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की तहरीर पर बंथरा पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# निगोहां में सुना गया प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां कस्बे के मंडल कार्यालय पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम समाज और राष्ट्र को दिशा देने वाला है, जिसमें आम जनता से जुड़ी योजनाओं, जन-भागीदारी और सकारात्मक सोच पर विशेष बल दिया जाता है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री की प्रेरणादायक बातों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना चाहिए ताकि समाज में जागरूकता और विकास की सोच को बढ़ावा मिल सके। वहीं विधायक अमरेश रावत ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अंत में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और भारत माता की जय व जय श्रीराम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री राम लाल वर्मा, क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत, मंडल महामंत्री प्रांशु चौरसिया, मंडल मंत्री बी.एन. तिवारी, मंडल कोषाध्यक्ष नागेश चन्द्र अवस्थी, सेक्टर संयोजक अरुण वर्मा, सेक्टर संयोजक शिवकुमार चौरसिया, वरिष्ठ कार्यकर्ता भवरेश्वर चौरसिया, संदीप सिंह एवं राजकुमार चौरसिया समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नागरिकों का आरोप, पार्षद व विधायक से शिकायत करने पर भी नहीं होती सफाई : ममता त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी ममता त्रिपाठी ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड के हरिओम नगर में साफ सफाई व नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। जिसमें ममता त्रिपाठी ने बताया कि हरिओम नगर मे बाल निकेतन स्कूल के आसपास लोग 30 साल से घर बनवाकर रह रहे हैं। नागरिक सुविधाओं से बिहीन यह पूरा इलाका भीषण गंदगी से कराह रहा है, लोगों ने बताया कि पार्षद व विधायक से भी शिकायत करने पर कोई सफाई नहीं होती है। खाली प्लाटों में जलकुंभी उग आई है। लगभग 30 साल पुरानी कॉलोनी होने के बावजूद अधिकतर गलियां कच्ची है बिजली के खंभे नहीं है रोड लाइट की कोई व्यवस्था नहीं है। ममता ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के नेताओं को जनसमर्थन का अहंकार हो गया है, यह नेता सफाई व्यवस्था में खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं। कॉलोनी में लगाने के लिए जो एलईडी लाइटें आती है उसे भी भ्रष्टाचारी नेता बेच लेते हैं। इस मौके पर उन्होंने 2027 में भाजपा विधायक को लखनऊ उत्तर की सत्ता से बेदखल करने की अपील की। समाजवादी ममता त्रिपाठी ने बड़ी संख्या में जुटे स्थानीय लोगों के साथ बेरी होटल मुर्गी फार्म से लेकर बाल निकेतन विद्यालय तक भ्रमण किया।

# जस्टिस नागरत्ना की असहमति पर सीजेआई गवई को अपना पक्ष रखना चाहिए : शाहनवाज़ आलम

**साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 210 वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कॉलेजियम की सदस्य जस्टिस नागरत्ना का सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति पर सवाल उठाना न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने वाला है। इसपर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की चुप्पी भी संदेहास्पद है। इससे जनता में न्यायपालिका की छवि सरकार के दबाव में काम करने वाली संस्था की बनी गयी है जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 210 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि हाईकोर्ट जजों की वरिष्ठता क्रम में 57 वें पायदान पर होने वाले पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली को आखिर किस उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया गया इसका जवाब मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को देना चाहिए। उन्हें सिर्फ़ इस बहाने से चुप रहने का अधिकार नहीं दिया जा सकता कि कॉलेजियम का फैसला गोपनीय होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नियक्तियों से कॉलेजियम के सरकार के दबाव में काम करने की धारणा मजबूत होती है जिससे लोगों का न्यायपालिका पर से भरोसा ख़त्म होता है।

उन्होंने कहा कि वहीं इससे ईमानदार और वरिष्ठता क्रम में ऊपर रहने वाले जजों में भी हताशा व्याप्त होती है। उन्हें लगता है कि जब सरकार के पक्ष में काम करने से ही प्रमोशन मिलना है तो मेरिट के आधार पर फैसले देना फायदेमंद नहीं होगा। इससे जजों में प्रमोशन पाने के लिए भ्रष्ट होने की प्रवृत्ति भी बढ़ेगी।

# चीन ने हमारी कितनी ज़मीन हड़पी है इसका जवाब दे भाजपा : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि तथाकथित आत्मनिर्भर, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का सच चिंताजनक है। चीन से आनेवाले सामानों पर भारत की निर्भरता जिस तरह बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारख़ानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरोज़गारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

श्री यादव ने कहा कि पहले चीन अपना माल भारत के बाज़ारों में भर देगा, ?इससे चीन पर निर्भरता इतनी बढ़ जाएगी कि उनकी हर ग़लत हरकत को नज़रअंदाज़ करने के लिए भाजपाई मजबूर हो जाएंगे। चीन हमारे उत्पादों और उद्योगों को धीरे-धीरे बंद करवाने के कगार तक ले जाएगा फिर मनमाने दाम पर हर चीज़ सप्लाई करेगा। ?उसके बाद महंगाई-बेरोज़गारी बढ़ाएगा। जब महंगाई-बेरोज़गारी ज़्यादा होगी तो सरकार के ख़िलाफ़ आक्रोश भी कई गुना बढ़ जाएगा। नतीजे में दूसरों के सहारे पर चल रही बिना बहुमत की भाजपा की सरकार और भी कमज़ोर होकर लड़खड़ा जाएगी। ख़ुद ही लड़खड़ाती भाजपा की सरकार चीन के अतिक्रमण को तब कैसे चुनौती दे पायेगी? हमारी भूमि पर जब चीन अपना क़ब्ज़ा और बढ़ता जाएगा तो फिर भाजपा दोहराएगी कि ल्लन कोई घुसा है और न कोई घुस आया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अगर ये बात 'ड्रोनवालों' को समझ नहीं आ रही है तो उत्तर प्रदेश में विराजमान 'बुलडोज़र' वाले प्रवासी जी ही ये सच्चाई समझकर जवाब दे दें कि चीन द्वारा हमारी कितनी ज़मीन हड़प ली गयी है, क्योंकि उनका मूल निवास स्थान भी तो चीनी क़ब्ज़े का शिकार हुआ है। अखिलेश ने कहा कि भाजपाई बस देश का क्षेत्रफल बता दें मतलब ये बता दें कि भाजपा सरकार के आने के समय देश की कुल भूमि जितनी थी, अब भी उतनी ही है या अब चीनी क़ब्ज़े के बाद घट गयी है। दिल्ली वाले न सही तो लखनऊ वाले 'पलायन स्पेशलिस्ट' ही बता दें कि हमारी कितनी भूमि का पलायन हो गया है? वैसे जनता ये बख़ूबी समझती है कि भूमि का पलायन थोड़े ना होता है, जो वो चलकर कहीं चली गयी होगी।

# पंचायत चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में एक करोड़ वोट कटवाने जा रही भाजपा : संजय सिंह

**कहा, भाजपा जनता के बीच अपना आधार खो चुकी है, इसलिए वोट चोरी के जरिए जीतना चाहती है चुनाव**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह ने बताया कि 'गली-गली में शोर है, मोदी वोट चोर है' का नारा अब उत्तर प्रदेश में भी गूंजेगा। चर्चा है कि यूपी में पंचायत चुनाव से पहले भाजपा लगभग एक करोड़ वोट कटवाने जा रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव से पहले एसआईआर के जरिए एक बड़ा चुनावी घोटाला करने की तैयारी शुरू हो गई है। भाजपा जनता के बीच अपना आधार खो चुकी है। इसलिए अब वोट चोरी के जरिए चुनाव जीतना चाहती है। संजय सिंह ने यूपी की जनता से अपील की कि अपने लोकतंत्र और वोट के अधिकार को बचाने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ने को तैयार हो जाएं।

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पंचायत चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने को लेकर रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव से पहले एसआईआर के जरिए एक बड़ा चुनावी घोटाला करने की तैयारी शुरू हो गई है। यह वही एसआईआर है, जिस पर पूरा बिहार आंदोलित है और जिसके जरिए महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा ने चुनाव जीता और दिल्ली में तो सारी हदें पार कर दीं। संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की विधानसभा (नई दिल्ली) में चुनाव शुरू होने से पहले 42,000 वोट काट दिए गए। दिल्ली की 14 विधानसभाओं में भाजपा के चंद कार्यकर्ताओं ने हजारों वोट कटवा दिए। केंद्रीय मंत्रियों के घरों में फर्जी वोट बनवाए गए। वोट और वोटर सूची में धोखा देकर वोट चोरी करके चुनाव जीतने का यह खेल अब उत्तर प्रदेश में शुरू होने वाला है। इस बात की चर्चा है कि पंचायत चुनाव से पहले पूरे उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ वोट काटे जाएंगे। कल्पना कीजिए, यह कितना बड़ा घोटाला करने की तैयारी है।

संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर लोग अपने राज्य के लोकतंत्र, चुनाव और अपनी पंचायतों को बचाना चाहते हैं तो बाहर निकलकर अपनी आवाज बुलंद कीजिए। केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ न्यायालय तक अपनी आवाज पहुंचाइए। सड़क से लेकर संसद और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने को तैयार हो जाइए, क्योंकि यह एसआईआर उनके वोट के अधिकार को खत्म कर देगा।

# आर सी सी को पाट कर लगाई जा रही मानक विहीन इंटरलाकिंग,जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन (सीतापुर) । मानक विहीन बनवाये जा रहे इंटरलंकिंग मार्ग की शिकायत ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से करते हुये कार्य की गुणवत्ता की जांच कराये जाने की मांग की है ।

विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में सुरेश के घर से कमलेश के हाता तक क्षेत्र पंचायत निधि से इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण 9 लाख 97 हजार 500 रूपये की लागत से कराया जाना प्रस्तावित हुआ था ठेकेदारों द्वारा मार्ग निर्माण का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया था ठेकेदारों द्वारा पूर्व से बने सीसी मार्ग को तोड़ा नही गया मार्ग को ऊंचा बनाने के लिए सीसी मार्ग पर मिट्टी पटान कराकर दोनो तरफ एजिंग बनवा दी एजिंग निर्माण में दोयम दर्जे का ईंटा तथा सीमेंट मौरंग की जगह सिर्फ बालू लगवाई गई है।

नियमतः पूर्व से बने सीसी मार्ग को पहले तोड़ा जाना चाहिये उसके बाद उस पर मिट्टी पटान कराकर उसे समतल बनाकर उसके ऊपर बजरी डाल कर उसकी लेबलिंग करके उस पर इंटरलाकिंग निर्माण होना चाहिये, मानक विपरीत निर्माण के चलते निर्माण से पहले ही एजिंग उखड़ कर गिरने लगी है करीब दस लाख की लागत से बनवाये जा रहे इंटरलॉकिंग मार्ग की शिकायत ग्रामीण शुभम,रमेश,विनोद,रामू आदि ने विभागीय अधिकारियों से करते हुये मानक विहीन बन रहे मार्ग की गुणवत्ता की जांच कराकर दोषी पाये जाने पर कार्यवाई किये जाने की मांग की है अवरअभियंता सुभाष वर्मा ने बताया शिकायत मिली है मामले की जांच करवाकर कार्यवाई की जाएगी । खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया क्षेत्र पंचायत से कराये जाने वाले कार्यों की शिकायतें मिल रहीं है जांच करायी जायेगी।

# नोडल अधिकारी ने किया निर्माणाधीन थाने आवासीय परिसर का निरीक्षण, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शारदानगर में बन रहे नए थाना भवन और आवासीय परिसर की तैयारियों का रविवार को नोडल अधिकारी एवं गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की बारीकी से पड़ताल की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि काम में तेजी लाते हुए इसे निर्धारित समयसीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। गन्ना आयुक्त ने निर्माणाधीन भवन का चप्पा-चप्पा देखा और प्रगति का आकलन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। नक्शे पर परियोजना की डिजाइन और स्वरूप समझते हुए उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक चरण की जानकारी ली। कहा कि जो भी कार्य हो, वह तकनीकी मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान गन्ना आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि तय समय सीमा में सभी भवन और आवासीय परिसर का निर्माण पूरा किया जाए। साथ ही सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को भी कहा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि निर्माण कार्य तय गति से आगे बढ़ रहा है और लक्ष्य समय पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित थर्ड पार्टी निरीक्षण किया जा है परंतु एक किस्त प्राप्त नहीं हुई है, इसपर उन्होंने अपर मुख्य सचिव को संबोधित किस्त रिलीज किए जाने हेतु अशासकीय पत्र भिजवाए जाने हेतु पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

# खाद माफिया को संरक्षण, कालाबाजारी के आरोपी सचिवों की फिर हुई तैनाती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिले में खाद के लिए जहां साधन सहकारी समितियों पर रोजाना मारामारी मची रहती है और किसान बोरी-बोरी खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं, वहीं विभागीय खेल ने भ्रष्टाचार की पोल खोलकर रख दी है। सूत्रों के मुताबिक सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने मध्यकाल में ही करीब एक दर्जन सचिवों के स्थानांतरण कर डाले।

इस सूची में कई ऐसे सचिवों को फिर से वही तैनाती दे दी गई, जिन पर खाद की कालाबाजारी और नकली खाद बेचने के गंभीर आरोप पहले से साबित हो चुके हैं। सबसे चौंकाने वाला मामला मैलानी समिति का है, जहां खाद की कालाबाजारी करते हुए पकड़े गए और 3/7 का मुकदमा झेल रहे सचिव पवनेश वर्मा को दोबारा तैनाती दे दी गई है। पवनेश वर्मा का खाद बेचते हुए वीडियो वायरल हुआ था और इसके चलते उन्हें निलंबित भी किया गया था। इसी तरह दूसरा बड़ा मामला फूलबेहड़ समिति से जुड़ा है। यहां के सचिव इंद्रेश पर आरोप है कि उन्होंने दो ट्रक नकली खाद किसानों को बेच डाले थे। जांच के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था, लेकिन अब सूत्रों के अनुसार मोटी रकम लेकर उनकी पोस्टिंग फिर से फूलबेहड़ समिति पर कर दी गई है। विश्वसनीय सूत्रों का दावा है कि इस ट्रांसफर-पोस्टिंग की पूरी प्रक्रिया में जमकर वसूली हुई है। किसानों का कहना है कि जब जिले में खाद की किल्लत चरम पर है, तब कालाबाजारी करने वाले सचिवों को दोबारा जिम्मेदारी देना साफ संकेत है कि विभाग और खाद माफिया की मिलीभगत जारी है। किसानों का आरोप है कि यह खेल किसी एक-दो अफसरों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे बड़े नेताओं का संरक्षण भी है। कहा जा रहा है कि एक सत्ताधारी दल के माननीय का नाम भी इस पूरे खेल में सामने आ रहा है। किसानों में भारी आक्रोश है और अब उनकी मांग है कि ऐसे भ्रष्ट सचिवों की तैनाती तत्काल निरस्त की जाए और इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, ताकि खाद माफियाओं पर लगाम लग सके।

# किसानों को मिली आधुनिक कृषि उपकरणों की सौगात, नोडल अधिकारी ने किया वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। सरजू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड बेलराया के सभागार में रविवार को आयोजित कार्यक्रम किसानों के लिए खास रहा। न केवल उन्हें आधुनिक कृषि उपकरणों की सौगात मिली, बल्कि गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ किसानों को कृषि उपकरण वितरित किए। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और लागत घटेगी। किसान विश्वम्भर, कुलदीप कौर, रतन सिंह, अमर्त्य, रामनरेश, रवेश व अशोक कुमार को नैपसेक स्प्रे मशीनें दी गईं। वहीं जसवंत सिंह, सतनाम सिंह, प्रसन्नजीत सिंह और राधेश्याम को सोलर फेंसिंग प्रदान की गई। इसके अलावा निर्मल कौर, अनिल सिंह और संतोष सिंह को ट्रेंच ओपनर सौंपा गया। गन्ना आयुक्त ने किया चीनी मिल पदाधिकारियों व किसानों से संवाद सुझावों पर अमल व समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने चीनी मिल पदाधिकारियों और किसानों के साथ सीधा संवाद किया। गन्ना आयुक्त ने कहा कि किसानों के बिना चीनी उद्योग अधूरा है। उन्होंने सभागार में मौजूद गन्ना किसानों का फीडबैक और सुझाव ध्यानपूर्वक सुना। प्राप्त सुझावों पर अमल करने और किसानों की समस्याओं के सक्षम स्तर से समाधान कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान उप गन्ना आयुक्त ने भी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सारगर्भित उत्तर दिए। किसानों ने चीनी मिल संचालन, गन्ना आपूर्ति और तकनीकी सुविधाओं से जुड़े कई बिंदु सामने रखे, जिन पर अधिकारियों ने स्पष्ट जवाब दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व प्रशिक्षु आईएएस मनीषा, उप गन्ना आयुक्त डॉ. आरडी द्विवेदी, एसडीएम राजीव निगम, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में चीनी मिल के पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

## दीवाल के मलबे में दबकर बालिका की मौत

अमेठी । थाना मुंशीगंज क्षेत्र के गांव उसरापुर मजरे हरदोइया में एक घर की कच्ची दीवाल गिरने से उसके मलबे में दबकर तेरह वर्षीय बालिका की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव उसरापुर मजरे हरदोइया निवासी मनोज कुमार के कच्चे मकान की दीवाल रविवार की सुबह करीब पांच बजे अचानक भरभराकर गिर गई। वहीं पर सो रही मनोज की तेरह वर्षीय पुत्री दीपिका दीवाल के मलबे के नीचे दब गई। ग्रामीणों ने दीपिका को दीवाल के नीचे से निकाला और इलाज के लिये जिला अस्पताल ले गये जहां पर चिकित्सकों ने उपचार के दौरान दीपिका को मृत घोषित कर दिया है।घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर अपनी आख्या आला अधिकारियों को भेज दिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ के बैठक में बनाई गई रणनीति

### वरिष्ठ शिक्षक नेता रमेश मणि त्रिपाठी को सर्वसम्मति से चुना गया संघ का जिला संरक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ गोरखपुर उत्तर प्रदेश की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शुक्ल के अध्यक्षता में रविवार को पंत पार्क में सम्पन्न हुआ जिसमें सभी ब्लाक अध्यक्ष व मंत्रीगण उपस्थित रहे । बैठक में बाकी बचे ब्लाकों में कार्यकारिणी गठन के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया तथा जिलाध्यक्ष द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर हेतु विस्तृत जानकारी देते हुए इसे सभी समायोजित शिक्षकों से संघ में जुड़ने का आह्वान किया गया जिनका विज्ञापन 28 मार्च 2005 के पूर्व जारी हुआ था तथा उसके आधार पर शिक्षामित्र बनाये गए है । आज की बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ शिक्षक नेता रमेश मणि त्रिपाठी को जिला संरक्षक व जिलाकार्यकारी में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसपी शर्मा कौड़ीराम ,जिला उपाध्यक्ष हरिराम शुक्ला उरुवा को मनोनीत किया गया तथा यह उम्मीद किया गया कि संघ अपने उद्देश्यों में दिन प्रतिदिन सफल हो रहा है ।

## आज मनाया जाएगा हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम

सुलतानपुर। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर *हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमान* कार्यक्रम के अंतर्गत एक सितंबर को विद्यार्थियों और शिक्षकों का साझा संकल्प *पंच प्रण* प्रार्थना सभा में आयोजित कराने की अपील जिला अध्यक्ष अशोक सिंह ने की। जिला अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षक एवं विद्यार्थी एक साथ पंच प्रण का संकल्प ग्रहण करेंगे। अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित एवं प्रेरणास्पद बनाएंगे, विद्यालय की संपदा, संसाधन एवं समय का विवेकपूर्ण एवं राष्ट्रहित में उपयोग। भेदभाव रहित वातावरण का निर्माण, जहां सभी को समान अवसर एवं सम्मान मिले। शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन का साधन नहीं, बल्कि चरित्र-निर्माण, आत्मविकास एवं समाज-सेवा का माध्यम बनाना। विद्यालय को संस्कार, सेवा एवं समर्पण का केंद्र बनाकर उसके गौरव को बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहना। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में विद्यालय के प्रति अपनापन, जिम्मेदारी एवं राष्ट्रनिर्माण की भावना को विकसित करना है।

## सेवानिवृत्त उपाधीक्षक गोपनीय तेजबहादुर सिंह का पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मान

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में आज दिनांक 31.08.2025 को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिस उपाधीक्षक गोपनीय श्री तेजबहादुर सिंह को विदाई दी गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुष्प माला पहनाकर उनके द्वारा पुलिस विभाग में रहकर किये गये योगदान के प्रति सम्मानित किया एवम् स्मृति चिह्न व उपहार स्वरूप भेंट प्रस्तुत कर खुशहाल और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक ने अपने अनुभव साझा किये। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर श्री विशाल गुप्ता, क्षेत्राधिकारी महोली दीपक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवबालक वर्मा एवम् परिवार के सदस्य आदि मौजूद रहे।

## नैमिषारण्य पुलिस ने 02 शातिर ऑटोलिफ्टर दबोचे, चोरी की 02 मोटरसाइकिलें बरामद

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक सीतापुर, महोदय श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी/छिनैती जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। ढ दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मिश्रित आलोक प्रसाद के नेतृत्व में थाना नैमिषारण्य पुलिस टीम द्वारा शातिर ऑटोलिफ्टर 1.आशाराम पुत्र जगदेव प्रसाद निवासी ग्राम सुग्रीवटीला थाना नैमिषारण्य जनपद सीतापुर 2. मथुरा यादव पुत्र बनवारी लाल निवासी मुंशीपुरवा मजरा सिकरन्दराबाद थाना रामपुर कलां जनपद सीतापुर को भैरमपुर रोड से सुग्रीव टीला जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त से मौके/निशानदेही से कुल 02 अदद चोरी की मोटरसाईकिलें एक अदद नम्बर प्लेट, एक अदद परमानेंट मार्कर व चाबियों के गुच्छे बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि हम लोग मोटरसाईकिल के नम्बरों की हेराफ़ेरी करते हैं हम लोगों ने दो ऽ तीन दिन पहले कस्बा फतेहपुर जनपद बाराबंकी व तथा ललिता देवी मन्दिर से मोटरसाईकिल चोरी की थी । चोरी हुई मोटरसाइकिल के संबंध में थाना नैमिषारण्य पर मु0अ0स0 131/2025 धारा 303(2) बीएनएस तथा जनपद बाराबंकी में मुकदमा अपराध संख्या 599/2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2)/338/336(3) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्तगण का चालान माननीय न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## खेलकूद सामग्री खरीद में बड़े पैमाने पर हुई धांधली

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । शासन द्वारा परिषदीय विद्यालयों में नामांकित बच्चों के लिये खेलकूद सामग्री की धनराशि जारी की गई है। जनपद के अधिकांश विकास क्षेत्रों के विद्यालयों में कागजी घोड़ा दौड़ाकर धनराशि खेवनहारों द्वारा ठिकाने लगाने का मामला सामने आया है जिसमें सामग्री की गुणवत्ता को नजरअंदाज कर बड़े पैमाने पर अनियमितताएं व धांधली की गई है जिससे ब्लाक से लेकर जनपद तक के आला अधिकारी भलीभांति वाकिफ हैं लेकिन फिर भी किसी ने स्थलीय निरीक्षण और भौतिक सत्यापन करना मुनासिब नही समझा है।प्रदेश सरकार ने प्राथमिक विद्यालयों में खेलकूद सामग्री क्रय के लिये पांच हजार रुपये व उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के लिये दस दस हजार रुपये प्रबंध समिति के खाते में भेजा गया था। इस धनराशि से खेलकूद सामग्री खरीदने का निर्देश जारी किया गया है लेकिन जनपद के विकास क्षेत्र तिलोई,सिंहपुर, बहादुरपुर, शुकुल बाजार, जगदीशपुर के साथ ही अन्य कई विकास क्षेत्रों के विद्यालयों में खेवनहारों द्वारा कागजी घोड़ा दौड़ाकर धनराशि को ठिकाने लगा दिया गया है और खेलकूद सामग्री आज तक विद्यालय नही पहुंच सकी है और जिन विद्यालयों में खेलकूद सामग्री खरीदी भी गई है उसकी गुणवत्ता बेहद घटिया किस्म की बताई जा रही है।सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि दर्जनों विद्यालयों में खेलकूद सामग्री बक्सा में रखी हुई है जिसका उपयोग नौनिहाल कर ही नही पा रहे हैं और कई विद्यालयों के प्रबंध समिति अध्यक्ष इस वर्ष क्रय की गई खेलकूद सामग्री से अनभिज्ञ है उन्हें यह तक नही पता कि किस फर्म से और कब सामग्री खरीदी गई है। अब देखना यह है कि खेलकूद सामग्री के नाम पर धनराशि के बंदरबांट तक बेसिक शिक्षा विभाग कब पहुंचता है यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को खेलकूद सामग्री के भौतिक सत्यापन की जांच पड़ताल किये जाने का निर्देश दिया गया है और जांचोपरांत कार्यवाही की जायेगी।

# रोटरी क्लब ट्रांसगोमती ने गौशाला को प्रदान की चारा मशीन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। श्री राधाष्टमी के मौके पर रोटरी क्लब ट्रांसगोमती ने शहर से सटे सौरमऊ स्थित कान्हा गौशाला में ऑटोमैटिक चारा मशीन भेंट की। साथ ही गायों को चारा और गुड़ खिलाया। आलोक अग्रवाल की ओर से ऑटोमैटिक चारा मशीन का सहयोग किया गया। सीए संतोष सिंह, मनोज अग्रवाल और क्लब के पूर्व अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने हरे चारे व भूसे का प्रबंध किया। क्लब के सदस्यों ने गौ माता को गुड़ , चना, हरा चारा आदि खिला कर गौ सेवा का पुण्य लाभ प्राप्त किया। बृजरानी देवी सेवा संस्थान की ओर से संचालित इस गौशाला के सदस्य अंकित, माधव और धनंजय आदि को गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सीनियर रोटेरियन एसबी सिंह, सीए सुनील शर्मा, जीपी सिंह, राजीव त्रिपाठी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त HCP तेज पाल सिंह का पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मान व विदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में आज दिनांक 31.08.2025 को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए श्री तेज पाल सिंह को विदाई दी गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुष्प माला पहनाकर उनके द्वारा पुलिस विभाग में रहकर किये गये योगदान के प्रति सम्मानित किया एवम् स्मृति चिह्न व उपहार स्वरूप भेंट प्रस्तुत कर खुशहाल और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी।

## शोभायात्रा निकालकर गंगा किनारे बनाए गए कुंड में प्रतिमा का विसर्जन किया

**अनूपशहर।** नगर व क्षेत्र में एक सप्ताह तक चलने वाले गणेश महोत्सव में श्री गणेश पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ भगवान गणेश प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकालकर गंगा किनारे बनाए गए कुंड में प्रतिमा का विसर्जन किया। रविवार को नगर में आस पास के गांव अलीगढ़, जहांगीराबाद, छतारी, खुर्जा, जेवर, गौतम बुद्ध नगर आदि दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने श्री गणेश जी की प्रतिमा को गाजे, बाजे के साथ शोभायात्रा निकालकर प्रशासन द्वारा गंगा किनारे बनाए गए कुंड में विसर्जन किया। महिलाएं व युवतियां धार्मिक भजनों पर नृत्य कर रही थी। शोभायात्रा में रंग, गुलाल, अबीर उड़ाते हुए खुशी खुशी भगवान गणेश जी को अगले वर्ष आने निमंत्रण देते हुए विदा किया। नेशनल ग्रीन ट्रिवुनल के निर्देश पर प्रशासन द्वारा गणेश प्रतिमाओं को गंगा में विसर्जित करने से रोकने के लिए प्रशासन द्वारा सोहम बाबा आश्रम के निकट विसर्जन कुंड बनाया गया है। और कोई भी मंडप गंगा जी में प्रतिमाओं का विसर्जन न कर सके, इस बात का ध्यान रखते हुए फुब्बारा चौक पर बड़ी मात्रा में पुलिस बल तैनात किया है। प्रत्येक मंडप के श्रद्धालुओं को विसर्जन कुंड में विसर्जित करने के लिए कहा जाता है।

## कीचड़ श्रद्धालुओं की परेशानी का कारण बन रही

**अनूपशहर।** गंगा बाढ़ में बहकर आई कीचड़ श्रद्धालुओं की परेशानी का कारण बन रही है। गंगा घाट पर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को कीचड़ में होकर जाना पड़ता है। पिछले एक माह से गंगा में बाढ़ लगातार उतार चढ़ाव कर रही है। जिससे नगर के मुहल्ला गंगाद्वार में ट्रांसफार्मर तक मुख्य सड़क पर कीचड़ एकत्र हो गया है। इसी प्रकार जाहन्वी प्लेटफार्म पर शनि देव मंदिर तक भारी मात्रा में कीचड़ जमा हो गया है। गंगा का जलस्तर घट जाने के बाद भी मौके पर कीचड़ जमा रह जाता है। कीचड़ होने के कारण श्रद्धालुओं को मंदिरों में पूजा अर्चना एवं गंगा स्नान के लिए कीचड़ में होकर जाना पड़ रहा है। जिससे श्रद्धालुओं के पैर व कपड़े गंदे हो जाते हैं। श्रद्धालुओं ने नगर पालिका परिषद से कीचड़ हटाए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में पालिका अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी का कहना है, कि गंगाजल स्तर बार-बार उतार चढ़ाव कर रहा है। इसी के चलते गंगा तट पर सफाई नहीं कराई गई है। जल उतर जाने के बाद पालिका द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाकर पूरी तरह सफाई करा दी जाएगी।

## धूमधाम से मनाई राधाष्टमी

**चंदौसी संभल।** राधारानी के प्रकटोत्सव राधाष्टमी पर नगर के मंदिरों में पूजा अर्चना कर भंडारे कर धूमधाम से मनाया। पट्टी बाजार स्थित प्राचीन वद्रीनारायण मंदिर में हरीश चंद्र जावा की प्रेरणा से उनके पुत्र अनुभ जावा नमन जावा ने कलाकारों को वुला कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। राधारानी के भक्तों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया । मंदिर पर अनुभ जावा ने भंडारा किया नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भंडारे के आयोजन में शामिल हुए।

## नीलकंठ महादेव बनाम जामा मस्जिद विवाद की सुनवाई टली

**बदायूं।** नीलकंठ महादेव बनाम जामा मस्जिद विवाद मामले में शनिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। वकीलों की अनुपस्थिति के चलते कोर्ट ने सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 अक्तूबर को होगी। उस दिन मुस्लिम पक्ष अपनी बात अदालत के समक्ष रखेगा। यह मुकदमा वर्ष 2022 से लंबित है। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल सहित कई अन्य हिंदूवादी नेता इस मामले में वादी हैं। हिंदू पक्ष का दावा है कि जामा मस्जिद की जगह पहले नीलकंठ महादेव मंदिर था, बाद में आक्रांताओं ने उसे बदलकर मस्जिद का रूप दे दिया। उनका कहना है कि मंदिर का शिवलिंग अब भी शहर के दरीबा स्थित मंदिर में मौजूद है। इस बीच, पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट भी अदालत में प्रस्तुत हो चुकी है। मुस्लिम पक्ष की ओर से दलील दी जा रही है कि वहां सदैव मस्जिद ही रही है, मंदिर के अस्तित्व का कोई प्रमाण नहीं है और यह मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है। इसी मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच बहस जारी है।

## इंद्रेश कुमार का ससम्मान आगमन

**संभल।** दिनेश कौशल के आवास पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं सम्मानित सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी आरएसएस इंद्रेश कुमार का ससम्मान आगमन हुआ। उनके आगमन पर नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने हार्दिक स्वागत किया। आगमन पर इंद्रेश कुमार का तिलक लगाकर ब अंगवस्त्र पहना कर अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात उन्होंने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद स्थापित किया। इंद्रेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को बताया कि भारत की शक्ति उसके संस्कार, संस्कृति और संगठन में निहित है। हमें सेवा, समर्पण और संगठन के मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है! साथ ही दिनेश कौशल ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इंद्रेश कुमार जी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणा देता है और समाज के लिए उनकी दी गई सीख हमें निरंतर आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करती है। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिव्यप्रकाश जी , विनोद चौहान जी , तुषार जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय कुमार वर्षणय जी , भगत सिंह जी , योगेश जी , राजीव माहेश्वरी जी , सोनू वर्मा , अंकित वर्मा , शिव कौशल , राहुल वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे!

## सदर विधायक व जिलाध्यक्ष ने मंगल दलों को किया खेल किट का वितरण

बदायूँ । युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल बदायूं द्वारा ग्राम पंचायतों में गठित युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री के रूप में खेल किट का वितरण मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता तथा प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे द्वारा विकास भवन बदायूं के सभागार में किया गया। सदर विधायक द्वारा सभी मंगल दलों को अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में खेल सामग्री से सभी बच्चों को खिलवाने तथा स्वस्थ रखने की आशा व्यक्त की तथा सरकार की नीतियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करने में सहयोग देने की भी आशा व्यक्त की। भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री जी द्वारा खेल दिवस के अवसर पर आगामी सांसद खेल प्रतियोगिताओ हेतु पोर्टल के उद्घाटन पर समस्त मंगल दलों को अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराकर 10 विधाओं जैसे कब्बड्डी,बॉलीबॉल,खो खो आदि में हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकार हरि प्रेम, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रंजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी व मंगल दल सदस्य मौजूद रहे।

## 25 सितम्बर तक पंजीकृत किसान करें

**बदायूँ।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के अन्तर्गत संचालित राज्य सहायतित निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण, प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यकम के अन्तर्गत राई व सरसों बीज मिनीकिट निःशुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 01 से 25 सितम्बर 2025 तक दर्शन-2 पर किया जायेगा, जो पूरी तरह से पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्राप्त हो सकेगा।

# मनरेगा कार्यों में अनियमित्ता पर पांच के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ । प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/उपायुक्त मनरेगा अखिलेश कुमार चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत अलापुर भोला भज्जू, विकास खण्ड म्याऊँ में 02 कार्यों पर पुनः भुगतान कराये जाने की शिकायत जिलाधिकारी को प्राप्त होने पर मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ के निर्देशानुसार उपायुक्त मनरेगा द्वारा गत शनिवार को विकास खण्ड म्याऊं की ग्राम पंचायत अलापुर भोला भज्जू का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मनीष वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड म्याऊँ, मो0 आरिफ, सहायक अभियन्ता, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, बदायूँ, श्री मुनेन्द्र पाल सिंह तकनीकी सहायक, ग्राम प्रधान पुत्र श्री अमित कुमार व अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

ग्राम पंचायत अलापुर भोला भज्जू में कराये गये अलापुर मुख्य मे नवादा रोड से कटिया रोड तक पटरी पर मि0 कार्य का निरीक्षणः- कार्य की प्रशासनिक / वित्तीय स्वीकृति 112695/-रू0 दिनांक 30.03.2025, कार्य की तकनीकी स्वीकृति 112695/-रू0 दिनांक 29.03.2025, कार्य की लागत 377875/-रू0, कार्य की लम्बाई 02 कि0मी0 है व भुगतान की गई धनराशि 105336/-रू0 है। उक्त कार्य पर दिनांक 19.07.2025 से 01.08.2025 तक मस्टररोल संख्या 2408 से अख्या 2411 तक 04 मस्टररोल जारी कर 418 मानव दिवस सृजित कर भुगतान किया गया है। मौके पर दोनों तरफ की पटरियों पर झाड़ी / घास कटान कर मिटटी डाली गई है तथा कार्य वर्तमान में पूर्ण है परन्तु दोनों साईड से पटरियों का कार्य पूर्ण हो जाने के उपरान्त टी0ए0 द्वारा केवल एक साईड की एम0बी0 की गई है तथा पुनः दिनांक 21.08.2025 को 76 श्रमिकों का मस्टररोल जारी कर दिनांक 21-08-2025 से दिनांक 23-08-2025 को प्रतिदिन 76 श्रमिकों की उपस्थिति महिला मेट श्रीमती सुरभि देवी द्वारा दर्ज की गयी है। मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया कि 03 दिनों में श्रमिकों द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया है। स्थल पर 03 दिवसों (दिनांक 21.08.2025, 22.08.2025 एवं 23.08.2025) को कार्य कराये जाने के कोई प्रमाण नहीं पाये गये।

दिनांक 23.08.2025 को कोई श्रमिक कार्य करता नहीं पाया गया। इस प्रकार दिनांक 21.08.2025 से दिनांक 23.08.2025 तक 228 मानव दिवसों की धनराशि रू-57456/- के अनियमित भुगतान का प्रयास किया गया। इस कूटरचित साजिश के तहत रू0-57456/- की अनियमित उपस्थिति अंकित किये जाने हेतु सम्बन्धित महिला मेट की तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्ति के निर्देश दिये गये तथा सम्बन्धित ग्राम प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक को चेतावनी जारी करने के निर्देश अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिये गये।

ग्राम पंचायत अलापुर भोला भज्जू में अलापुर मुख्य मार्ग से ककराला संपर्क मार्ग तक पटरी पर मिट्टी कार्य :-इस कार्य की प्रशासनिक / वित्तीय स्वीकृति 112694/-रू0 दिनांक 30.03.2025, तकनीकी स्वीकृति 112694/- रू0 दिनांक 29.03.2025, कार्य की लागत रू0 774373/-रू0, कार्य की लम्बाई 04.500 कि0मी0, भुगतान की गई धनराशि 110124/-रू0 है। उक्त कार्य पर दिनांक 19.07.2025 से 01.08.2025 तक मस्टर रोल संख्या 2415 से 2418 तक 04 मस्टर रोल जारी किए गए हैं और 437 मानव दिवस सृजित कर भुगतान किया जा चुका है। उक्त कार्य पर दिनांक 19.07.2025 से दिनांक 01.08.2025 तक 04 मस्टर रोल संख्या 2415, 2416, 2417, 2418 जारी किये गये, जिसके सापेक्ष 38 श्रमिकों के 437 मानव दिवस सृजित किये गये तथा रू. 110124/-रू0 का भुगतान किया गया। जांच में पाया गया कि इस मार्ग पर पटरियों पर कोई कार्य नहीं किया गया है, जिसके लिए फर्जी एन.एम.एम.एस. के लिए सम्बन्धित महिला मेट की सेवायें तत्कालप्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिये गये तथा मनरेगा शासनादेश संख्या 1001 दिनांक 21 सितम्बर 2008 के प्रस्तर 2:5:9 (1) अ में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति से 33.33-33.33 समान प्रतिशत के अनुपात में 110124/- रू0 (एक लाख दस हजार एक सौ चौबीस) की वसूली की जाए तथा खण्ड विकास अधिकारी, म्याऊँ को इस धनराशि को मनरेगा राज्य खाते में जमा कराकर तीन दिन के भीतर मनरेगा प्रकोष्ठ, बदायूं को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट हुआ है कि श्रीमती सुरभि देवी, मेट, श्रीमती अनीता देवी, ग्राम प्रधान व श्रीमती नौशी परवीन, सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा उक्त धनराशि अंकन रू0 110124/- (एक लाख दस हजार एक सौ चौबीस) के अनियमित भुगतान के मांग पत्र पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किये गये हैं। इस कार्य पर श्रमिकों को अंकन रू0 110124/- (एक लाख दस हजार एक सौ चौबीस) के भुगतान हेतु श्री मुनेन्द्रपाल, तकनीकी सहायक के द्वारा एम0बी0 की गयी है तथा श्री विनोद कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) के द्वारा मौके पर जाकर कार्य का भौतिक सत्यापन करते हुए कार्य सन्तोषजनक पाये जाने के उपरान्त एम0आई0एस0 फीडिंग कराने की संस्तुति की गई है। इस प्रकार स्पष्ट है कि श्रीमती सुरभि देवी, मेट, श्रीमती अनीता देवी, ग्राम प्रधान, श्रीमती नौशी परवीन, सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी, श्री मुनेन्द्रपाल, तकनीकी सहायक एवं श्री विनोद कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) अंकन रू0 110124/- (एक लाख दस हजार एक सौ चौबीस) के अनियमित भुगतान के दोषी हैं। उक्त कार्रवाई के अतिरिक्त निम्न कार्रवाई का जिलाधिकारी बदायूँ द्वारा अनुमोदन दिया गया।

# पांच दिवसीय गणेश उत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सत्य प्रेमी नगर में वरिष्ठ कवियत्री के आवास पर भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना कर पांच दिवसीय गणेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिदिन क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित होकर हर वर्ग जाति के लोग एक साथ गणपति बप्पा की पूजा अर्चना करके समाज व देश मंगल कामना की।

आज पांचवें दिन समापन कार्यक्रम की शुरुआत गायिका तान्या भारद्वाज ने अपने सुमधुर आवाज में गणेश वंदना से प्रारंभ किया। कार्यक्रम की आयोजिका किरन भारद्वाज ने बताया कि प्रथम पूज्य गणेश की हर वर्ष गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर में पांच दिवसीय कार्यक्रम किया जाता हैं भगवान गणेश शोक विनाश है मंगल करने वाले देवता है इसलिए गणपति बप्पा जी की आशीर्वाद जरूरी है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं राष्ट्रीय मुस्लिम मंच की प्रांत संयोजिका गुलज़ार बानो ने कहा कि हम भी गणपति बप्पा के भक्त हैं हम नवरात्रि का व्रत और रोजा भी रहते हैं हमारी पूजा पद्धति बदली है लेकिन हम उपासना उसी ऊपर वाले की करते हैं ।

पैरा सोलर कंपनी की एमडी ऐश्वर्या भारद्वाज ने बताया कि हम सब गणपति बप्पा के नाम से हर काम का शुरुआत करते इससे सारे विघ्न हर जाते हैं और मनोकामना पूरी होती है। गणेश उत्सव में आए सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में लता श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, प्रीती शुक्ला, पूजा श्रीवास्तव, अनिल तिवारी, त्रिभुवन, अल्का, प्रदीप सारंग, सदानंद, कवियत्री रजनी, निशा, मालती शैलेन्द्र बच्चन, दिव्या, कंचन गुप्ता, कल्पना रस्तोगी, उर्मिला रस्तोगी, सचिन तिवारी व अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

# शिव शक्ति गणेश मंडल का 22वां गणेश उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। पुराना सर्राफा बाजार के राजा भगवान श्री गणेश का मराठा समुदाय द्वारा किया गया पूजन एक सितंबर दिन सोमवार को दोपहर एक बजे से महाप्रसाद का वितरण। बता दें कि शहर के पुराना सर्राफा बाजार स्थित शिव शक्ति गणेश मंडल सर्राफा एसोसिएशन का 22 वां गणेश महोत्सव मराठा समाज के सदस्यों द्वारा गणेश चतुर्थी को विराजमान कर भगवान श्री गणेश जी का पूजन अर्चन कर प्रारंभ किया गया। मराठा समाज के श्रीकांत मराठा और दिलीप जाधव ने बताया- विघ्नहर्ता एवं रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश जी का 22 वां गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह और शाम को भगवान श्री गणेश की पूजा -आराधना एवं आरती की जा रही है। एक सितंबर दिन सोमवार को दोपहर एक बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। गणपति पूजा के अवसर पर समस्त मराठा परिवार ने गणपति पूजन कर 19 फरवरी 2026 को छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ शिवाजी महाराज की जयंती मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दिलीप मराठा दीपक मराठा, संजय भोसले, रामचंद्र,अनिल मराठा,शिवाजी मराठा, हरि मराठा, प्रशांत मराठा,हनुमंत मराठा सिकंदर पटेल,जावेद, सत्यजीत जाधव,सनी मराठा, दिलीप पटवा एवं राजकुमार सिंह सेंगर उपस्थित रहे।

## फर्श में घटिया सामग्री के प्रयोग से भड़के ग्रामीण

अनूपशहर। गांव रोरा में चार करोड़ की लागत से बन रहे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के फर्श में घटिया सामग्री के प्रयोग से भड़के ग्रामीणों ने आरईएस एक्सईएन व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत की। रोरा गांव का बन रहे कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय प्रारंभिक दौर से ही ग्रामीणों द्वारा कार्यदायी संस्था पर घटिया सामग्री प्रयोग करने की शिकायत जिलाधिकारी से करते रहे है। डीएम ने जांच कमेटी बनाकर निर्माण कार्य की जांच भी कराई थी। इसके बावजूद भी कार्यदायी संस्था द्वारा विद्यालय के फर्श निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा। जिससे भड़के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान राय सिंह व क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में मौके पर पहुंचकर हंगामा कर आरईएस एक्सईएन विनीत चौधरी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडे से फर्श निर्माण में 10S1 के मसाले से प्लास्टर, बिना सीमेंट व घटिया सामग्री का प्रयोग करने तथा तीन दिन बाद भी फर्श सेट न होने ?र आसानी से फर्श उखड़ने की शिकायत की। ग्रामीणों ने फर्श की जांच होने तक निर्माण कार्य बंद कराकर जांच कराने तथा कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की। शीघ्र कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन में दीपक कुशवाहा, साहिल राघव, दुष्यंत राघव, नेमपाल सिंह, चेतन कुशवाहा, बादल, नरसिंह आदि शामिल रहे।

## बांके बिहारी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया राधारानी का जन्मोत्सव

बबराला। राधा अष्टमी के पावन अवसर पर रविवार को बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं ने राधारानी का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रातःकाल से ही मंदिर प्रांगण ''राधे-राधे'' के जयघोष से गूंजता रहा और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर को आकर्षक पुष्प और झालरों से सजाया गया। नगर के उद्योगपति कार्तिक गोयल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अर्चना कर राधारानी को मालपुआ और खीर का भोग अर्पित किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04203/04204 लखनऊ - नई दिल्ली - लखनऊ आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04203 आगमन | गाड़ी सं. 04203 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04204 आगमन | गाड़ी सं. 04204 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

चलने के दिन : 04203 लखनऊ तथा 04204 नई दिल्ली से दिनांक 22.09.2025 से 24.11.2025 तक (प्रत्येक सोमवार)
ठहराव : शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04008/04007 आनंद विहार (ट) - जोगबनी - आनंद विहार (ट) आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 04008 आगमन | गाड़ी सं. 04008 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04007 आगमन | गाड़ी सं. 04007 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 08:30 | आनंद विहार (ट) | 03:00 | --- |
| 17:00 | --- | जोगबनी | --- | 18:30 |

चलने के दिन : 04008 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.09.2025 से 29.11.2025 तक (प्रत्येक शनिवार) तथा 04007 जोगबनी से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, आलम नगर, उत्तरेटिया जं., रायबरेली जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट एवं फारबिसगंज स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04010/04009 दिल्ली जं. - सीतामढ़ी - दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 04010 आगमन | गाड़ी सं. 04010 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04009 आगमन | गाड़ी सं. 04009 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:58 | --- |
| 22:30 | --- | सीतामढ़ी | --- | 23:55 |

चलने के दिन : 04010 दिल्ली जं. से दिनांक 02.10.2025 से 27.11.2025 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा 04009 सीतामढ़ी से दिनांक 03.10.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनियाँ स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।

**04022/04021 नई दिल्ली - गोरखपुर - नई दिल्ली आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04022 आगमन | गाड़ी सं. 04022 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04021 आगमन | गाड़ी सं. 04021 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

चलने के दिन : 04022 नई दिल्ली से दिनांक 19.09.2025, 03, 10, 17, 24, 31.10.2025, 07, 14, 21 एवं 28.11.2025 (प्रत्येक शुक्रवार) तथा 04021 गोरखपुर से दिनांक 20.09.2025, 04, 11, 18, 25.10.2025, 01, 08, 15, 22 एवं 29.11.2025 (प्रत्येक शनिवार)
ठहराव : गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04060/04059 आनंद विहार (ट) - जयनगर - आनंद विहार (ट) आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04060 आगमन | गाड़ी सं. 04060 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04059 आगमन | गाड़ी सं. 04059 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 09:00 | आनंद विहार (ट) | 08:40 | --- |
| 07:30 | --- | जयनगर | --- | 10:00 |

चलने के दिन : 04060 आनंद विहार (ट) से दिनांक 25.09.2025 से 27.11.2025 तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा 04059 जयनगर से दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं एवं मधुबनी स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

**04070/04069 आनंद विहार (ट) - राजगीर - आनंद विहार (ट) आरक्षित सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04070 आगमन | गाड़ी सं. 04070 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04069 आगमन | गाड़ी सं. 04069 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 00:20 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | --- |
| 19:50 | --- | राजगीर | --- | 23:30 |

चलने के दिन : 04070 आनंद विहार (ट) से तथा 04069 राजगीर से दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार)
ठहराव : गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं. एवं नालंदा स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।

**04064/04063 दिल्ली जं. - भागलपुर - दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 04064 आगमन | गाड़ी सं. 04064 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04063 आगमन | गाड़ी सं. 04063 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:00 | दिल्ली जं. | 15:30 | --- |
| 10:30 | --- | भागलपुर | --- | 13:40 |

चलने के दिन : 04064 दिल्ली जं. से दिनांक 23.09.2025 से 25.11.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार) तथा 04063 भागलपुर से दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार)
ठहराव : अलीगढ़ जं., टुण्डला जं, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, रफी गंज, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसली गंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर एवं सुलतानगंज स्टेशन।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**04525/04526 सहारनपुर जं. - अम्बाला कैंट - सहारनपुर जं. अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 142 फेरे

| गाड़ी सं. 04525 आगमन | गाड़ी सं. 04525 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04526 आगमन | गाड़ी सं. 04526 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:40 | सहारनपुर जं. | 22:30 | --- |
| 06:45 | --- | अम्बाला कैंट | --- | 20:20 |

चलने के दिन : 04525 सहारनपुर जं. से तथा 04526 अम्बाला कैंट से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन)
ठहराव : पिलखनी, सरसावा, कलानौर, यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराज़पुर, मुस्तफाबाद, बराड़ा, तंदवाल, केसरी एवं दुखेड़ी स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04219/04220 शाहगंज - अयोध्या धाम - शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 142 फेरे

| गाड़ी सं. 04219 आगमन | गाड़ी सं. 04219 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04220 आगमन | गाड़ी सं. 04220 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:35 | शाहगंज | 04:40 | --- |
| 01:40 | --- | अयोध्या धाम | --- | 02:10 |

चलने के दिन : 04219 शाहगंज से तथा 04220 अयोध्या धाम से दिनांक 21.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन)
ठहराव : मालीपुर, अकबरपुर एवं गोशाईंगंज स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# संभल हिंसा की न्यायिक रिपोर्ट : विहिप ने कहा- कल्कि की पावन भूमि को जिहादियों का अड्डा नहीं बनने देंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संभल हिंसा को लेकर गठित न्यायिक आयोग के रिपोर्ट में हुए कथित खुलासों को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कहा है कि संभल को जिस तरह से जिहादी अड्डा बनाने का कुत्सित प्रयास हुआ है वह विहिप बर्दाश्त नहीं करेगी। विहिप ने यह भी कहा है कि संभल ही नहीं संपूर्ण देश के हिन्दुओं को सजग रहने की आवश्यकता है। विश्व हिन्दू परिषद किसी भी सूरत में कल्कि की पावन भूमि को जिहादियों का अड्डा नहीं बनने देगी।

विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता बिनोद बंसल ने यूनिवार्ता से बातचीत के दौरान रविवार को यह बातें कहीं। बंसल ने कहा कि, ''संभल की रिपोर्ट ने देश की आंखे खोल दी हैं। न्यायिक आयोग ने जो रिपोर्ट दी है उसमें जो खुलासे हुए हैं उससे हिन्दू समाज को सजग और सचेत हो जाना चाहिए। जिस तरह से सत्यव्रत नगर को संभल बनाया गया और फिर संभल से उसको जिहादी अड़डा बनाने का कुत्सित प्रयास हुआ वह आखें खोल देने वाला है। स्वाधीनता के बाद भी जिहादी तुष्टीकरण की नीति के वर्चस्व का शिकार वहां के निवासी इस हद तक हुए कि, न सिर्फ जीवन और धर्म अपितु पूरी सम्पत्तियों को छोड़कर पलायन के लिए मजबूर हुए। श्री बसंल ने कहा कि संभल में लगातार आतंकियों का पोषण हुआ। अवैध देशविरोधी गतिविधियों का संचालन और हिन्दू द्रोही गतिविधियों का केद्र बनाया गया। कल्कि धाम की पावन भूमि को कलंकित कर वहां पर एक नया जिहादिस्तान खड़ा करने की कोशिश की गई। पिछले 70 वर्षो में 15 से अधिक बार सुनियियोजित साजिश के तहत जानलेवा सामूहिक हमले हुए। उन्होंने कहा कि यदि पूज्य योगी आदित्यनाथ की सरकार न होती तो यह अकल्पनीय है कि वहां के हिन्दूओं की क्या स्थिति होती। 2019 की वह घटना जिसके माध्यम से हिन्दुओं पर हमले हुए। यदि स्थानीय पुलिस सक्रिय, सजग और सक्षम न होती तो न हमारा धर्म स्थल बचता न ही उसका पालन करने वाले। सम्पूर्ण भारत के अंदर इसी तरह का रिपिटेशन जगह जगह सेकुलर गैंग के नेताओं के प्रश्रय में जिहादियों को आगे करके हिन्दुओं पर किए जा रहे हैं। श्री बंसल ने कहा कि, ''इसके प्रतिकार के लिए अब समाज भी खड़ा हुआ है। अब आवश्यकता इस बात की है कि सम्पूर्ण मामले में इन जिहादियो के पैरोकारों और उनके नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। संभल ही नहीं बल्कि संपूर्ण देश में जगह जगह बन रहे मिनी पाकिस्तानों से स्थानीय प्रशासन के साथ ही साथ समाज को भी सचेत रहना होगा। हिन्दू समाज की संगठित संस्कारित शक्ति ही ऐसी देश धर्म के विरुद्ध रची जा रही ऐसी साजिशों पर लगाम लगा सकती है।''

विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद का स्पष्ट मत है कि अब हिन्दू समाज को पलायन नहीं पराक्रम की आवश्यकता है। विश्वभर के अंदर हिन्दू कहीं भी रह रहा हो, अब स्वयं को अकेला और असुरक्षित महसूस न करे। विहिप और सम्पूर्ण हिन्दू समाज उसके साथ खड़ा है। इस प्रकार की गतिविधि जहां भी हो रही हों वो स्थानीय प्रशासन के साथ ही विहिप को भी सूचित करने का काम करें। जिससे कि समय रहते उसका मजबूती से प्रतिकार हो सके।

# कठिन मेहनत एवं लगन से लक्ष्य को हासिल करें–आर.पी.एफ. कमिश्नर मुनव्वर खान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बड़गांव गोंडा के पुरातन छात्र वर्तमान में आरपीएफ कमिश्नर मुनव्वर खान जबलपुर में तैनात हैं।जिन्होंने इसी संस्था से पढ़कर संघर्षों से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया और वर्तमान में आरपीएफ पुलिस के उच्च अधिका री पद पर तैनात हैं।मुव्वर खान जनपद गोंडा के निवासी हैं एवं एक समाचार पत्र के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए थे,उसके दूसरे दिन अपने पुराने विद्या लय में आकर बहुत ही हर्षित हुए।उनके साथ में पुरातन छात्र वरिष्ठ पत्रकार पवन जायसवाल प्रधान संपादक बदलता स्वरूप भी उपस्थित रहे।संस्था के प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने इनका स्वागत करते हुए पूरे विद्यालय प्रांगण को दिखाया और उन्होंने जिस कमरे में अध्यापन कार्य किया था वहां जाकर अत्यंत ही भावुक होते हुए छात्रों को संघर्ष करने की प्रेर णा दी।संस्था के सभी सदस्यों ने हर्षित मन से स्वागत करते हुए विद्यालय के लिए गौरव पूर्ण क्षण बताया।पुरातन छात्र मुनव्वर खान ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सं स्था से मेरा आत्मिक लगाव है और आज यहां आकर मैं अपने आप को अत्यंत ही सुखद महसूस कर रहा हूं।वरिष्ठ पत्रकार पवन जायस वाल ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी इस विद्यालय से 1992 में जब नकल अध्या देश लागू हुआ था उस समय पास आउट हुए थे,हमारे बैच के छात्र अच्छी ऊंचाइयों पर हैं विदेश में भी सेवा दे रहे हैं,हमारी पूरी मित्र मंडली इस संस्था के उत्थान के लिए सदैव तत्पर है।प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी ने माल्यार्पण करते हुए एवं स्मृति चिन्ह देकर सभी पुरातन छात्रों का स्वागत और अभिनंदन किया और कहा कि इस विद्यालय से जो छात्र अच्छी सेवाओं में हैं लगन मेहनत के बल पर, किसी भी वर्ष के हों, उनके लिए एक रजिस्टर बनाया गया है जिसमें सूची तैयार की जा रही है,सूची तैयार होने पर एक कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में कराया जाएगा जिससे वर्तमान छात्रों को एक प्रेरणा मिले और वह भी बुलंदियों को छूकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।इस अव सर पर पुरातन छात्रों में डॉक्टर ध्रुव चंद्र शुक्ला, हरिशंकर द्विवेदी,रामचंद्र पांडे, प्रदीप कुमार,गिरजा शंकर मिश्रा, बच्चा जायसवाल का भी स्वा गत किया गया।

## शहंशाह इंटर नेशनल जादूगर को मिला अंतर्राष्ट्रीय मदर टेरेसा अवार्ड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले के लिए गर्व का अवसर है कि गोण्डा के शहंशाह इंटर नेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया को उनकी सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए ल्लइंटरनेशनल मदर टेरेसा अवार्डङ्क से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शांति फाउंडेशन द्वारा 26 अगस्त मदर टेरेसा की जयंती के अवसर पर प्रदान किया गया।सम्मान पत्र में उल्लेख किया गया है कि समाज में शैक्षिक जागरूकता, सामाजिक सेवा और उत्कृष्ट कार्यों के लिए उनका योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायी है। शांति फाउंडेशन ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज में नई प्रेरणा का संचार करते हैं।इस अवसर पर शांति फाउंडेशन इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष मिसेज पिंकी देवी तथा वर्ल्ड एम्बेसडर साउथ अफ्रीका वेगेंटिए मक?का अचाम्बिट ने संयुक्त रूप से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।संस्थान की ओर से संदेश दिया गया कि–ल्लआपके उत्कृष्ट कार्यों और समाज के प्रति सेवा भाव के लिए आपको इंटरनेशनल मदर टेरेसा अवार्ड से अलंकृत किया जाता है।हम आपके उज्जवल भविष्य और दीर्घायु की कामना करते हैं। यह सम्मान न केवल शहंशाह इंटर नेशनल जादूगर की व्य क्तिगत उपलब्धि है बल्कि पूरे जनपद गोण्डा के लिए गौरव का क्षण है।

## मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वी वाहिनी नानपारा में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी परिसर सहित सीमावर्ती क्षेत्र में शारीरिक फिटनेस और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न खेल एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रमों में क्रिकेट, वॉलीबॉल, योगा, रस्साकशी एवं साइकिल रैली प्रमुख आकर्षण रहे। इन प्रतियोगिताओं में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना, टीम वर्क तथा अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय खेल दिवस का यह आयोजन न केवल फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि खेलों के माध्यम से आपसी भाईचारा एवं सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

## जनपद में धूमधाम से मनाया जाएगा दुर्गा पूजा महोत्सव : सुदामा मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना,पूजन एवं विसर्जन के लिए श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक शहर के मीरखेलपुरा स्थित महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी के आवास पर आयोजित हुई।बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने पिछले वर्ष सकुशल विसर्जन सम्पन्न करवाने के जिला प्रशासन व पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।उन्होंने बताया कि गत वर्षों की भांति जनपद में इस बार भी आगामी 22 सितम्बर से दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि महासमिति दुर्गा पूजा उप समितियों से समन्वय बनाकर आगामी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना,पूजन व सकुशल विसर्जन के लिए कटिबद्ध है।बैठक में आगे उन्होंने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल जनप्रतिनिधियों के साथ शीघ्र जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेगा।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के समन्वय से दुर्गा पूजा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

उन्होंने महासमिति के पदाधिकारियों,सदस्यों से अपील की कि सभी अपना वार्षिक सदस्यता रिनीवल अवश्य करवा लें।महासमिति के महामंत्री कन्हैया सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।बैठक में विनोद कुमार रस्तोगी एडवोकेट, सुधाकर प्रसाद मिश्रा एडवोकेट,शिवशरण सिंह,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, रामजी शुक्ला,लव कुमार द्विवेदी,बैजनाथ रस्तोगी,राजकुमार सोनी,हरि शंकर गुप्ता,पवन जायसवाल, आत्माराम यादव,सत्येंद्र शुक्ला,विमल मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 169 मरीजों का हुआ निशुल्क शुगर परीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । लायन्स क्लब गोण्डा सेवा का परमानेंट प्रोजेक्ट निशुल्क शुगर परीक्षण शिविर हर महीने के अन्तिम रविवार को विगत कई वर्षो से आयोजित होता आया है।इसी क्रम में आज 169 मरीज का शुगर परीक्षण किया गया एवं वहाँ उपस्थित सभी मरीज़ों को शुगर रोग के प्रति जागरूक किया गया जिसमें क्लब के ला. बसंत कुमार नेवटिया,ला.डॉ.मृणाल पांडे, जोन ला,चंद्रकेश मिश्रा,ला.राजकुमार जायसवाल, ला.अजय मित्तल,ला.अमित पाण्डेय,ला.अर्जुन सोनी,ला.दीपक गुप्ता, ला.देवेंद व भारत पैथो लॉजी के स्टाफ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गोरखपुर के लाल शक्ति शर्मा ने इंटरनेशनल चैंपियन कराटे में गोल्ड मेडल और बेस्ट फाइटर का अवार्ड प्राप्त किया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर का विश्व पटल पर नाम रखा : शक्ति शर्मा**

**गृह जनपद गोरखपुर आगमन पर जोरदार स्वागत**

गोरखपुर। गोरखपुर के लाल महाराष्ट्र के औरंगाबाद में सेल्फ डिफेंस मार्शल आर्ट एसोसिएशन इंटरनेशनल ओपन कराटे चैंपियनशिप 2025 कराटे चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया गोरखपुर के लाल शक्ति शर्मा ने नेपाल, श्रीलंका, भूटान को हराकर गोल्ड मेडल एवं बेस्ट फाइटर ऑफ इंडिया 2025 का चैंपियनशिप अवार्ड हासिल किया 24 अगस्त 2025 को औरंगाबाद में यह चैंपियनशिप हुआ शक्ति शर्मा ने गोल्ड मेडल के साथ बेस्ट फाइटर अवार्ड देश के नाम किया । गृह जनपद गोरखपुर आगमन पर बधाई देने के लिए उत्कर्ष,सृजन, वैभव, शाहील, प्रिंस और समस्त परिवार एवं मित्र उपस्थित रहे इस उपलब्धि के सभी लोग बहुत ही हर्षित है।



### विधायक के साथ कार्यकर्ताओं ने भी सुना मन की बात कार्यक्रम*

नानपारा, बहराइच। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 125वां संस्करण क्षेत्र में उत्साहपूर्वक सुना गया। नानपारा विधानसभा के अपना दल (एस) विधायक राम निवास वर्मा ने अपने कैंप कार्यालय पर बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का श्रवण किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हरिहर वर्मा, चमन लाल चौरसिया, सौरभ वर्मा और अनिल वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं, दूसरी ओर धनीराम गली में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से 'मन की बात' सुनी। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रेखा पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, गोपाल चौरसिया, कैलाश नाथ सोनी, विपिन सिंह, तीरथ राम साहू और मनोज कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन संपन्न, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा



नानपारा, बहराइच। ब्लॉक संसाधन केंद्र बलहा पर रविवार को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पू.मा.) शिक्षक संघ, शाखा बलहा का त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन संपन्न हुआ। कुल 236 सदस्यों में से 222 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। मतगणना के उपरांत घोषित परिणामों में शत्रोहन वर्मा ने 146 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की, जबकि यतेंद्र द्विवेदी को 73 मत मिले। मंत्री पद पर राजेश कुमार यादव ने 165 मत पाकर विजय हासिल की, वहीं मंजुलिका मौर्य को 56 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार आर्य को 147 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रियेश्वर सिंह को 69 मतों पर संतोष करना पड़ा। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। अधिवेशन में बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शिक्षकों ने शुभकामनाएं दीं और संगठन की मजबूती हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### मोबाइल छीनकर भाग रहे दो चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा, जेल

गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के गोबरहिया रकहट मार्ग पर शनिवार देर रात मोबाइल छीनकर भाग रहे दो चोरों को ग्रामीणों ने बाइक से पीछा कर पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। गगहा पुलिस ने छिनैती की धारा में मुकदमा दर्ज कर दोनों को रविवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पकड़े गए अभियुक्ततों की पहचान अंकित पुत्र पड़ोही लाल निवासी बड़ैला थाना गगहा व सूरज पुत्र राखी प्रसाद निवासी पतरा थाना गगहा के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, एक ही बाइक पर सवार चार युवक शनिवार देर रात गोबरहिया रकहट मार्ग पर खड़े शैलेश निषाद के पास पता पूछने के बहाने रूके। इसी दौरान शैलेश निषाद के हाथ से मोबाइल छीनकर बाइक से फरार हो गए। शैलेश निषाद ने जोर–जोर से आवाज लगाई तो चौराहे पर खड़े ग्रामीणों ने युवकों की बाइक रोकवा दी। ग्रामीणों ने दो चोरों को तो पकड़ लिया लेकिन इसी दौरान दो अन्य भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया।

# अब गर्भवती महिलाओं को नहीं करना होगा इंतज़ार

**आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से घर के पास मिल रही जांच और परामर्श की सुविधा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसव पूर्व जांच मुख्य रूप से ल्लग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषणङ्क दिवस पर महीने में एक बार की जाती है। उस दिन जांच न हो पाने पर गर्भवती को पूरा माह इंतजार करना पड़ता है या फिर जिला अस्पताल/सीएचसी जाना पड़ता है। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं, यह सुविधा गाँव के पास ही जनपद के 334 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक कार्य दिवस में उपलब्ध है। इन आरोग्य मंदिरों में गर्भावस्था के दौरान ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन जैसी जरूरी जांचों की सुविधा के साथ ही आयरन और कैल्शियम की गोलियां भी दी जाती हैं। इससे माँ और बच्चे दोनों के सेहत की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

सीएचसी पयागपुर के चैसार स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ इन्दु मिश्रा बताती हैं कि उनके केंद्र पर हर माह औसतन 20दृ25 गर्भवती की जांच की जाती है। इनमें कई महिलाएं सिरदर्द, पैरों में सूजन, चक्कर या कमजोरी जैसी दिक्कतों के साथ आती हैं, जिन्हें मौके पर ही उपचार और परामर्श मिल जाता है। जरूरत पड़ने पर उन्हें ई-संजीवनी के माध्यम से ऑनलाइन परामर्श मुहैया कराया जाता है साथ ही उच्च स्तरीय देखभाल के लिए उन्हें प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास भेजा जाता है। इसके लिए निःशुल्क एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध है। हाल ही में तेज़ चक्कर और पैरों में सूजन की शिकायत लेकर पहुँचीं चौसार की मीना देवी बताती हैं कि केंद्र पर सामान्य जाँच के बाद उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सक के पास भेजा गया और वहीं उनका निःशुल्क अल्ट्रासाउंड भी कराया गया। समय रहते इलाज मिलने से आज मैं और मेरा बच्चा सुरक्षित हैं।

ऐसी हज़ारों उदाहरण हैं जो जिले में मातृत्व सेहत की तस्वीर बदल रहें हैं। सरकारी आँकड़े बताते हैं कि सिर्फ़ इसी वित्तीय वर्ष में ज़िले की 53,000 से ज़्यादा गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण हो चुका है जो कुल लक्ष्य का 87.9 प्रतिशत है और 41,000 से अधिक गर्भवती को प्रसव पूर्व जाँच व आवश्यक दवाएँ भी मिल चुकी हैं। इनमें से 16,495 गर्भवती ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का लाभ उठाया है और 10,478 का निःशुल्क अल्ट्रासाउंड ई-बाउचर के ज़रिए कराया गया है।

सीएमओ डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर नियमित जांच और बेहतर देखभाल से माँ और बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ, इलाज, दवा, उपकरण, साफ-सफाई और सम्मानजनक व्यवहार जैसे मानकों में सुधार किया गया है। इसी का परिणाम है कि जिले के 36 उपकेंद्र स्तरीय आरोग्य मंदिर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक से प्रमाणित हैं और 65 केंद्रों की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही हर गाँव के नजदीक मातृत्व स्वास्थ्य की गुणवत्तापूर्ण सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी।

# भय का माहौल:नगर में आवारा कुत्तों का आतंक,एक दर्जन से अधिक कुत्तों का झुंड घूम रहा सड़कों पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।नगर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। एरिया में अकसर डॉग बाइट के मामले भी सामने आते रहते है जिसके कारण लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।आवारा कुत्ते राहगीरों पर हमला कर रहे है इन कुत्तों को पकड़ने के लिए लोग कई बार गुहार लगा चुके है लेकिन फिलहाल कोई राहत नहीं मिली कई हिस्सों में आवारा कुत्तों के हमलों और रेबीज की बीमारी से होने 'वाली मौतों की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए चिंता जताई है।इनके कारण ग्रामीण शहरी जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। यह समस्या केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि सामाजिक, स्वास्थ्य और प्रशासनिक संकट भी बनती जा रही है छोटे शहरों और कस्बों में स्थिति और भी चिंताजनक है क्योंकि वहां इनकी देखभाल या नियंत्रण के कोई ठोस उपाय नहीं हैं। आवारा कुत्तों के आतंक के चलते बच्चे खेलने, बुजुर्ग अकेले टहलने, लोग पैदल चलने और दोपहिया वाहन चलाने से डरने लगे हैं। अचानक हमला कर देने वाले कुत्ते जानलेवा साबित हो रहे हैं। रात के समय तो इनका आतंक और बढ़ जाता है कई बार समय पर रेबीज का टीका न मिलने पर पीड़ित को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक मामले में टिप्पणी की कि जिनको कुत्तों से प्रेम है, वे उन्हें अपने घर ले जाकर खाना खिलाएं, सड़कों पर नहीं। तमाम रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन मांग कर रहे हैं। कि सड़कों पर कुत्तों को खाना खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो और संभी आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजा जाए। शहरों में 'नो डाग आन स्ट्रीट पालिसी' लागू की जाए। हालांकि आवारा कुत्तों की नसबंदी कर उनकी आबादी को नियंत्रित करने के लिए नगर निगमों के पास एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) योजना है, लेकिन वह कागजों में सिमट कर रह गई है कुत्तों की नसबंदी एवं उनका वैक्सीनेशन ठीक से हो नहीं रहा, जिनमें काफी भ्रष्टाचार है। एबीसी रूल्स, 2023 में संशोधन की आवश्यकता है आखिर नसबंदी के बाद भी कुत्तों को मोहल्लों में ही क्यों छोड़ दिया जाता है जो कुत्ते आक्रामक या काटने वाले हों, उन्हें तो वहां से हटाया जाना चाहिए। आवासीय परिसरों में आवारा कुत्तों पर प्रतिबंध लगना चाहिए कुत्ते हमारी सभ्यता का हिस्सा रहे हैं वे वफादार साथी हो सकते हैं, पर जब उनके कारण लोगों की जान खतरे में आ जाए, तो सह-अस्तित्व की परिभाषा बदलनी चाहिए। हमें संवेदनशीलता और व्यावहारिकता के संतुलन से इस समस्या को हल करना होगा हमारी गलियां,मोहल्ला सुरक्षित बनें, बच्चे खुलकर खेलें और लोग डर के साये में न जिएं कुत्तों के लिए भी जगह हो, लेकिन नियंत्रित और सुरक्षित दायरे मे पूरनपुर सीएचसी में रोजाना सौ से अधिक मरीज वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं शुक्रवार को गांव तकिया दीनारपुर के रहने वाले भूपेंद्र शौच के लिए जा रहे थे। इस दौरान गांव के एक आवारा कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया बमुश्किल लोगों ने उन्हें बचाया गांव के रहने वाले अधिवक्ता जागन सिंह इसकी शिकायत भी कर चुके हैं।

# महबूब खा हुए सेवानिवृत्ति एसपी ने दी भाव विनी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।पुलिस विभाग में एक भावनात्मक क्षण देखने को मिला जब 31साल पुलिस विभाग में अपनी सेवा दे चुके पुलिस कर्मी महबूब खा सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस अधीक्षक सहित उनके स्टाफ ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी,जिसमें उनके साथियों ने उनके योगदान और समर्पण की सराहना की। महबूब खान की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित समारोह में उनके साथी पुलिस कर्मियों ने उन्हें सम्मानित किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में महबूब खान की सेवाएं उल्लेखनीय रही हैं,और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद भी उनकी यादें और अनुभव विभाग के लिए एक अमूल्य धरोहर बने रहेंगे।उनके साथियों ने उनके साथ बिताए गए समय को याद किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर पीलीभीत के पुलिस अधीक्षक ने महबूब खान की सेवाओं की सराहना की और कहा कि उनकी सेवानिवृत्ति के बाद भी विभाग में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।महबूब खा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक सहित उनके स्टाफ के लोग उपस्थित रहे हैं। पुलिस लाइन से सेवानिवृत्ति होने के बाद जब महबूब खान अपने आवास पर पहुंचे तो उनके परिजनों ने भी उनका ढोल नगाड़े बजाकर जोरदार स्वागत किया है।

# टीचर सेल्फ केयर टीम की बैठक का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।टीचर सेल्फ केयर टीम की बैठक पीलीभीत में आयोजित की गई, जिसमें शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना गया। इस टीम का उद्देश्य शिक्षकों की मदद करना और उनके परिवारों को समर्थन प्रदान करना है।शिक्षकों की मदद करना और उनके परिवारों को समर्थन प्रदान करना।टीम द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को सुना जाता है और उनका समाधान किया जाता है। इस टीम में उत्तर प्रदेश के शिक्षक सदस्य बन सकते हैं।टीचर सेल्फ केयर टीम ने अब तक करोड़ रुपये से अधिक की राशि दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को प्रदान की है। टीम के सदस्य शिक्षकों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

टीम के पदाधिकारी दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान कराने में मदद करते हैं।शिक्षकों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना ही इस टीम का मुख्य उद्देश्य होता हैं।टीचर सेल्फ केयर टीम शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है।जो उनकी समस्याओं

## पुलिस ने कोटेदार के खिलाफ दर्ज किया छेड़खानी का मुकदमा

तिलोई अमेठी । थाना शिवरतनगंज पुलिस ने ग्राम पंचायत महिया सिंदुरिया के उचित दर विक्रेता के खिलाफ छेड़खानी और एससीएसटी एक्ट का अभियोग दर्ज किया है। पुलिस द्वारा आरोपी युवक की तलाश की जा रही है लेकिन वह फरार बताया जा रहा है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि वह अपने घर पर आराम कर रही थी तभी उचित दर विक्रेता मोहम्मद नफीस आये और मेरा हाथ पकड़ लिया जब उसने आपत्ति जताई जिसे उसकी बेटी ने देख लिया तो वह अपनी मां के बचाव में दौड़ पड़ी तो मनबढ़ युवक ने मां का हाथ छोड़कर उसकी बेटी से छेड़खानी करते हुये गाली गलौज करने लगा। मां बेटी के शोरगुल मचाने पर आरोपी युवक भाग निकला। पीड़िता ने स्थानीय थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाते हुये लिखित तहरीर सौंपी है।पुलिस ने छेड़खानी और एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता का अभियोग दर्जकर आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

# राज्यमंत्री ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का जारी किया पोस्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने रविवार को राष्टीय शैक्षिक महासंघ द्वारा परिषदीय विद्यालयों में आगामी एक सितम्बर को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया। उन्होंने उक्त कार्यक्रम की सराहना करते हुये पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया है।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई सिंहपुर के अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी, दिलीप शुक्ला एवं राजेश सिंह की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मण्डल ने आगामी एक सितम्बर को परिषदीय विद्यालयों में होने वाले पंच प्रण कार्यक्रम की शपथ को लेकर जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा से सहयोग हेतु मिला। प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा द्वारा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम से सम्बंधित पोस्टर जारी कर कार्यक्रम के उददेश्य की प्रशंसा करते हुये पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन प्रदान किया गया। जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुये कहा कि आप सबके इस महानतम कार्य से आगामी समय मे शिक्षा,शिक्षक एवं समाज का सार्वभौमिक कल्याण होगा।आप सभी गुरुजन अनादि काल से राष्ट्र निर्माण की रीढ़ रहे हैं।इस मौके पर प्रमोद कुमार तिवारी, ओंकार पाण्डेय,अश्वनी कुमार द्विवेदी, संतोष तिवारी, पंकज शुक्ला, अमित पाण्डेय, राघवेन्द्र तिवारी, डी बी सिंह, अजय सिंह,उबैद अहमद, नवनीत त्रिवेदी, अनुराग यादव, विकल्प श्रीवास्तव,आशीष गुप्ता, विमलेंदु सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## हकीम जी पत्नी सहित उमरा हुए रवाना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे से दो दंपती जायरीन मुबारक सफर–ए–उमरा के लिए हुए रवाना जायरीनों को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे।लोगों ने मक्का मदीना शरीफ पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगने की दरख्वास्त की है।परिजनों व कस्बेवासियों ने फूल माला पहनाकर जायरीनों को विदा किया है। पूरनपुर देहात के मोहल्ले खानकाह के रहने वाले जन सेवा केंद्र संचालक माजिद अली के पिता हकीम सोबरत अली व मां नवीहन निशा व इकरार खा व उनकी पत्नीसितारा बेगम मक्का मदीना सफर–ए– उमरा करने के लिए रवाना हुए। लोगों ने सफर–ए– उमरा जाने वालों के घर पहुंच कर फूल माला पहनकर उनका सम्मान किया और अपने हक में दुआ मांगने की भी अपील की उन्होंने बताया कि साल में एक बार हज किया जा सकता है। लेकिन उमरा साल में कभी भी किया जा सकता है। मक्का मदीना शरीफ की यात्रा नसीब वालों को ही मिलती है।इस दौरान उनके परिवार और रिश्तेदार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे हैं।

## डेयरी खोलने के नाम पर प्रधान से की ठगी कई लोग हुई शिकार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर माती में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान बलजीत सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने अपना नाम लकी निवासी बीसलपुर बताया था। उसने गांव में मधु संदान दूध नाम की डेरी खुलवाने का झांसा देकर प्रधान से ऑनलाइन 20,300 रुपए वसूल लिए। रुपए मिलते ही आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया, जिससे ग्राम प्रधान को धोखाधड़ी का संदेह हुआ। प्रधान ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं, इसी तरह की शिकायतें पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र से भी मिली हैं। यहां लगभग आधा दर्जन लोगों ने आरोप लगाया कि लकी नामक युवक ने सहयोगियों की मदद से उनसे भी डेयरी व्यवसाय में निवेश के नाम पर 20–20 हजार रुपए वसूले और इसके बाद फरार हो गया। जानकारी के अनुसार आरोपी ने पूरनपुर में एक निजी अस्पताल में ऑफिस भी खोल रखा था, जिससे लोगों को उस पर भरोसा हो गया। मगर रुपए ठगने के बाद वह ऑफिस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश में जुटी है।

## शारदा नदी के बढ़े जलस्तर से हजारा क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप, ग्रामीण बेहाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव शास्त्री नगर, हजारा,चंदिया हजारा सहित आसपास के कई गांवों में इस समय बाढ़ का प्रकोप गहराता जा रहा है। शारदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण नदी का पानी गांवों में घुस आया है। हालात यह हैं कि लोगों के घरों में पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। लोग घरों की छतों पर शरण लिए हुए हैं, वहीं कई परिवार चारपाईयों पर बैठकर अपने दैनिक कार्य निपटाने को विवश हैं। रविवार सुबह दस बजे ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव से न केवल घरों में रहना मुश्किल हो गया है, बल्कि मवेशियों के चारे और लोगों के खाने–पीने की वस्तुओं की भी भारी किल्लत हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित रखने में परिवार परेशान हो रहे हैं।

## डीएम ने 8 वीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित करने का जारी किया आदेश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में लगातार हो रही भारी बारिश और स्कूलों में हुए जल भराव को लेकर जिलाधिकारी ने कक्षा एक से लेकर आठ तक संचालित सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में शनिवार का अवकाश घोषित किया जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में लगातार दो दिनों से बारिश हो रही बारिश के चलते स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में असुविधा हो रही है। उसी के साथ कुछ विद्यालयों में जल भराव की स्थिति बन गई हैं।जिसे देखते हुए उन्होंने परिषदीय विद्यालयो से लेकर सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों का कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक सोमबार का अवकाश घोषित किया है। गुरुवार सुबह को मौसम ने अपना ऐसा रुख बदला की रविवार तक उसका नजारा ही कुछ अलग था। आसमान में घने बादल गड़गडाहट के साथ लगातार हुई बारिश से मौसम का मिजाज ही बदल गया ऐसे में नदी नाले उफनाने की आशंका जताई जा रह रही हैं।जिससे बाढ़ के हालात बन सकते हैं।मौसम विभाग के अनुसार अब तक 20 मिमी बारिश हो चुकी हैं। तो 3 सितंबर तक जारी रहने की संभावना है।कुछ दिन पहले उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल थे। बारिश की वजह से पारा गिरने पर उन्हें गर्मी से राहत मिली हैं।

# स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन पर संवाद अधिवक्ताओं के मध्य 5000 पत्र वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। शनिवार को जनपद सुलतानपुर संयुक्त बार एसोसिएशन के प्रांगण में ल्लस्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबनङ्क विषय पर एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं के मध्य लगभग 5000 स्वदेशी-विदेशी पत्र का वितरण किया गया, जिससे उन्हें स्वदेशी वस्तुओं के महत्व और विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बार काउंसिल के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि देश की समृद्धि और सुरक्षा के लिए स्वदेशी अपनाना और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना अत्यंत आवश्यक है।

मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत के प्रांत संयोजक डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करती है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे समाज में स्वदेशी उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लें और आत्मनिर्भर भारत अभियान का हिस्सा बनें। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच काशी प्रांत के युवा प्रमुख राय साहब, विभाग संयोजक सुलतानपुर धर्मेंद्र द्विवेदी, उपमा शर्मा, बार एसोसिएशन के महामंत्री दिनेश दुबे, जिला संयोजक आशीष तिवारी, विभाग सह संयोजक राजीव तिवारी, जिला युवा प्रमुख अमन त्रिपाठी, जिला महिला प्रमुख सुधा सिंह, स्वावलंबी भारत अभियान के जिला संरक्षक विजय प्रधान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और स्वदेशी प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने का संकल्प लिया।

## रेलवे क्रॉसिंगो पर जाम राहगीरों के लिए बना परेशानी का सबब फ्लाईओवर की मांग

पूरनपुर। नगर के माधोटांडा व शेरपुर फाटक की ओर ट्रैफिक जाम की समस्या लंबे समय से राहगीरों के लिए सिरदर्द बनी हुई है सुबह-शाम वाहनों का दबाव ज्यादा होने पर जाम की समस्या और भी गंभीर हो जाती है इस दौरान राहगीरों को अपने स्थान तक पहुंचने में काफी समय लग जाता है इससे राहगीरों को आर्थिक नुकसान होता है साथ ही परेशान भी होना पड़ता है वही एक राहगीर ने बताया कि वह शेरपुर के रहने वाले शमशेर ने बताया जाम में फंसने के के कारण समय पर नहीं पहुंच सके जब तक वह बस जा चुकी थी ऐसे में वह जयपुर नही जा पाये उन्हें वापस लौटना पड़ा उन्होंने कहा कि जाम न लगा होता तो वह आराम से बस पकड़ लेते और गंतव्य पर चले जाते वही जाम की समस्या पर अधिकारियों ने अभी तक कोई संज्ञान नही लिया क्रॉसिंगों पर जाम की इस समस्या की शिकायत सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म एक्स पर भी हुई है ट्रैफिक जाम यहां एक गंभीर समस्या है. इस समस्या के स्थाई निवारण की मांग लगातार उठ रही है, लेकिन अभी तक जाम की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पाया है।जाम की समस्या पर रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ व रेलवे अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए कहा है कि समाधान वही लोगो का कहना है कि दोनो क्रॉसिंगों पर शेरपुर और माधोटांडा पर फ्लाईओवर का निर्माण हो जाए तो जाम से निजात पाया जा सकता है।

# सिंघनी प्रधान के कारनामे उजागर भ्रष्टाचार की मोटी परतें आईं सामने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रधान ने सगे भाइयों के नाम जॉबकार्ड बनाकर कर डकारे लाखों रुपए**

**विभागीय मिलीभगत से लाखो की धनराशि का किया बंदरवाट**

सुलतानपुर। विकासखंड बल्दीराय की ग्राम पंचायत सिंघनी के ग्राम प्रधान के ऊपर लाखों का घोटाला तथा फर्जी दस्तावेज लगाकर प्रधान पद के महत्वपूर्ण चुनाव को जीत लेने का आरोप लगा है ग्रामीण प्रवीण कुमार सिंह ने सशपथ प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को देते हुए जांच और कार्यवाही की मांग की है । शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत सिंघनी के ग्राम प्रधान विकास यादव ने 8 अगस्त 2022 को प्रधान पद का चार्ज लिया था उस समय उनकी उम्र 20 वर्ष चार माह 13 दिन थी नियमानुसार उनकी जन्मतिथि प्रधान पद के दावेदार के लिए अपात्र थी लेकिन प्रधान ने आधार कार्ड हाई स्कूल की मार्कशीट में अंकन से परे हेरा फ़ेरी करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार करके प्रधान पद का चुनाव जीत लिया । यही नहीं ग्राम प्रधान विकास यादव ने अपने सगे भाईयो के नाम फर्जी जॉब कार्ड बनाकर मनरेगा मजदूर के रूप में लाखों की धनराशि आहरित कर ली जबकि प्रधान के सगे भाई की उम्र नाबालिक रहते हुए भी जॉब कार्ड में उसकी उम्र 40 वर्ष दिखाकर सरकारी धन का बंदरबाट किया गया है । शपथ पत्र सहित दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रवीण कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण में व्यापक रूप से घोटाला किया गया है ग्रामीण ने आरोप लगाया कि केंद्र के भवन के निर्माण के लिए 102000 की धनराशि की स्वीकृति मिली थी भवन बनने के बाद ग्राम प्रधान द्वारा इसी भवन के मरम्मत के नाम पर 2,48000 खाते से आहरित करते हुए सरकारी धन का बंदरबाट कर दिया यही नहीं ग्राम प्रधान विकास यादव ने ग्राम पंचायत सचिव से मिली भगत करते हुए शौचालय के मरम्मत के नाम पर आर सीसी निर्माण के नाम पर नाली बनवाने के नाम पर लाखों की धनराशि बिना कार्य कराए ही आहरित कर लिया है।जबकि आर सी सी में ईट का प्रयोग नही किया और ईट की कीमत भी निकाली गई शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के विकास में लाखों की सरकारी धनराशि का बंदरबाट किया गया है इसके पूर्व भी शिकायत की गई थी लेकिन जांच अधिकारी द्वारा शिकायत में लीपापोती करते हुए लाखों के घोटाले के प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया ।

# महर्षि विद्या मंदिर में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। महर्षि विद्या मंदिर में महर्षि जनजागरण अभियान कार्यक्रम की श्रृंखला में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । उक्त कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत गुरु पूजन से हुई तत्पश्चात समस्त स्टाफ और उपस्थित अन्य लोगों ने लयबद्ध तरीके से हनुमान चालीसा एवं बजरंगबाण का पाठ किया । उक्त अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य जे एन उपाध्याय ने महर्षि जन जागरण अभियान की महत्ता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला ।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जन जन को जागरूक करके उन्हें उन्हीं के अंदर छिपी चेतना से परिचित कराना है, जिस से वो स्वयं जागृत हो तथा समाज को जागृत कर सके क्योंकि स्वयं को जागृत करके ही समाज को जागृत किया जा सकता है । इस तरह हम धरती पर स्वर्ग निर्माण की परिकल्पना को सार्थक कर सकते है । परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी की इसी अवधारणा को उनके शिष्य वेद विद्या मार्तंड श्री ब्रह्मचारी गिरीश जी आम जनमानस में प्रकाशित कर रहे हैं और इसी कड़ी में लोक कल्याण के उद्देश्य से उनके मार्गदर्शन में महर्षि विद्या मंदिर समूह देश भर में विभिन्न स्थानों पर निरंतर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने ये भी जानकारी दी कि आगे भी विभिन्न स्थानों पर निरंतर ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे ।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया । उक्त कार्यक्रम में छात्र,छात्राएं अभिभावक ,शिक्षक , शिक्षिकाओं सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

# हरी मुनिया की दुखभरी दुनिया

अंग्रेज बड़े अच्छे इतिहासकार थे। किसी भी चीज को देखना और उसके बारे में लिखकर दस्तावेज की शक्ल देना उन्हें बखूबी आता था। सालिम अली का युग तो बाद में आया पर उसके पहले बहुतेरे भारतीय पक्षियों का नामकरण अंग्रेजों द्वारा कर दिया गया। इस क्रम में कुछ नाम उन्होंने ऐसे बिगाड़े कि आप समझ ही नहीं पाएंगे कि इस पक्षी का नाम ऐसा क्यूं दिया गया? अब हरी मुनिया को ही लीजिए। ये पक्षी अंग्रेजी में ग्रीन अवदावत (ग्रीन मुनिया) के नाम से मशहूर है। अब अवदावत तो अंग्रेजी मूल का शब्द है ही नहीं तो क्या आपने कभी सोचा कि आखिर बेचारी इस छोटी और प्यारी-सी मुनिया का नाम अवदावत कैसे हो गया? इतिहास के पन्नों को टटोलें तो पाएंगे कि ये नाम दरअसल भारत के गुजरात राज्य के शहर अहमदाबाद का अपभ्रंश है। सत्रहवीं शताब्दी में अंग्रेजों ने अपने दस्तावेजों में अहमदाबाद में पिंजरों में बंद इन सुंदर पक्षियों का जिक्र किया है। वहीं से इन्हें यूरोप भी ले जाया गया। कहीं अमिदावाद, कहीं अमदावत होते होते इस श्रेणी के पक्षियों का नाम अंग्रेजों ने अवदावत कर दिया। वैसे तो भारत में मुनिया परिवार के 8 सदस्य हैं जो भारत के विभिन्न हिस्सों में पाए जाते हैं पर हरी मुनिया मुख्यतः मध्य एवं उत्तर पश्चिमी भारत में पाई जाती है। दस सेमी की लंबाई वाली हरी मुनिया भारत की एक स्थानिक पक्षी है जो अक्सर पानी के पास खेत खलिहानों और सूखी झाड़ियों के आस पास पाई जाती है। इसके शरीर का ऊपरी हिस्सा जैतूनी हरे जैसा होता है जबकि गले के नीचे का हिस्सा हल्के पीले से शुरू होते हुए वक्ष, उदर और पिछले हिस्से में गहरा पीला होता चला जाता है। हरी मुनिया के परों का ऊपरी हिस्सा एक पीलापन लिए होता है जबकि नीचे के पंख काले होते हैं। भगवन के दिए इस हरे पीले रंग के समायोजन में इसकी गहरी लाल लिपस्टिक जैसी चमकती चोंच और सफ़ेद काली धारियों के नमूने से युक्त उदर और पंखों के बीच का हिस्सा इसके रूप में चार चांद लगाते हैं। जैसा कि पक्षियों में अक्सर होता है नर के रंग मादा से अपेक्षाकृत ज्यादा चटकदार होते हैं। बच्चों में चोंच का रंग काला होता है और वयस्क रूप में आने के पहले तक शरीर पर सफ़ेद काली धारियों वाला डिजाइन भी नहीं आता। घास पात से बने इनके छोटे गोलाकार घोंसले एक ओर से खुले होते हैं जिनमें ये एक बार में तीन से चार अंडे देते हैं। घास के बीज इनका प्रिय आहार हैं वैसे प्रजनन काल में ये पोषण के लिए कीटों को भी अपना भोजन बनाते हैं। लाल मुनिया की तरह इन्हें भी आप झुंड में अपना दाना ढूंढ़ते देख सकते हैं। बहेलियों द्वारा पकड़ कर पिंजरों में इस पक्षी के व्यापार का पुराना इतिहास रहा है जो अभी तक कमोबेश जारी है। इसके साथ साथ घटते आवास क्षेत्र ने इस मुनिया को संकटग्रस्त की श्रेणी में ला खड़ा किया है। हालांकि इनका व्यापार निषेध है फिर भी सैकड़ों की संख्या में अभी भी देश विदेश में इस पक्षी की तस्करी की जा रही है। भारत का वन विभाग राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा के कुछ वनवन्यजीव अभयारण्य में इनके संरक्षण की पुरजोर कोशिश कर रहा है। देश में सबसे आसानी से इसे राजस्थान के माउंट आबू में देखा जा सकता है। अगर सभी प्रकृति प्रेमी और सरकारी संस्थाएं पक्षी व्यापार से इनके बचाव और कम होते आवास क्षेत्र के प्रति सजग नहीं होंगी तो वो दिन दूर नहीं जब ये हरी पिंजरे वाली मुनिया इस देश से सदा के लिए फुर्र हो जाएगी।

सालिम अली का युग तो बाद में आया पर उसके पहले बहुतेरे भारतीय पक्षियों का नामकरण अंग्रेजों द्वारा कर दिया गया। इस क्रम में कुछ नाम उन्होंने ऐसे बिगाड़े कि आप समझ ही नहीं पाएंगे कि इस पक्षी का नाम ऐसा क्यूं दिया गया? अब हरी मुनिया को ही लीजिए। ये पक्षी अंग्रेजी में ग्रीन अवदावत (ग्रीन मुनिया) के नाम से मशहूर है। अब अवदावत तो अंग्रेजी मूल का शब्द है ही नहीं तो क्या आपने कभी सोचा कि आखिर बेचारी इस छोटी और प्यारी-सी मुनिया का नाम अवदावत कैसे हो गया?

# न्याय होता हुआ दिखे: तारीख़ पर तारीख़ की संस्कृति बदले

सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को मज़बूत करने में न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, ग़रीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ़ कमज़ोर समूहों का योग्य संरक्षक और करोड़ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छोड़कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और क़ानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, बढ़ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी चीज़ों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है-नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके।

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 75 वर्ष का गरिमामय सफर पूरा किया है। यह केवल एक ऐतिहासिक पड़ाव नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को परखने का अवसर भी है। न्यायपालिका ने इन आठ दशकों में अनेक युगांतरकारी फैसले दिये, जिन्होंने संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की। किंतु आज सबसे बड़ी चुनौती न्याय में विलंब की है। समय पर न्याय न मिले तो न्याय का वास्तविक अर्थ ही खो जाता है। शायद यही कारण है कि न्यायिक बिरादरी के आयोजनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य न्यायाधीशों ने एक स्वर से कहा कि अब 'तारीख़ पर तारीख़' की संस्कृति को समाप्त करने का समय आ गया है। जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को मज़बूत करने में न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, ग़रीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ़ कमज़ोर समूहों का योग्य संरक्षक और करोड़ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छोड़कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और क़ानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, बढ़ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी चीज़ों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है-नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है। इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों बढ़ोतरी से पूरा समाज हिला हुआ है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि अपराधियों के मन से कानून का भय लगभग समाप्त हो चुका है। यही कारण है कि अब न केवल कठोर कानून बल्कि त्वरित और निष्पक्ष न्याय की मांग बलवती हो रही है। आज न्यायपालिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती है-न्याय में विलंब। जिला अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक करोड़ों मामले लंबित हैं। केवल जिला अदालतों में ही साढ़े चार करोड़ से अधिक मामले अटके पड़े हैं। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा को आहत करती है, क्योंकि न्याय में विलंब, न्याय के इनकार के समान है। दरअसल, लंबित मामलों के पीछे कई कारण हैं-न्यायाधीशों की अपर्याप्त संख्या, अदालती प्रक्रियाओं की जटिलता, अनावश्यक स्थगन, वकीलों द्वारा मुकदमों को खींचना और पुलिस-प्रशासन की लापरवाही। यही वजह है कि अपराधियों के मन से कानून का भय कम होता जा रहा है और आम नागरिक का भरोसा डगमगाने लगता है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ जिला एवं स्थानीय अदालतें हैं। यदि इन स्तरों पर शीघ्र और सस्ता न्याय नहीं मिलेगा, तो सुप्रीम कोर्ट की उपलब्धियां अधूरी मानी जाएंगी। सर्वोच्च न्यायालय समय-समय पर स्वतः संज्ञान लेकर राहत देता रहा है-जैसे हाल ही में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रोटोकॉल बनवाने की पहल। किंतु जिला स्तर पर ऐसी सजगता और सक्रियता नहीं दिखाई देती। इसलिए सुधार की असली शुरुआत निचले स्तर से ही करनी होगी। भारतीय न्याय प्रणाली की विसंगतियां और सुधार की राह जटिल है, लेकिन असंभव नहीं है। दृढ़ संकल्प एवं कार्ययोजना के साथ आगे बढ़े तो आजादी के अमृतकाल में हम न्याय प्रणाली को युगांतरकारी मोड़ दे सकते हैं। देश में जनसंख्या के अनुपात में न्यायाधीशों की संख्या बहुत कम है। तत्काल नियुक्तियों और प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। ई-कोर्ट, ऑनलाइन सुनवाई, डिजिटल साक्ष्य प्रबंधन जैसे कदम न्याय प्रक्रिया को गति दे सकते हैं। अनावश्यक स्थगन पर अंकुश जरूरी है। क्योंकि स्थगन देने की परंपरा अपराधियों और वकीलों के लिये हथियार बन चुकी है। इस पर कड़ा नियंत्रण जरूरी है। पुलिस व जांच एजेंसियों को दायित्वशील एवं जिम्मेदार बनाना होगा। क्योंकि पुख्ता सबूतों और चार्जशीट समय पर दाखिल करने से ही मामलों में शीघ्र निर्णय संभव है। अदालतों के साथ-साथ वकीलों और पुलिस पर भी जवाबदेही तय करनी होगी। महिलाओं, बच्चों और संवेदनशील मामलों के लिये विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतों को और मजबूती देनी होगी। न्यायिक प्रकिया से जुड़े कामकाज की समीक्षा होनी जरूरी है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न मुख्य न्यायाधीशों ने बार-बार निचली अदालतों में न्यायाधीशों की कमी का मुद्दा भी उठाया है। जाहिरा तौर पर संसाधनों की कमी भी न्यायिक प्रक्रिया की गति को प्रभावित करती है। कुछ लोग मानते हैं कि सख्त कानून के साथ ही त्वरित न्याय भी अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना पाएगा। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। यही वजह है कि देश में शीर्ष स्तर पर भी यह धारणा बलवती हो रही है कि विभिन्न हितधारक सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं, जिससे उस धारणा को तोड़ा जा सकता है कि न्याय देने वाली प्रणाली तारीख पर तारीख की संस्कृति को बढ़ावा देती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष होने पर शीर्ष न्यायिक नेतृत्व लंबित मामलों के निपटारे के लिये नई प्रभावी रणनीति बनाएगा। निस्संदेह, भारतीय न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली जिला अदालतें भी इस दिशा में बदलावकारी पहल कर सकती हैं। जिससे आम आदमी का न्यायिक व्यवस्था में भरोसा और मजबूत हो सकेगा। अमेरिका जैसे देशों में किसी भी मामले के लिए अधिकतम अवधि तीन वर्ष तय है, जबकि भारत में 20-30 वर्षों तक मुकदमे चलते रहना आम बात है। इस विसंगति को दूर करने के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की सीमा तय की जानी चाहिए। हाल ही में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी की उम्मीद है। यदि इन कानूनों का सही क्रियान्वयन हो, तो 'तारीख पर तारीख' की संस्कृति पर अंकुश लग सकता है। सर्वोच्च न्यायालय का 75 वर्ष का यह सफर लोकतंत्र के इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय है। इस अवधि में आपातकाल जैसे संकटों से लेकर सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं के अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक अनेक क्षेत्रों में इसने ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। किंतु आने वाले 25 वर्षों में न्यायपालिका की असली परीक्षा इस बात पर होगी कि वह न्याय को त्वरित, सुलभ और सर्वसुलभ बना पाती है या नहीं? न्यायपालिका आज भी आम नागरिक के लिये अंतिम आशा की किरण है। परंतु इस भरोसे को जीवित रखने के लिए उसे अपनी कमजोरियों को दूर कर एक नए युग की शुरुआत करनी होगी-जहाँ न्याय केवल 'होता हुआ' न रहे, बल्कि 'दिखता हुआ' भी हो। यही सर्वोच्च न्यायालय की 75 साल की यात्रा का वास्तविक उत्सव और सार्थक स्मरण होगा। -ललित गर्ग

# भारतीय एकता का अद्भुत प्रतीक गणेशोत्सव

**चारु सक्सेना**



भारत जैसे विस्तृत और विविधतापूर्ण देश में गणेशोत्सव एक तरह से सभी भारतीयों को सर्वत्र एक सूत्र में पिरोने में सहायक सिद्ध हुआ है। उत्तर हो या दक्षिण, पूरब या पश्चिम समस्त भारत में गणेशोत्सव को राष्ट्रीय एकता के रूप में मान्यता प्राप्त है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने जिस समय गणेशोत्सव को सार्वजनिक पर्व का स्वरूप देने का प्रयास किया उस समय देश गुलाम था। अंग्रेजों की 'फूट डालो और शासन करो' की नीति ने भारतीय समाज को बहुत कमजोर कर रखा था। लोगों में एकता का पूरी तरह अभाव था और छोटी-छोटी बातों के लिए लोग आपस में ही संघर्ष कर रहे थे। राष्ट्रहित या समाज हित गौण हो चुका था। समाज की चेतन शक्ति लुप्त हो चुकी थी। शैव परिवार में एक प्रमुख देवता के रूप में गणेश की पूजा तो प्राचीन काल से बहुत प्रचलित है, परन्तु सार्वजनिक उत्सव और राष्ट्रीय त्यौहार का रूप देने का श्रेय लोकमान्य तिलक को ही है। तिलक ने देश को खंडित होने से बचाने के लिए विवेक और ज्ञान के प्रतीक गणेश जी को सामाजिक एकता का माध्यम चुना। उन्होंने जन-जन में इस बात का आह्वान किया कि जब लोग विवेक और ज्ञान को महत्व नहीं देंगे तब तक उन्हें गुलामी से मुक्ति नहीं मिल सकती। अज्ञान और विवेकहीनता ही उनके सर्वनाश का कारण बना हुआ है। तिलक ने महाराष्ट्र में गणेश पूजन को सामाजिक उत्सव के रूप में प्रतिष्ठित कराया और उसके माध्यम से छिन्न-भिन्न हो रहे भारतीयों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया। आज यह उत्सव न केवल महाराष्ट्र में सार्वजनिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, बल्कि समस्त भारत में इसे राष्ट्रीय पर्व के रूप में सम्मान प्राप्त हो चुका है। गणेशोत्सव का महत्व यह है कि इस अवसर पर लोग धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी करते हैं। इस अवसर पर संगीत, भजन, कीर्तन, प्रवचन आदि से सारे देश में अत्यंत सौहाद्र्र का वातावरण बन जाता है और इस प्रकार राष्ट्रीय सद्भाव एवं एकता की भावना को बल मिलता है। भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष के चौथे दिन गणेशजी की पूजा होती है। इस पूजन को विनायक चतुर्थी भी कहते हैं। इस अवसर पर होली और दीवाली की भांति सारे देश में कुछ समय पहले से ही गणेशोत्सव की तैयारी शुरू हो जाती है। महाराष्ट्र में 'गणपति बाप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया' के नारे से सारा महाराष्ट्र गूंज उठता है। पर्व की तैयारी में हर वर्ग और आयु के लोग शामिल होते हैं। सुबह होते ही लोग नए-नए परिधानों में बाजार जाकर गणेशजी की मूर्तियां खरीदते हैं। बाजारों में गणपति की विभिन्न मूर्तियां मिलती हैं। इन मूर्तियों के आकार कुछ भी हो, लेकिन ये मूर्तियां प्रायः एक सी रहती हैं। इस दिन देश भर में घर-घर में गणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाती है। यह मूर्ति घर में कितने दिन रखी जाए यह उस घर की परम्परा पर निर्भर करता है। किसी के घर में डेढ़ दिन, किसी के घर में पांच दिन, किसी के घर में सात दिन, नौ दिन या फिर पूरे दस दिन यानी अनंतचतुर्दशी तक गणपति की मूर्ति रखी जाती है। देश के कुछ हिस्सों में मूर्तियों को लाकर घर में अत्यंत मनोहारी ढंग से सजावट किए जाने की प्रथा है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस अवसर पर लगभग हर मोहल्ले में सार्वजनिक गणपति की स्थापना होती है। इसकी मान्यता इस बात से लगाई जा सकती है कि कहीं-कहीं सार्वजनिक गणपति की ऊंचाई सौ फुट तक पहुंच जाती है। कई घरों में गौरी पूजा की भी प्रथा है।

## सेहत मंत्र

# शरीर में प्रोटीन की कमी हो गयी है तो तुरंत ध्यान दें वरना मुश्किल होगी

हमारे शरीर की कार्यप्रणाली कुछ इस प्रकार है कि जब भी इसमें आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होने लगती है तो शरीर इसके लिए संकेत देता है। अगर आप उन संकेतों को सही समय पर समझ लेते हैं तो आप खुद को लंबे समय तक बेहद आसानी से स्वस्थ रख पाते हैं। लेकिन अधिकतर लोग ऐसे होते हैं जो या तो उन लक्षणों को समझते ही नहीं हैं या फिर समझकर भी अनदेखा कर देते हैं। आपको शायद पता न हो लेकिन आपकी अनदेखी आपको बाद में बहुत बड़ी मुसीबत में डाल देती है। तो चलिए आज हम आपको ऐसे कुछ संकेतों के बारे में बताते हैं, जो आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पर प्रकाश डालते हैं- अगर आपको अक्सर अपनी मांसपेशियों में दर्द का अहसास होता है तो यह बताता है कि आपकी मसल्स काफी कमजोर हो गई हैं। मसल्स में कमजोरी का एक मुख्य कारण आपके शरीर में प्रोटीन की कमी होती है। प्रोटीन को यदि मांसपेशियों का ईंधन कहा जाए तो गलत नहीं होगा। वहीं प्रोटीन आपके शरीर में अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों जैसे कि आयरन और कैल्शियम को अवशोषित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों पोषक तत्व आपकी मांसपेशियों के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें हर थोड़ी देर में भूख लगती है। इसे आप भले ही अपने स्वास्थ्य के लिए अच्छा मानते हों लेकिन यह फूड क्रेविंग खासतौर से मीठा खाने की तलब इशारा करती है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी हो गई है। दरअसल, प्रोटीन एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसे पचाने में आपके शरीर को अधिक मेहनत की आवश्यकता होती है। जब आप पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन लेते हैं तो आपको काफी देर तक पेट भरे होने का अहसास होता है और आपको जल्दी भूख नहीं लगती।

## धर्म मंत्र

# सूर्यदेव को लगाएं महुए के तेल का दीपक, दुर्भाग्य हो सकता है दूर

अगर बहुत कोशिश करने के बाद आप किसी काम में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसका कारण कुंडनी में दोष भी हो सकता है। ग्रह दोष के कारण कई बार बनते हुए काम भी बिगड़ जाते हैं। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन दोषों को दूर कर सकते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. प्रवीण द्विवेदी के अनुसार, सूर्यदेव से संबंधित कुछ उपाय करने से किसी का भी बुरा समय दूर हो सकता है। ऐसा ही एक उपाय है- सूर्यदेव के सामने 4 अलग-अलग तरह के तेल के दीपक जलाना और 1 मंत्र बोलना। इस उपाय से न सिर्फ आपका दुर्भाग्य दूर हो सकता है बल्कि धन लाभ और सौभाग्य भी मिल सकता है।

उपायः 1. सूर्यदेव को महुए के तेल का दीपक लगाने से दुर्भाग्य दूर होता है। 2. सूर्यदेव को घी का दीपक लगाने से बीमारियों का नाश होता है। 3. सूर्यदेव को तिल के तेल का दीपक लगाया जाए तो सभी तरह की समस्याओं का समाधान हो सकता है। 4. सूर्यदेव को सरसों के तेल का दीपक लगाने से शत्रु पराजित होते हैं। 5. दीपक लगाने के बाद नीचे लिखा सूर्य मंत्र बोलें - नमो धात्रे विधात्रे च अर्यम्णे वरुणाय च।, पूष्णे भगाय मित्राय पर्जन्यायांशवे नमः।।

पूजन विधिः दीपक लगाने से पहले सुबह स्नान आदि करने के बाद सूर्यदेव की प्रतिमा या चित्र की पूजा करें। सूर्यदेव को लाल फूल और गुड़ का भोग अर्पित करें। मंत्र जाप के बाद सूर्यदेव की आरती करें।

## पर्यटन



# सुबह की सैर करनी हो या पिकनिक मनानी हो, आइए दिल्ली के लोदी गार्डन

अगर आप दिल्ली की भीड़-भाड़ और शोर-शराबे से दूर एक शांत जगह पर जाना चाहते हैं और प्राकृतिक छटा भी निहारना चाहते हैं तो लोधी गार्डन काफी अच्छा विकल्प हो सकता है। यह दिल्ली के लोगों का पसंदीदा पिकनिक स्थल भी है। 90 एकड़ के क्षेत्र में फैला यह गार्डन भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है जिसमें लोधी और मुहम्मद शाह के दो महत्वपूर्ण मकबरे शामिल हैं। मकबरों के अलावा बगीचे में बड़ा गुम्बद और शीश गुम्बद भी स्थित है। सुबह यहां जॉगिंग करने वालों की भीड़ नजर आती है। बड़ी संख्या में लोग यहां व्यायाम और योग करने भी आते हैं। ऐसे प्रेमी जोड़े, जो भीड़-भाड़ से दूर अकेलेपन की तलाश में होते हैं, बड़ी संख्या में दिन के समय यहां आते हैं। यहां बेंच पर बैठ कर मूंगफली खाते हुए प्यार भरी बातें करना आखिर किसे नहीं सुहाएगा! यह स्थान बहुत खूबसूरत और शांतिपूर्ण है, घास, फूलों और छोटी झीलों की वजह से यह एक पिकनिक हॉटस्पॉट है और दिल्ली के लोगों के लिए सुबह की सैर के लिए एक बढ़िया स्थान है। इस पार्क में हर सुबह योग कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। लोधी गार्डन का ऐतिहासिक महत्वः लोधी रोड पर स्थित ये पार्क ऐतिहासिक दृष्टि से भी काफ़ी महत्वपूर्ण है, 90 एकड़ में फैले इस पार्क में कई मुगल शासकों के मक़बरे हैं जिसमें मोहम्मद शाह और सिकंदर लोदी के मक़बरे प्रसिद्ध हैं। सुबह-शाम स्थानीय लोग इस पार्क में टहलने के लिए आते हैं तो दोपहर होते-होते यहाँ प्रेमी-युगलों के अलावा पर्यटक भी आने लगते हैं। इस पार्क में मुगल शासकों के मकबरों के अलावा शीश-गुंबद और बड़ा-गुंबद भी है। लोधी गार्डन में लोधियों द्वारा 15वीं सदी की वास्तुकला का काम किया गया है, लोधी वे थे जिन्होंने उत्तरी भारत और पंजाब के कुछ हिस्सों पर और पाकिस्तान के नवीन युग के खैबर पख्तूनख्वा पर वर्ष 1451 से 1526 तक शासन किया था। अब इस स्थान को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षण प्राप्त है। ये गार्डन दिल्ली की खान मार्किट और सफदरजंग मकबरे के मध्य स्थित है।

# लेखक साहित्यकारों की कलम में होती है परिवर्तन शक्ति : गोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । लेखक और साहित्यकारों की लेखनी और शब्दों में बदलाव की ताकत होती है इनका एक-एक शब्द और रचनाएँ हमें प्रेम साहस सत्य के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने उर्दू हिंदी गीत गजलों के लिए जनपद ही नहीं पूरे देश में प्रसिद्ध साहित्यकार मूसा खान ''अशांत'' एवं अमरीश ''अंबर'' को, पंडित राजनाथ शर्मा, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, समाजसेवी उमेर किदवई, सलाहुद्दीन किदवई, डॉक्टर कुलदीप सिंह, अजय वर्मा बब्लू, उर्दू कबीला के संस्थापक फसल इनाम मदनी, सैयद मोहम्मद हारिस, तारिक किदवई, सभासद ताज बाबा राइन के साथ अपने सिविल लाइन आवास पर साहित्यिक और कल्चरल संस्था उर्दू कबीला के पदाधिकारी द्वारा आयोजित साहित्य सम्मान कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि अमरीश अंबर एवं मूसा खान अशांत को अंग वस्त्र गुलदस्ता एवं गीतांजलि, शहरयार नीम का पेड़, स्वामी विवेकानंद जीवन परिचय जैसी प्रसिद्ध पुस्तक भेंट कर दोनों साहित्यकारों का उत्साह वर्धन करते हुए व्यक्त किये। पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि इन दोनों साहित्यकारों ने अपने गीत कविता गजल के माध्यम से हिंदी उर्दू को मजबूती प्रदान करने के साथ समाज की समस्याओं परेशानियां को अपने साहित्य के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए जो कार्य किया है उसके लिए इनकी जितनी सराहना की जाए वह कम है। इस मौके पर सर्वेश सिंह पाटेश्वरी प्रसाद रणंजय शर्मा नसीम कीर्ती वीरेंद्र प्रधान आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों की सराहनीय पहल, चाय पर चर्चा समस्याओं पर विचार विमर्श



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। भारतीय युवा संघर्ष मोर्चा (अराजनैतिक) के तत्वावधान में निंदूरा में चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।इस चर्चा में समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने, समाज को संगठित करने, रोजगार सृजन, तथा लोगों में आपसी सौहार्द कायम करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विमर्श हुआ।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता अनुज सम्राट ने कहा कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं पर कार्य कर रही है, जिनकी जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। संगठन इस दिशा में पूरी ताकत के साथ कार्य करेगा, ताकि जागरूकता जन-जन तक पहुंचे और वंचित लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि हमें संगठित होकर समाजहित में कार्य करने की आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति के भीतर राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना समय की मांग है। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ लोग संजय रावत, कौशल किशोर, अतुल, डॉ. सुरेश, असगर सिद्दीकी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# एक्सपोज़र विज़िट में प्रतिभाग करेंगे भंडार प्रधान चंदन, निंदूरा का बड़ा मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भंडार के ग्राम प्रधान चंदन लाल तेलंगाना में आयोजित पांच दिवसीय राज्य एक्सपोज़र विज़िट में प्रतिभाग करेंगे। आगामी आठ सितंबर से 12 सितम्बर तक विजिट में प्रतिभाग के साथ ही वे झारखंड राज्य की उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों का भी भ्रमण करेंगे। ग्राम प्रधान चंदन लाल द्वारा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को लेकर कई बार प्रशंसा हो चुकी है। उन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित भी किया गया। अब वह झारखंड की मॉडल ग्राम पंचायतों से बेहतर कार्य प्रणाली और नवाचारों का अनुभव हासिल करेंगे।

एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस विज़िट का मुख्य उद्देश्य पंचायतों की कार्यशैली में गुणवत्ता सुधार लाना और विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना है।

## झाड़ियों के आगोश में बिजली के खंभे, हादसे की आशंका से ग्रामीण परेशान

सिद्धौर बाराबंकी। क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही किसी बड़े हादसे को आमंत्रित कर रही है। जंगली बेलों और झाड़ियों ने कई स्थानों पर बिजली के खंभों को इस कदर जकड़ लिया है कि अब खंभे पूरी तरह अदृश्य हो चुके हैं। हालात यह हैं कि विभागीय कर्मियों को मानो किसी अनहोनी का इंतजार है।सिद्धौर क्षेत्र के दीनपनाह गांव के पास एक बिजली का खंभा जमीन से लेकर ऊपर तक बेलों से इस प्रकार घिर चुका है कि उसकी पहचान करना भी मुश्किल है। यही हाल प्राथमिक विद्यालय के पास और जमलापुर दरिया फैक्ट्री मार्ग पर लगे बिजली के खंभों का है। इन पर भी बेलों और झाड़ियों का ऐसा कब्ज़ा है मानो खंभे की जगह कोई झाड़ी ही उगी हो।ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से रोज़ाना सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं और राहगीर आते-जाते हैं। ऐसे में अगर किसी भी समय बिजली के तारों से करंट झाड़ियों के जरिए जमीन तक उतर आया, तो बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। बारिश के मौसम में खतरा और बढ़ गया है, क्योंकि झाड़ियों में नमी बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि इसी कारण करंट का रिसाव होकर कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है।ग्रामीणों ने बिजली विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# नई परंपरा की अनुमति नहीं, धार्मिक आयोजनों में फूहड़ता कतई बर्दाश्त नहीं : राजेश कुमार विश्वकर्मा

**धार्मिक आयोजनों एवं में बजने वाले गानों की पेनड्राइव पहले थाने पर जमा करवानी होगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हैदरगढ़ बाराबंकी। आगामी बारावफात, गणेश प्रतिमा विसर्जन तथा अन्य आने वाले त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम श्री विश्वकर्मा ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयोजन पूर्व निर्धारित परंपरागत स्वरूप में ही सम्पन्न किए जाएँ। उन्होंने बताया कि बारावफात का जुलूस सुबह 9:30 बजे नई सड़क चौराहे पर एकत्र होगा और 11:30 बजे तक चौराहा पूरी तरह खाली कर दिया जाएगा। इसके साथ ही पूरा कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे तक समाप्त करना अनिवार्य होगा।एसडीएम ने कहा कि गणेश प्रतिमा विसर्जन समय से किया जाएगा। उन्होंने आयोजकों को निर्देशित किया कि जो भी गाने-बजाने की सामग्री है, उसकी पेन ड्राइव पहले से थाने में जमा करनी होगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजनों में किसी भी प्रकार की फूहड़ता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभी की धार्मिक भावनाओं का सम्मान होना चाहिए।उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि किसी भी सरकारी स्थल पर धार्मिक झंडे नहीं लगाए जाएँगे। एसडीएम ने लोगों से नवीन परंपरा की नींव न रखने, आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की।इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी जटा शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी सहित नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में त्योहारों को शांति, सुरक्षा और परंपरागत गरिमा के साथ सम्पन्न कराने की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई।

# भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन यात्रा, जय गणेश से गूंजा वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





जैदपुर /रामनगर/निंदूरा बाराबंकी। ग्राम पंचायत बहरौली के जहागीराबाद में कल्याण राजपूत द्वारा स्थापित गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन रविवार को धूमधाम से किया गया। विसर्जन यात्रा में सैकड़ों भक्तजन शामिल हुए और जयकारों के साथ पूरे उत्साह से गणपति बप्पा का विदाई कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। गाँव की गलियों से होते हुए शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी श्रद्धा भाव से शामिल हुए। भक्ति गीतों की धुन पर नाचते-गाते श्रदालु नजर आए। इस मौके पर भक्तों ने भगवान गणेश से गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर श्रीश रावत,दीपक यादव सहित सैकड़ो भक्तगण उपस्थित रहे।रामनगर प्रतिनिधि रामकुमार मौर्य ने बताया कि ग्राम अमोली कला में आयोजित श्रीगणेशोत्सव रविवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ पूर्ण हुआ।हजारों ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की सहभागिता से घाघरा नदी के किनारे वातावरण भक्तिमय हो उठा।ढोल नगाड़ों और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच विसर्जन यात्रा संजय सेतु पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा विसर्जन संपन्न हुआ।सुरक्षा हेतु थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा।वहीं विसर्जन स्थल पर अन्य स्थानों की मूर्तियों का भी सुरक्षित वातावरण मध्य विसर्जन हुआ।

जैदपुर प्रतिदिन के अनुसार नगर पंचायत के मोहल्ला संगत स्थित श्री राम जानकी बालाजी महाराज संगत मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय श्री गणेश जी महोत्सव के अंतिम दिन. हवन पूजा आरती के पश्चात भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विसर्जन शोभा यात्रा मे गणेश जी महाराज का दिव्य दरबार राधा कृष्ण की झांकी एवं शंकर पार्वती जी आदियोगी की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

विसर्जन यात्रा में ऊंट घोड़े डीजे ब्रास बैंड भांगड़ा नृत्य मंडली शंख घंटा घड़ियाल आतशबाजी आदि से सुशोभित शोभा यात्रा में शामिल भक्तगण अबीर गुलाल उड़ाते गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आना हुए धार्मिक नारों लग रहे थे नारों से वातावरण गूंजेमान हो गया।इस दौरान नगर भर में यात्रा में शामिल भक्तों पर पुष्प वर्षा होती रही।

साथ ही जगह-जगह समाज सेवियों द्वारा प्रसाद वितरण कर मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा के मार्गो पर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा सफाई व्यवस्था के साथ चूना छिड़काव की उचित व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ सदर के नेतृत्व में जैदपुर थाना प्रभारी के साथ पुलिस बल मुस्तैद रहा। इस दौरान जैदपुर पुलिस के नेतृत्व में अर्ध सैनिक बलों ने फ्लैग मार्च किया। थाना चौराहा पर व्यापारी गायत्री जैसवाल द्वारा भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। मीडिया टीम 9 के पत्रकारों द्वारा भी प्रसाद का वितरण किया गया।

# गणेश चतुर्थी पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में गूँजे कवियों के स्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । तहसील क्षेत्र के अमोली कला ग्राम में श्रीगणेश चतुर्थी महोत्सव के अवसर पर बीते शनिवार की रात्रि भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नेहा आनंद एवं समाजसेवी राहुल अवस्थी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया।सम्मेलन में मंच पर देश के ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपनी ओजस्वी व भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि कामता माखन की ओज कविताओं ने देशभक्ति का जज़्बा जगाया, वहीं योगिता चौहान ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं की आँखें नम कर दीं। वेदव्रत वाजपेई की हास्य-व्यंग्य से भरी प्रस्तुतियों पर दर्शक ठहाकों से गूंज उठे। इसके अलावा रामकिशोर तिवारी, अमन सोनी और शिवम कुमार आज़ाद की काव्यधारा ने उपस्थित जनसमूह को देर रात तक बाँधे रखा। गाँव की पावन धरती पर रातभर काव्यगंगा बहती रही और हर कोई साहित्यिक रस में सराबोर होता रहा। कार्यक्रम के संयोजक रमाकांत शुक्ला एडवोकेट रहे, जिन्होंने कवियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। आयोजन समिति द्वारा उपस्थित कवियों, पत्रकारों और गणमान्य व्यक्तियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर गाँव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और काव्य प्रेमी उपस्थित रहे। काव्यधारा का यह अनुपम संगम अमोली कला ग्राम के सांस्कृतिक इतिहास में एक यादगार क्षण बन गया।

## बरसात से पंजाब में तबाही, सुमन ने की सहायता की पहल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंजाब में भारी वर्षा और हिमाचल प्रदेश की नदियों से छोड़े गए पानी से आई विकराल बाढ़ ने पंजाब के ग्रामीण छेत्रों को तबाह कर दिया है। पंजाब के लगभग सात जिले भारी रूप से प्रभावित हुए हैं। खेत और घर जलमग्न हो गए हैं। किसानों के पास अपने पशुओं के लिए चारा भी नहीं बचा है। पंजाब में भारी और लगातार वर्षा से तथा हिमाचल प्रदेश से पानी के बहाव के साथ-साथ भारतीय बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण भारी तबाही मची हुई है। इतना ही नहीं बाढ़ के कारण पंजाब के कम से कम सात जिलों को हाई अलर्ट पर भी रखा गया है।खेत तीन-4 फीट पानी में डूब गए हैं। जिससे फसले पूरी तरह से नष्ट हो गई है। पशुधनः पशु चारे की कमी के कारण परेशान हैं। हालात बहुत ही भयानक है। निचले घरों में पानी से डूब गए हैं और ऊंचे इलाकों में भी अब पानी घुसने लगा है। जिसके बाद ग्रामीणों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है ऐसे में सभी को पंजाब की मदद करनी होगी। पंजाब के किसानो की मदद के लिए अपील करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा की सभी को पंजाब की मदद के लिए आगे आना होगा। जिसकी शुरुआत उन्होंने बाराबंकी से की है

## महादेवा कॉरिडोर, ठेकेदार की मनमानी से बढी दश्वारियां

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ठेकेदार की मनमानी कार्य शैली से स्थानीय नागरिक परेशान है। बेदर्दी भी कार्य से महादेवा तीर्थ की सभी नालियां व सड़क ध्वस्गत हुई है।श्री लोधेश्वर महादेवा में कॉरिडोर को लेकर इस समय मकान और दुकानें दोस्तीकरण का कार्य प्रगति पर है। ठेकेदार द्वारा मलवा और ईट निकालने का कार्य किया जा रहा है। जबकि तहसील प्रशासन ने ठेकेदार को सख्त आदेश दिया था कि खाली हुई जमीन को बराबर कर दिए जाएं। उनकी खुदाई ना की जाए ।लेकिन ठेकेदार द्वारा मिट्टी, मालवा, ईट की लगातार खुदाई की जा रही है और वह खुलेआम लोगों के हाथ बिक्री कर रहा है ।जब से काम शुरू हुआ है अंदर आने वाली सड़क और किनारे बनी हुई नालियां सब टूट गई हैं। उनके अंदर मालवा भरा हुआ है। जिससे पानी निकास की व्यवस्था भी ठीक नहीं है ।इसके अलावा स्थानीय लोगों ने बताया कि किसान सेवा केंद्र और उसके सामने बने हुए शौचालय को ठेकेदार ने भी गिरा दिया है। जबकि इसका अभी आदेश नहीं हुआ था। लेकिन मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार की मनमानी इस कदर की उसने प्रशासनकी अनुमति बिना मठ मंदिर के खंडहर पर भी जेसीबी चला दी।कई बार स्थानीय लोगों से ठेकेदार से झड़प भी हो चुकी है । क्योंकि अभी हाल में श्री लोधेश्वर महादेवा के अंदर जाने वाली सड़क की मरम्मत हुई थी। वह सब टूट कर खराब हो गई हैं ।जिसके चलते आवागमन बाधित हो रहा है।

## रेलवे पटरी समीप मिला महिला का शव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र में रानीबाजार रेलवे क्रॉसिंग के पास ग्राम ददौरा निवासी 60 वर्षीय महिला उर्मिला का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज।प्रारंभिक जांच में महिला की मौत ट्रेन से कट कर होने की आशंका जताई जा रही है।थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका मानसिक रोगी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृत्यु के कारण स्पष्ट होंगा।

## पुण्यतिथि पर याद आये कमला विद्या मंदिर के संस्थापक

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । करौंदिया स्थित कमला विद्या मंदिर के संस्थापक की पुण्यतिथि रविवार को हवन पूजन के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से जुड़े हुए लोग मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय प्रांगण में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि स्व. मथुरा प्रसाद श्रीवास्तव विद्यालय परिवार के अगुवा ही नहीं वरन सच्चे समाज सुधारक भी थे। वे सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे एवं गायत्री शक्ति पीठ के ट्रस्टी भी थे। इस अवसर पर जप व यज्ञ का अनुष्ठान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार श्रीवास्तव, ऋषि श्रीवास्तव, सुमन, सुप्रिया, सरिता, आराधना, त्रिभुवन नाथ चौबे, राजेश्वरी मिश्रा, पूनम, सुष्मिता, प्रिया, किसलय, हर्षित, प्रिंसी, गुलशिफा, मनीषा, गुड्डी, रवि तिवारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप : सात्विक-चिराग ने कांस्य पदक के साथ अभियान का किया समापन

एजेंसी

पेरिस। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल सेमीफाइनल में चीन के 11वें वरीय चेन बो यांग और लियू यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए पदक सुनिश्चित करने के एक दिन बाद सात्विक और चिराग के पास विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनने का मौका था लेकिन शनिवार की शाम को 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 19-21, 21-18, 12-21 से हारने के कारण उनका यह सपना पूरा नहीं हो पाया। भारतीय जोड़ी का विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने क्वार्टर




फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर 2011 से लेकर अब तक इस टूर्नामेंट में पदक जीतने का भारत का सिलसिला जारी रखा था। सेमीफाइनल में हालांकि भारतीय टीम चीनी जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना नहीं कर सकी। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। सात्विक और चिराग ने शुरुआती गेम में आक्रामक रवैया अपनाया और जल्द ही 9-3 की बढ़त बना ली। लेकिन चेन और लियू ने इसके बाद शानदार वापसी की और भारतीय जोड़ी को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद चिराग तीसरे गेम प्वाइंट पर चूक गए और चीन की टीम पहला गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करके 5-1 की बढ़त बना ली। सात्विक के स्मैश और चिराग के नेट पर आक्रामक खेल से भारतीय टीम को बढ़त हासिल करने में मदद मिली। लेकिन इसके बाद चिराग ने नेट पर बार-बार गलतियां की और सात्विक की सर्विस भी अच्छी नहीं रही जिससे चीन की जोड़ी ने स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। सात्विक के ज़बरदस्त स्मैश और भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत उन्होंने 21-18 से जीत हासिल की और निर्णायक गेम में प्रवेश किया। तीसरा गेम हालांकि एकतरफ़ा रहा। लियू की सर्विस ने चिराग को बार-बार परेशान किया और चीनी जोड़ी ने 9-0 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी इंटरवल के समय 3-11 से पीछे थी और इसके बाद वह वापसी करने में नाकाम रही।

# आप टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती की याद दिलाते थे, प्रधानमंत्री मोदी ने पुजारा से कहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की सराहना करते हुए लिखा कि उनकी दृढ़ खेल शैली टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती की याद दिलाती थी। पुजारा ने पिछले रविवार को अपने 103 टेस्ट मैच के शानदार करियर का अंत करते हुए संन्यास की घोषणा की थी। मोदी ने पुजारा को एक पत्र में लिखा, ''क्रिकेट के छोटे प्रारूपों के प्रभुत्व वाले युग में आप खेल के लंबे प्रारूप की खूबसूरती की याद दिलाते थे। आपके अडिग धैर्य और लंबे समय तक एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता ने आपको भारतीय बल्लेबाजी क्रम का आधार बनाया। भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले इस पूर्व बल्लेबाज ने पत्र की प्रति सोशल मीडिया पर पोस्ट की और प्रधानमंत्री को उनके गर्मजोशी भरे शब्दों के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री



मोदी ने 2018 और 2021 में ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो श्रृंखला जीतने के दौरान पुजारा की अहम भूमिका का जिक्र करते हुए लिखा, ''आपका उत्कृष्ट क्रिकेट करियर उल्लेखनीय कौशल तथा दृढ़ संकल्प के क्षणों से भरा पड़ा है, विशेषकर विदेशों में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में। उन्होंने कहा, ''उदाहरण के लिए प्रशंसक ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जैसे मौकों को हमेशा याद रखेंगे जब आपने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत के पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतने की नींव रखी थी! मोदी ने लिखा, ''सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमणों में से एक के सामने डटे रहकर आपने दिखाया कि टीम की जिम्मेदारी उठाने का क्या मतलब होता है। मोदी ने घरेलू क्रिकेट के प्रति पुजारा की प्रतिबद्धता की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ''खेल के प्रति आपका जुनून इस बात से भी झलकता है कि एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर होने के बावजूद आपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना जरूरी समझा, चाहे वह सौराष्ट्र के लिए हो या विदेश में। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, ''सौराष्ट्र क्रिकेट के साथ आपका लंबा जुड़ाव और राजकोट को क्रिकेट के नक्शे पर लाने में आपका योगदान इस क्षेत्र के हर युवा के लिए अपार गर्व का स्रोत रहेगा। पुजारा ने अपनी प्रतिक्रिया में लिखा, ''मैं अपने संन्यास पर हमारे माननीय प्रधानमंत्री से प्रशंसा पत्र प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा, ''आपकी भावनाओं की मैं बहुत सराहना करता हूं। अपनी दूसरी पारी में कदम रखते हुए मैं मैदान पर बिताई हर याद और मुझे मिले प्यार और प्रशंसा को संजोकर रखूंगा। धन्यवाद सर।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर लगा जुर्माना

एजेंसी

नई दिल्ली। हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका क्रिकेट टीम पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने यह जुर्माना लगाया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कार्मिकों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को बताया कि श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलांका ने अपराध और प्रस्तावित



दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। दरअसल, हरारे में खेले गए पहले एकदिवसीय मैच में श्रीलंका ने मेजबान जिम्बाब्वे को सात रन से हराया। मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 298 रन बनाए थे। इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 291 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ दो मैचों की एकदिवसीय सीरीज में श्रीलंका 1-0 से आगे है।

# हॉकी इंडिया ने कृष्ण बी पाठक को 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने पर दी बधाई

एजेंसी

राजगीर। हॉकी इंडिया ने रविवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर कृष्ण बी पाठक को 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का कीर्तिमान पूरा करने पर बधाई दी। पंजाब के कपूरथला के रहने वाले 28 वर्षीय कृष्ण बी पाठक ने राजगीर हॉकी स्टेडियम में चल रहे हीरो पुरुष एशिया कप राजगीर 2025 के दूसरे मैच में जापान के खिलाफ यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। भारत ने अपने अभियान की शुरुआत चीन पर 4-3 की रोमांचक जीत के साथ की थी, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक और जुगराज सिंह का गोल शामिल था, और अब उनका लक्ष्य जीत की लय को बरकरार रखना है। अपनी चपलता और निरंतरता के लिए जाने जाने वाले पाठक लखनऊ में 2016 में हुए एफआईएच जूनियर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा बनकर पहली बार सुर्खियों में आए। उन्होंने जनवरी 2018 में




चार देशों के टूर्नामेंट में जापान के खिलाफ सीनियर टीम में पदार्पण किया और जल्द ही टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। तब से, वह भारत की कई सबसे प्रसिद्ध जीतों का हिस्सा रहे हैं, जिनमें 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (पाकिस्तान के साथ संयुक्त स्वर्ण), हांग्जो में 2022 एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक और 2023 और 2024 में लगातार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब शामिल हैं। उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को भी व्यापक रूप से मान्यता मिली है। वे दो बार हॉकी इंडिया बलजीत सिंह अवार्ड फॉर गोलकीपर ऑफ द ईयर (वर्ष 2019, 2022) से सम्मानित हो चुके हैं। उन्हें 2024 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पाठक एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2020/21 और 2021/22 के दौरान भारतीय डिफेंस का मुख्य आधार बन गए, जहां उनके महत्वपूर्ण बचावों ने भारत को पोडियम स्थान दिलाया। वह 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे और भुवनेश्वर-राउरकेला में एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 में भी भाग लिया था। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के बाद दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश के संन्यास लेने के बाद पाठक भारत के भरोसेमंद और पहली पसंद के गोलकीपर रहे हैं। कृष्ण बी पाठक ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, ''यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक बेहद खास पल है। भारत का 150 बार प्रतिनिधित्व करना एक ऐसा सपना है जिसकी मैंने कपूरथला में हॉकी खेलना शुरू करते समय कल्पना भी नहीं की थी। यह उपलब्धि इसलिए और भी खास है क्योंकि यह हमारे लिए इतने महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के दौरान आई है। मैं अपने कोचों, टीम के साथियों और हॉकी इंडिया के सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मेरे पूरे सफर में मेरा साथ दिया।

# डीटीडीसी को उम्मीद, कुल कारोबार का 50 प्रतिशत हिस्सा होगा ई-कॉमर्स से

एजेंसी

मुंबई। कूरियर सेवा प्रदाता डीटीडीसी एक्सप्रेस का लक्ष्य है कि उसका ई-कॉमर्स कारोबार कुल राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचे। कंपनी इन दिनों 'रैपिड कॉमर्स' यानी तेज डिलीवरी सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही है, क्योंकि आज के ग्राहक अपने ऑर्डर की जल्द और समय पर डिलीवरी चाहते हैं। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक चक्रवर्ती ने बताया कि कंपनी ने इसी महीने अपनी रैपिड कॉमर्स सेवा 'रफ्तार' की शुरुआत की है, जिसमें चार से छह घंटे के अंदर डिलीवरी की जाती है। ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करने के लिए, डीटीडीसी एक्सप्रेस अगली तीन तिमाहियों में 125 छोटे गोदाम खोलने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, रैपिड कॉमर्स आज के दौर में एक बहुत ही उपयुक्त तरीका है। हम जानते हैं कि क्विक कॉमर्स का मतलब है मिनटों में डिलीवरी, जो तत्काल खरीदारी, जरूरी चीजों और किराना सामान के लिए बहुत बढ़िया है। चक्रवर्ती ने कहा, मुझे लगता है कि कई ऐसे उत्पाद हैं, जिनके लिए ब्रांडों को एक तेज, टिकाऊ और किफायती समाधान चाहिए। डीटीडीसी यही सुविधा देना चाहती है, ताकि ब्रांडों को ज्यादा पैसे खर्च न करने पड़ें। इस तरह वे सिर्फ बड़े शहरों तक ही नहीं, बल्कि छोटे शहरों तक भी पहुंच सकेंगे। यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि यह इस साल की शुरुआत में डीटीडीसी द्वारा शुरू किए गए 'विजन 2030' का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा, हमारा पारंपरिक कारोबार बहुत मजबूत और स्थिर है और उससे अच्छी कमाई भी होती है। लेकिन, हम जानते हैं कि नई मांगें और ग्राहक की जरूरतें अब नए क्षेत्रों में बढ़ रही हैं और इन्हीं में कंपनी अपना भविष्य देखती है। कंपनी ने अपने 35वें स्थापना दिवस के अवसर पर बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के साथ मिलकर एक रिपोर्ट जारी की है।

# ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख घर बनाने के लिए बातचीत कर रहा भारत: गोयल

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख घर बनाने के लिए बातचीत कर रहा है और इसके लिए यूएई से वित्तीय मदद मांगी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय संभाल रहे गोयल ने इस परियोजना को 500 अरब डॉलर का अवसर बताया। उन्होंने कहा, मैं ऑस्ट्रेलिया में अपने समकक्ष के साथ 10 लाख घर बनाने के लिए बातचीत कर रहा हूं। 10 लाख घर। कोई हिसाब लगाना चाहता है? ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख घर बनाना कम से कम 500 अरब डॉलर का मौका है। गोयल ने इस परियोजना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, जैसे कि ऑस्ट्रेलिया में यह घर कहां बनेंगे, ऑस्ट्रेलिया सरकार इस पर कितना पैसा खर्च करेगी, या इस पूरे काम में भारत की क्या भूमिका होगी। गोयल ने बताया कि भारत सरकार का प्रस्ताव है कि भारतीय कामगारों को ऑस्ट्रेलिया भेजा जाए, जहां उन्हें घर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे वहां के नियमों के अनुसार घर बना सकेंगे। कुछ रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में घरों की मांग ज्यादा है जबकि आपूर्ति कम है। इसी वजह से वहां घरों की कीमतें बहुत बढ़ गई हैं। हाल में हुए चुनावों में भी आवास एक अहम मुद्दा था। इस बड़े मौके (10 लाख घर बनाने) को 500 अरब डॉलर का बताते हुए, गोयल ने कहा कि उन्होंने वित्तीय मोर्चे पर मदद के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से संपर्क किया है, जो भारतीय रियल एस्टेट में एक महत्वपूर्ण निवेशक है। यूएई के वाणिज्य मंत्री थानी बिन अहमद अल जेयोदी के नेतृत्व में आए व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान गोयल ने कहा कि उन्होंने यूएई के सामने साझेदारी का प्रस्ताव भी रखा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैंने थानी से बात की कि क्या हम इस बड़े अवसर के वित्तपोषण में मदद के लिए साझेदारी कर सकते हैं। गोयल ने कहा कि दुनिया भर के देश गठजोड़ के लिए भारत की ओर देख रहे हैं और हमें ऐसे अवसरों का लाभ उठाने की जरूरत है। घरेलू उद्योग समूह सीआईआई के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, इन अवसरों का लाभ उठाना हमारा काम है। अगर हम चूक गए तो इसके लिए हम स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया एक मुक्त व्यापार समझौते पर भी बातचीत कर रहे हैं, तथा अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी भारत का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अमेरिकी कार्रवाई के सामने अडिग रहेगा और अपने माल के लिए नए बाजारों की तलाश करेगा। व्यापार वार्ता के मोर्चे पर हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य अगले दो सप्ताह में ओमान के साथ एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर हस्ताक्षर करना है।

# वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग

एजेंसी

नयी दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक से पहले वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर और इनसे संबंधित सेवाओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग की गयी है। वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर बनाने वाली कंपनियों, इनके डीलरों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के अलाभकारी संगठन वाटर क्वालिटी इंडिया एसोसिएशन ने इस संबंध में केंद्रीय राजस्व सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच एक मूलभूत आवश्यकता है। केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भूजल पीने लायक नहीं है और इसलिए लोग मजबूरी में वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर इस्तेमाल करते हैं। इसके बावजूद देश की सिर्फ छह प्रतिशत आबादी वाटर प्योरिफियर का इस्तेमाल करती है जबकि अन्य विकासशील देशों में यह आंकड़ा करीब 20 प्रतिशत है। एसोसिएशन ने 23 अगस्त को लिखे इस पत्र में तर्क दिया है कि जीएसटी में 18 प्रतिशत के दर स्लैब के कारण आम लोगों के लिए वाटर प्यूरिफायर काफी महंगा पड़ता है। इस पर कर की दर कम करने से ज्यादा लोग इसे खरीद पायेंगे और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी काफी सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि यह मांग कर स्लैब में बड़े सुधारों को लेकर जीएसटी काउंसिल की तीन और चार सितंबर को होने वाली दो दिवसीय बैठक से पहले की गयी है। आधिकारिक रूप से अभी सिर्फ इतना कहा गया है कि अब जीएसटी में चार की जगह दो कर स्लैब होंगे और आम लोगों के उपभोग की वस्तुओं पर कर की दरें कम होंगी। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि नये कर स्लैब पांच और 18 प्रतिशत के होंगे। पत्र में कहा गया है कि एक वाटर प्यूरिफायर लगाने से सालाना प्लास्टिक की 12,000 बोतलों के इस्तेमाल से बचा जा सकता है। इसमें पानी को उबालकर पीने की जरूरत नहीं रहती जिससे ईंधन की भी बचत होती है।

# अगले सप्ताह बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

एजेंसी

मुंबई। बीते सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में शेयर बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के उत्साहजनक आंकड़ों का असर दिख सकता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 29 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत रही। ये आंकड़े बाजार खुलने के बाद जारी किये गये थे, इसलिए इनका असर सोमवार को ही दिखेगा। साथ ही तेजी से बदलते वैश्विक कारक भी निवेश धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। पिछले सप्ताह बाजार में बुधवार को गणेश चतुर्थी की छुट्टी के कारण चार दिन ही कारोबार हुआ। इसमें अंतिम तीन दिन बाजार में बिकवाली देखी गयी। बीएसई का सेंसेक्स 1,497.20 अंक यानी 1.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को इस साल 09 मई के बाद के निचले स्तर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 443.25 अंक (1.78 फीसदी) टूटकर 24,426.85 अंक पर आ गया जो इसका 08 अगस्त के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली और ज्यादा देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप50 सूचकांक 3.63 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 3.86 प्रतिशत टूट गया।

बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर लुढ़क गये जबकि आठ



**शेयर समीक्षा**

के शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे अधिक 6.01 प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.71 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक का 3.15 प्रतिशत टूटा।

सनफार्मा में 2.97 फीसदी, पावर ग्रिड में 2.82, एनटीपीसी में 2.80, बजाज फिनसर्व में 2.69, आईसीआईसीआई बैंक में 2.66 और टाटा स्टील में 2.59 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एक्सिस बैंक का शेयर 2.32 फीसदी, भारती एयरटेल का 2.26, ट्रेंट का 2.02 और अडानी पोर्ट्स का 2.00 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।

बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, बीईएल, इटरनल, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और इंफोसिस के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक टूट गये।

इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में कदम रखने के बाद मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 3.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। आईटीसी का शेयर 2.87 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलिवर का 1.18 प्रतिशत और टीसीएस का 1.01 प्रतिशत चढ़ा। एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे।

# शीर्ष 10 की आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,24,630 करोड़ डॉलर घटा

एजेंसी

मुंबई। शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही भारी गिरावट के कारण बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (एमकैप) में कुल 2,24,630 करोड़ रुपये की गिरावट रही।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और एलआईसी का एमकैप घट गया जबकि टीसीएस और हिंदुस्तान यूनिलिवर के एमकैप में कुल 18,445 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। उसका एमकैप 70,707 करोड़ रुपये कम हुआ। एचडीएफसी बैंक में 47,482 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक में 27,135 करोड़ रुपये और एयरटेल में 24,947 करोड़ रुपये की गिरावट रही। इसी प्रकार, एलआईसी का एमकैप 23,655 करोड़ रुपये, एसबीआई का 12,692 करोड़ रुपये, बजाज फाइनेंस का 10,471 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 7,540 करोड़ रुपये घट गया।

वहीं, टीसीएस का एमकैप 11,126 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलिवर का 7,319 करोड़ रुपये बढ़ गया।

बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज 18,36,424 करोड़ रुपये के साथ पहले स्थान पर बनी हुई है। दूसरे स्थान पर एचडीएफसी बैंक और तीसरे स्थान पर टीसीएस रही जिनका एमकैप क्रमशः 14,60,863 करोड़ रुपये और 11,15,962 करोड़ रुपये है।

# चावल निर्यात बढ़ाने के लिए फिलीपींस जाएगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

नयी दिल्ली। भारत दुनिया के सबसे बड़े चावल आयातक फिलीपींस को चावल निर्यात बढ़ा रहा है और इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रमुख निर्यातकों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल अगले महीने इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश का दौरा करेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कृषि उत्पादों के निर्यात में फिलीपींस भारत के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। फिलीपींस ने 2024 में लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का आयात किया था। इसके प्रमुख आयातों में चावल, गेहूं, खली, खाद्य उत्पाद और ताड़ का तेल शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, फिलीपींस दुनिया में चावल का सबसे बड़ा आयातक है, जिसका 2024 में आयात 2.52 अरब अमेरिकी डॉलर का था। फिलीपींस में भारत के चावल निर्यात को बढ़ाने की संभावनाएं हैं, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक होने के बावजूद फिलीपींस को बहुत कम चावल निर्यात करता है।

# संघ की असली शक्ति उसके स्वयं सेवक : भागवत

एजेंसी



बिलासपुर (छत्तीसगढ़)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि संघ की असली ताकत उसके साधारण स्वयंसेवक हैं, जिन्होंने तमाम चुनौतियों के बावजूद संगठन का विस्तार किया है।

उन्होंने रविवार को यहां आयोजित 'लोक हितकारी काशीनाथ स्मारिका विमोचन समारोह' में अपने संबोधन में कहा कि धर्म का मतलब है सभी के प्रति अपनत्व का भाव रखना और विविधताओं के सामंजस्य के साथ आगे बढ़ना। यह कार्यक्रम संघ के बिलासपुर के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिवंगत काशीनाथ गोरे के जीवन और कार्यों पर एक स्मारिका के विमोचन के लिए आयोजित किया गया था।

श्री भागवत ने कहा, जो कुछ मैंने कहा, या अन्य वक्ताओं ने कहा, वह शायद दोपहर के भोजन तक भुला दिया जाएगा, लेकिन काशीनाथ गोरे के कार्य हमेशा याद रखे जाएंगे। हमारी जिम्मेदारी है कि इस स्मृति को नयी पीढ़ी तक पहुंचाएं, ताकि यह उन्हें निरंतर प्रेरणा देती रहे। उन्होंने आगे कहा, कुछ लोग पूर्वजों की स्मृति को बेकार समझते हैं लेकिन वही लोग, जब देश संकट में पड़ता है, तो अपने पूर्वजों का आह्वान करते हैं ताकि समाज की सामूहिक शक्ति और साहस जाग्रत हो। उन्होंने संघ और समाज के संबंध सशक्त करने में स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ में सबसे बड़ी जिम्मेदारी एक साधारण स्वयंसेवक होने की है। उन्होंने कहा, ॡसंघ की स्थापना को 100 साल हो गए हैं। आज यह कई तरीकों से चर्चा में है, लेकिन यह मुकाम संघ को इसलिए मिला क्योंकि उसके स्वयंसेवकों ने हर परिस्थिति में इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। तमाम बाधाओं और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने संघ का विस्तार किया। श्री भागवत ने कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए स्वयंसेवकों ने जनसंपर्क का विस्तार किया और हिंदू समाज में पहले से मौजूद 'अपनेपन' को और अधिक जाग्रत किया। उन्होंने कहा, हम आज यहां तक पहुंचे हैं स्वयंसेवकों के 100 वर्षों की मौन तपस्या की शक्ति से।

## भारत दुनिया के श्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में खड़ा हो रहा है : दत्तात्रेय होसबाले

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को यहां कहा कि भारत करवट ले रहा है और दुनिया के श्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में खड़ा हो रहा है।

वह राष्ट्र निर्माण में दरभंगा राज के अध्यात्मिक और सांस्कृतिक योगदान पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 'राज दरभंगा - धर्म संरक्षण से लेकर लोक कल्याण तक' पुस्तक का विमोचन भी किया गया। श्री होसबाले ने कहा कि विदेश के इतिहासकारों ने इस मिथ को स्थापित किया कि राजा मौज-मस्ती और विलासिता में डूबा रहता है, लेकिन हमारे देश में राजा को लोक कल्याण के कार्यों के साथ उच्च मानक स्थापित करने वाले के तौर पर देखा गया। उन्होंने कहा कि भारत में राजा को देवता माना गया जो प्रजा के लिए समान भाव के साथ मर्यादा का पालन करते थे। हमारे देश में प्रभु श्रीराम, राजा दशरथ, राजा हरिश्चंद्र, राजा भगीरथ ने लोक कल्याण और मर्यादा के प्रतिमान स्थापित किए। श्री होसबाले ने मिथिला के स्वर्णिम इतिहास और परंपरा पर चर्चा करते हुए कहा कि सांस्कृतिक, साहित्य, परंपरा और लोक कल्याण के क्षेत्र में लंबी फ़ेहरिस्त है। उन्होंने इस अवसर पर दरभंगा राजघराने के कुमार अरिहंत को 18वें जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि दरभंगा के राजा ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए देश में विभिन्न स्थानों पर सम्मेलन का भी आयोजन किया था और विश्व हिंदू परिषद की स्थापना में भी आगे बढ़कर मदद की थी। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में कई आधुनिक संस्थानों की स्थापना के साथ काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना में शुरुआती पांच लाख की राशि दी थी। उन्होंने मदन मोहन मालवीय जी के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के लिए एक करोड़ से अधिक की धनराशि का प्रबंध कराया था। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि जब मैं पहली बार 2014-2015 में दरभंगा पहुंचा तो वहां के स्थापत्य, कला और साहित्य से अभिभूत हो गया। उन्होंने मिथिला की धरती और दरभंगा राजघराने को इतिहास की बेमिसाल धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि मिथिला की धरती राजा जनक और माता सीता के साथ गार्गी और याज्ञवल्क्य संवाद की भी साक्षी रही है।

# तेलंगाना विधानसभा में पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक पारित

एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना विधानसभा ने रविवार को बहुप्रतीक्षित पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी जिससे पंचायतों में पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हो गया। इस विधेयक को पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री दानसारी अनसूया सीताक्का ने सदन में पेश किया।

विधानसभा में पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक के साथ-साथ पंचायत राज अधिनियम संशोधन विधेयक और नगरपालिका अधिनियम संशोधन विधेयक को भी पारित किया गया। यह स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा एक प्रमुख विधायी कदम है। सुश्री सीथक्का ने राज्य के सामाजिक न्याय एजेंडे में इसे एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए कहा कि सरकार इसे जमीनी स्तर के शासन में पिछड़े वर्गों के कम प्रतिनिधित्व को दूर करने के लिए एक सुधारात्मक कदम के रूप में पेश कर रही है। उन्होंने इससे पहले सदन में सदस्यों के सवालों का जवाब देते हुए ने कहा कि पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार पंचायत राज अधिनियम, 2018 लेकर आई थी, जिसने ग्रामीण स्थानीय चुनावों में आरक्षण को 50 प्रतिशत तक सीमित कर दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव यह झूठा प्रचार कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के रिश्तेदार पिछड़े वर्ग के आरक्षण में बाधा डाल रहे हैं। सुश्री सीथक्का ने कहा ''अगर कोई अदालत जाता है, तो मुख्यमंत्री को दोष देने का क्या मतलब है।'' मंत्री ने सदन को याद दिलाया कि बीआरएस ने ही पहले पिछड़े वर्ग के आरक्षण को कम किया था। उन्होंने कहा कि ''बीआरएस ने विधानसभा में मुसलमानों के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था - लेकिन क्या यह कभी हासिल हुआ।

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर शाह ने बुलायी बैठक

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर यहां तीन सितंबर को पार्टी नेताओं की बैठक बुलायी है। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा मौजूद रहे हैं। साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल बिहार भाजपा के नेता भी मौजूद रहेंगे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े मौजूद भी रहेंगे। बैठक में विधानसभा चुनाव से जुड़े कई अहम मुद्दों, सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे, उम्मीदवारों का चयन और पार्टी की चुनावी रणनीति पर चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में सहयोगी दलों के नेताओं को भी बुलाया गया है।

## भारत स्काउट गाइड केडेट को 10 साल बाद मिले राष्ट्रपति पुरस्कार

नयी दिल्ली। केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को यहां भारत मंडपम में भारत स्काउट गाइड (बीएसजी) के 427 कैडिटों को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार 10 वर्षों बाद दिया गया है इससे पहले यह पुरस्कार 2016 में दिया गया था। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि देश के युवा भारत स्काउट और गाइड, एनसीसी और एनएसएस से जुड़कर सैन्य एवं सामाजिक सेवा का संकल्प ले सकते हैं। ऐसे युवाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है ताकि देश और मजबूत हो सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत स्काउट गाइड के कैडेट आने वाले समय में गणतंत्र दिवस की परेड में भी भाग लेंगे। इस अवसर के भारत स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय कमिशनर डॉ केके खंडेलवाल ने कहा कि श्री मांडविया जी भारत स्काउट गाइड को व्यापक पैमाने पर आगे बढ़ा रहे हैं इसी क्रम में साइकिल रैली निकाली जायेगी। इस साइकिल रैली का शुभारंभ स्वयं केंद्रीय खेल मंत्री स्वयं करेंगे। श्री खंडेलवाल ने फिट इंडिया के प्रमोशन के लिए केंद्रीय मंत्री को बधाई दी और उनके लिए एक कविता का पाठ भी किया।

## यूपीएससी की मेरिट लिस्ट में नहीं आने वाले युवाओं की नौकरी के लिये 'प्रतिभा सेतु': मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने ''मन की बात'' रेडियो प्रसारण में 'यूपीएससी प्रतिभा सेतु' का जिक्र किया। यह एक पोर्टल है जिसे संघ लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं में विभिन्न चरणों को पार करने, लेकिन मेरिट लिस्ट में स्थान नहीं बना पाने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर बनाया गया है। इसका संचालन संघ लोक सेवा आयोग, नयी दिल्ली करता है। यूपीएससी प्रतिभा सेतु एक नया डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है। यह पहल विभिन्न नियोक्ताओं जैसे विभिन्न मंत्रालयों, लोक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और निजी संगठनों को ऐसे योग्य उम्मीदवारों तक पहुंचने का मौका देती है जिन्हें यूपीएससपी परीक्षा की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने का अवसर नहीं मिल सका। इसका आशय यह है कि ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने यूपीएससी की विभिन्न परीक्षाओं के सभी चरणों को तो पास कर लिया, लेकिन अंतिम मेरिट सूची में जगह नहीं बना पाए। ऐसे उम्मीदवारों को यह प्रतिभा सेतु पोर्टल एक मौका देता है। यह प्लेटफ़ॉर्म ऐसे योग्य उम्मीदवारों को संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने का अवसर मुहैया कराता है, जिससे उनके करियर में नई संभावनाएं खुल सकें। यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा, भारतीय वन सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग सेवाएं, सीडीएस, सीएपीएफ जैसी परीक्षाओं के 10,000 से अधिक योग्य लेकिन गैर-चयनित उम्मीदवार इस पोर्टल पर रोजगार पाने के पात्र इसमें एनडीए और कुछ एलडीसीई परीक्षाएं शामिल नहीं हैं। इस पोर्टल पर विभिन्न परीक्षाओं में अंतिम चरणों तक पहुंच चुके दस हजार से अधिक होनहार युवाओं का डाटा बैंक है और कोई भी पंजीकृत सरकारी निकाय और सत्यापित निजी कंपनियां (कॉर्पोरेट पहचान संख्या के माध्यम से) इस प्रतिभा सेतु पोर्टल के जरिए उम्मीदवारों के बायोडेटा तक पहुंच सकती हैं। यह पोर्टल योग्य उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच सेतु का काम करता है। नियोक्ता डैशबोर्ड के ज़रिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट या चयन कर सकते हैं।

## भारत की एजुकेट गर्ल्स संस्था रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड 2025 से सम्मानित

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 के रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इसकी घोषणा रविवार को की गई है। यह सम्मान 7 नवंबर 2025 को फिलीपींस की राजधानी मनीला के मेट्रोपॉलिटन थिएटर में आयोजित 67वीं रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड सेरेमनी में औपचारिक रूप से दिया जाएगा। एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक सफीना हुसैन ने कहा ने रविवार को बताया कि यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं और युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है। उन्होंने कहा कि एजुकेट गर्ल्स संस्था अब उस गौरवशाली पंक्ति का हिस्सा बन चुकी है, जिसमें सत्यजीत रे, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी, किरण बेदी, विनोबा भावे, दलाई लामा, मदर टेरेसा और ऑस्कर विजेता हायाओ मियाजाकी जैसी विश्वप्रसिद्ध विभूतियां शामिल हैं।

# उद्योग के लिए अब 75 दिन में मिलती है पर्यावरणीय मंज़ूरी: यादव

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को कहा कि पिछले 11 साल में सरकार ने व्यापार को आसान बनाने की दिशा में काफी काम किया है और किसी उद्योग के लिए पर्यावरणीय मंजूरी मिलने में मात्र 75 दिन का समय लगता है।

भारत ग्लोबल इंडस्ट्रीज फोरम द्वारा यहां आयोजित एक अधिवेशन को संबोधित करते हुये श्री यादव ने कहा कि सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कारोबार की आसानी की जो बात कही उसके चार मंत्र दिये - अनुपालना को कम कर लंबित सरकारी फाइलों की संख्या कम करना, कारोबार की अनुपालना में छोटी-छोटी चूक को आपराधिक श्रेणी से बाहर करने का फैसला, डिजिटलाइजेशन और मंजूरी प्रक्रियाओं को आसान करना।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब कांग्रेस के राज में अगर किसी कारोबारी को पर्यावरणीय मंज़ूरी, वन्य मंज़ूरी, वन्य जीव मंज़ूरी आदि चाहिये होती थी तो औसत तीन साल लगते थे जिसे घटाकर मौजूदा सरकार 75 दिन पर लेकर आयी है। ऐसा इसलिए संभव हुआ कि सरकार डिजिटलाइजेशन की तरफ कदम बढ़ाते हुये परिवेश 2 पोर्टल लेकर आयी है। पहले सरकार में कभी फाइलें एक-दूसरे से बातें नहीं करती थीं। पर्यावरण की फाइल का वन विभाग को पता नहीं होता था, वन विभाग की फाइल का वन्य जीव वालों को पता नहीं होता था। मौजूदा सरकार ने सबको एक मंच पर लाकर खड़ा किया है और यह हर मंत्रालय के लिए सच है। श्री यादव ने कहा कि सरकार की नीतियों का परिणाम है कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में जब दुनिया को लगने लगा था कि भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने एक नयी चुनौती सिर उठा रही है, दो दिन पहले आये पहली तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में लगातार आगे बढ़ने की क्षमता है और 2047 की तरफ देश को किसी प्रतिस्पर्धा में नहीं, अपने नैतिक मूल्यों को लेकर आगे बढ़ना चाहिये। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संगठन मंत्री सतीश कुमार ने कहा कि साल 2047 तक देश का 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य छोटा है और भारत से स्वर्णिम इतिहास को देखते हुये इससे कहीं ज्यादा क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारत पहली सदी से 15वीं सदी तक दुनिया के सकल उत्पादन में एक-तिहाई का योगदान देता था। आजादी के बाद एक समय था जब सरकार दुनिया के दूसरे देशों के सामने गेहूं के लिए झोली फैलाती थी, आज हमने अमेरिका से उसकी शर्तों पर व्यापार समझौता करने से इनकार कर दिया है। श्री कुमार ने कहा कि दुनिया का 40 प्रतिशत चावल भारत से निर्यात होता है।

गेहूं के निर्यात में भारत दूसरे और डेयरी में पहले स्थान पर है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला भारत अकेला देश है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्तमान समय में जारी आयात शुल्क युद्ध में भारत सबसे बड़ा विजेता बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि देश को 2047 तक सिर्फ समृद्ध ही नहीं महान भी बनाना है और इसके लिए हमें अपने पारंपरिक नैतिक और जीवन मूल्यों के साथ आगे बढ़ना होगा। राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौर पर चीन के साथ व्यापार को लेकर आज हुये फैसलों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास का लाभ जबतक आम लोगों को नहीं मिलेगा सही मायने में विकास नहीं होगा।

## पंजाब में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के दो आतंकी पकड़े गए, हैंड ग्रेनेड व पिस्तौल बरामद

एजेंसी

चंडीगढ़। काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) पठानकोट, सीआई लुधियाना और स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने संयुक्त रूप से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के साथ ही राज्य में होने वाली आतंकी गतिविधियों को नाकाम करने का दावा किया गया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गांव मल्लियां (गुरदासपुर) निवासी सरवण कुमार और जकड़िया (गुरदासपुर) निवासी बलविंदर सिंह गिरफ्तार किया गया है।

तलाशी के दौरान पुलिस टीमों ने इनके कब्जे से आर्गेस हैंड ग्रेनेड और तीन ज़िंदा कारतूस सहित .30 बोर स्टार मार्क पिस्तौल बरामद किये हैं। यह कार्रवाई उस समय की गई जब सीआई पठानकोट ने एक सप्ताह से भी कम समय पहले दो नाबालिगों सहित चार सदस्यों वाले इसी नेटवर्क के एक मॉड्यूल का पर्दाफाश कर टारगेट किलिंग को टाला था और उनके कब्जे से दो .30 बोर स्टार मार्क पिस्तौलें बरामद की थी। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित अपने विदेशी हैंडलरों के निर्देश पर काम कर रहे थे, जिन्हें बब्बर खालसा इंटरनेशनल का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आरोपितों को एक बिचौलिए के जरिए इन हैंडलरों से मिलवाया गया था। डीजीपी ने कहा कि कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। एआईजी सीआई पठानकोट सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों को विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों की रेकी करने और हमले को अंजाम देने के लिए विस्फोटक और फंड उपलब्ध कराए गए थे। उन्होंने आगे कहा कि आरोपित एन्क्रिप्टेड ऐप्स और वर्चुअल फोन नंबरों का इस्तेमाल कर अपने हैंडलरों से संपर्क कर रहे थे।

## पेज एक का शेष

### विश्वास बढ़ाने में ...

एक्सपर्ट्स का कहना है कि ट्रंप के व्यापार युद्ध ने दशकों पुरानी अमेरिकी कूटनीति को उलट दिया है, जिसमें भारत को चीन के मुकाबले एक संतुलनकारी ताकत के रूप में देखा जाता था। जिनपिंग ने कहा, 'इस साल चीन-भारत राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। दोनों देशों को अपने रिश्तों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से संभालना होगा। हमें बहुपक्षवाद, बहुध्रुवीय दुनिया और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में ज्यादा लोकतंत्र को बनाए रखने की अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए और एशिया व पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करना चाहिए। शी जिनपिंग ने कहा, 'दुनिया परिवर्तन की ओर बढ़ रही है। चीन और भारत दो सबसे प्राचीन सभ्यताएं हैं। हम दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाले दो देश हैं और ग्लोबल साउथ का हिस्सा हैं। ऐसे में हमारा मित्र होना, अच्छे पड़ोसी बनना और ड्रैगन व हाथी का एक साथ आना बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच तिआनजिन में हुई मुलाकात अब समाप्त हो गई है। बैठक के दौरान शी जिनपिंग ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी, आपसे दोबारा मिलकर बहुत खुशी हुई। मैं ट्रूप शिखर सम्मेलन के लिए चीन में आपका स्वागत करता हूं। पिछले साल कजान में हमारी सफल बैठक हुई थी।' यह बैठक लगभग एक घंटे तक चली। पीएम मोदी के साथ एनएसए अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री, चीन में भारत के राजदूत प्रदीप रावत, जॉइंट सेक्रेटरी (ईस्ट एशिया) गौरांग लाल दास और पीएमओ से अतिरिक्त सचिव दीपक मित्तल मौजूद थे। वहीं, शी जिनपिंग के साथ विदेश मंत्री वांग यी, प्रधानमंत्री ली कियांग, डायरेक्टर जनरल ऑफिस कैई ची और भारत में चीन के राजदूत शू फ़ेहोंग मौजूद रहे।

### 'सीमा पर शांति...

सीमा विवाद का आपसी स्वीकार्य समाधान निकालने की आवश्यकता पर जोर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने म्यांमार में चुनावों की घोषणा का स्वागत किया और कहा कि वहां शांति और स्थिरता स्थापित करने का एकमात्र रास्ता संवाद ही है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात म्यांमार के स्टेट सिक्योरिटी एंड पीस कमीशन के चेयरमैन सीनियर जनरल मिन आंग हलाइंग से हुई। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अपनी नेबरहुड फर्स्ट और एक्ट फास्ट नीतियों के तहत म्यांमार के साथ संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-म्यांमार के बीच विकास साझेदारी पर बल दिया और जारी संपर्क परियोजनाओं के लिए म्यांमार के सहयोग का अनुरोध किया। बैठक में सुरक्षा और सीमा संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि म्यांमार में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संवाद ही सबसे उपयुक्त माध्यम है।

### बिहार में अकेले...

साथ-साथ वहां राज्य के तेज़ी से बदलते हुये राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिज़ल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उड़ीसा और तेलंगाना राज्य में भी पार्टी संगठन की तैयारियों व वहां भी यूपी के पैटर्न पर जिला से लेकर पोलिंग बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के मिशनरी कार्यों के लिये दिये गये टारगेट की भी समीक्षा पार्टी प्रमुख द्वारा की गई है।

### प्राकृतिक आपदाएं...

जानकारियां जुटा रहे हैं, जो भारत के लिए दुश्मन देश से लड़े। जितेंद्र के पास प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीद हुए वीर जवानों की डिटेल है। उनके पास हजारों जवानों की तस्वीर भी हैं, जो शहीद हो चुके हैं। जितेंद्र ने करीब ढाई हजार शहीद जवानों के माता-पिता के चरणों की मिट्टी भी अपने पास आशीर्वाद के तौर पर रखी है। बिहार की देवकी (सोलर दीदी) बिहार के मुजफ्फरपुर के रतनपुरा गांव की रहने वाली देवकी áSolar Didiá के नाम फ़ेमस हैं। उन्होंने अपने गांव में सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़कर सोलर पंप सिस्टम लगाया है। पहले यहां सिर्फ कुछ एकड़ जमीन की ही सिंचाई हो पाती थी, अब 40 एकड़ से ज्यादा खेतों तक पानी पहुंच रहा है।

### 8 आईपीएस अधिकारियों का...

सभाकक्ष से प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज, पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक इस बैठक में शामिल होंगे।

### घुमंतू जातियों के लिए...

मंच से ही कहा कि घुमंतू जातियों के लिए बोर्ड का गठन किया जाए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जैसे शामली और वनटांगिया का मॉडल बना, उसी तरह घुमंतू जातियों के लिए भी योजनाएं लागू होंगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश की पुलिस भर्ती में घुमंतू जातियों से जुड़े कई युवक-युवतियों का चयन हुआ है, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों को समान अवसर दे रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, मंत्री असीम अरुण, नरेन्द्र कश्यप, संजीव गौड़, बैजनाथ रावत, बेचन राम, जीत सिंह खरवार, विश्वनाथ प्रसाद, वाईपी सिंह, भगवान नाथ, डॉ. शोभा चौधरी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### लखनऊ के पटाखा...

टीम ने राहत बचाव कार्य करते हुए घायलों को अस्पताल भिजवाया। धमाके में पटाखा व्यवसायी आलम, उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि घटना में घायल दो का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। घायलों में शामिल इरशाद पुत्र आलम एवं नदीम पुत्र शरीफ का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। जैद उम्र करीब 35 वर्ष, इरम उम्र करीब 32 वर्ष तथा हूरजहां उम्र करीब 25 वर्ष जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे डीएम विशाख जी ने बताया कि 2 लोगों की मौत हुई है। कुल 5 लोग भर रूप से घायल हैं। जिनमें दो को केजीएमयू में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों के उपचार को लेकर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर हैं। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि घटना के कारणों को लेकर एक्सपर्ट की टीम में शामिल बम स्क्वायड दस्ता और फोरेंसिक के एक्सपर्ट जांच के बाद ही बता पाएंगे।

# संघ में घोष केवल वादन या मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह एक साधना है : आलोक कुमार

एजेंसी

चंडीगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन दिवसीय हरियाणा घोषवर्ग का रविवार को रोहतक के वैश्य कॉलेज में समापन हुआ। शिविर में 400 स्वयंसेवकों ने घोष साधना के माध्यम से अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का प्रशिक्षण लिया। सह सरकार्यवाह आलोक कुमार और सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर संदीप चौधरी मुख्य वक्ता और मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए।

संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि ॡसंघ में घोष केवल वादन या मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह एक साधना है, जो मनुष्य को अनुशासन, समन्वय और राष्ट्रहित से जोड़ती है।ॢ उन्होंने वेद मंत्र ॡसङ्गच्छध्वं संवदध्वं, सं वो मनांसि जानताम्‌ देवा भागं यथा पूर्वे, संज्जानाना उपासते।ॢ का उल्लेख करते हुए कहा कि जब सभी मिलकर एक साथ चलते हैं तो केवल कदम ही नहीं, बल्कि मन भी एक हो जाते हैं। यही घोष साधना का उद्देश्य है- राष्ट्र को एक दिशा में, एक मन होकर आगे बढ़ाना। आलोक कुमार ने कहा कि घोष केवल संगीत का माध्यम नहीं, बल्कि यह वीरता, पराक्रम और राष्ट्रनिर्माण की भावना का प्रतीक है।




उन्होंने बताया कि शंख, ढोल और रणभेरी जैसे वाद्ययंत्र प्राचीन काल से ही ऊर्जा, उत्साह और विजय के संदेशवाहक रहे हैं। युद्धभूमि में भी ये रणवाद्य वीरता और उमंग का संचार करते थे। संघ का घोष दल उसी गौरवशाली परंपरा को आज के समाज तक पहुंचा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समय के साथ विदेशी ब्रास बैंड का प्रचलन बढ़ा, लेकिन संघ के घोष में जो धुनें बजाई जाती हैं, वे भारतीय रागों पर आधारित होती हैं। यहां तक कि विदेशी धुनों को भी भारतीय स्वरूप में ढालकर उन्हें हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप प्रस्तुत किया जाता है। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर संदीप चौधरी घोष प्रदर्शन देखकर अभिभूत हुए और उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि मैं स्वयंसेवकों के इस प्रदर्शन को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता। 100 साल से मेरे परिवार की तीन पीढ़ियां फौज के माध्यम से देश सेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि संघ में रहकर स्वयंसेवकों में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन व चरित्र निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि घोष केवल वाद्ययंत्र बजाने की कला नहीं है, बल्कि यह आत्मबल, अनुशासन और सामूहिक समन्वय की प्रतीक साधना है। ब्रिगेडियर संदीप चौधरी ने को प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रहित के लिए संगठित होकर कार्य करना ही संघ की घोष साधना का मूल तत्व है। उन्होंने संघ के 100 वर्ष पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्र शारीरिक प्रमुख हेमराज, संस्कार भारती के त्रिक्षेत्र संगठन मंत्री विजय कुमार, हरियाणा प्रांत के प्रांत संघचालक प्रताप सिंह, सह प्रांत कार्यवाह प्रीतम कुमार, रोहतक जिला संघचालक देवेंद्र गोयल, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी पहलवान योगेश्वर दत्त भी मौजूद रहे।

# गंगा उफान पर, निचले क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात, तटबंध को खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। पहाड़ों पर लगातार हो रही मूसलाधार बारिश का असर मैदानी क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। गंगा नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जानकारी के अनुसार गंगा बिशनपुर कुंडी से लेकर रायसी तक बने तटबंध के बराबर बह रही है। तेज धारा के चलते कई स्थानों पर बांध क्षतिग्रस्त की भी सूचना मिल रही है और पानी खेतों व बस्तियों में घुसने लगा है। भोगपुर निवासी भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ऋषिपाल कश्यप ने बताया कि गंगा का पानी वन क्षेत्र से होते हुए गंगदासपुर, कलशिया और रंजीतपुर जैसे निचले गांवों तक पहुंच गया है। इससे किसानों की गन्ने की फसलें डूबकर बर्बाद हो रही हैं।



ग्रामीण साहब सिंह, प्रदीप, जोगा सिंह, कुलविंदर, विपिन कुमार, सुखबीर और रामलाल ने हालात पर चिंता जताई। उनका कहना है कि वन विभाग की ओर से जेसीबी लगाकर तटबंध के पास गड्ढा खोदा गया है, जिससे पानी और तेजी से जंगल में घुस रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो भारी तबाही हो सकती है। इस मामले में भोगपुर वन विभाग के सेक्शन ऑफिसर अमित कुमार ने ग्रामीणों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि लकड़ी चोरी रोकने के लिए बांध से कुछ दूरी पर गड्ढा बनाया गया है। इस गड्ढे से बांध को कोई नुकसान नहीं है, क्योंकि यह तटबंध से काफी दूर स्थित है। यह आरोप गलत है। उन्होंने बताया कि भोगपुर, तिलकपुरी, टांडा, भागमल आदि गाँवों के कुछ लोग अक्सर वन संपदा को क्षति पहुंचाते हैं और रात में लकड़ी चोरी कर ले जाते हैं। ऐसे में चोरी पर रोक लगाने के लिए रास्ते को अवरुद्ध करने के लिए गड्ढा खोदा गया है। स्थानीय लोगों की ओर से फिलहाल प्रशासन से तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की मांग की है।

# मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांगा बकाया 60 हजार करोड़ रुपये का फंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ प्रधानमंत्री को पंजाब में बाढ़ की गंभीर स्थिति से कराया अवगत, मुआवजे के नियमों में संशोधन की मांग**

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर बकाया पड़े 60 हजार करोड़ रुपये के फंड तुरंत जारी करने की मांग करते हुए से हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने पंजाब में बाढ़ की गंभीर स्थिति से अवगत करवाया और कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से लगभग एक हजार गांव और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। मुख्य मंत्री ने कहा कि भारी वर्षा और बांधों से छोड़े गए पानी के चलते गुरदासपुर, कपूरथला, अमृतसर, पठानकोट, फिरोजपुर, फाजिल्का और होशियारपुर जिलों में हालात गंभीर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति बिगड़ती जा रही है और आने वाले दिनों में हालात बिगड़ सकते हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अब तक लगभग तीन लाख एकड़ कृषि भूमि, धान की फ़सलें पानी में डूब चुकी हैं। फसल कटाई से पहले ही भारी नुक़सान हो गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पशुओं की हानि से डेयरी फ़ार्मिंग और पशुपालन पर निर्भर ग्रामीण परिवार भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। मुख्य मंत्री ने कहा कि जीएसटी लागू होने और वैट शासन से बदलाव के कारण पंजाब को 49,727 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ, पर भारत सरकार ने कोई मुआवजा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि गत कुछ वर्षों में ग्रामीण विकास फंड (आरडीएफ) और मार्केट डेवलपमेंट फंड (एमडीएफ ) में कमी 8,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के अंतर्गत 828 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट भी रद्द कर दिए गए, जिससे ग्रामीण संपर्क सडक़ों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि पंजाब बाढ़ संकट के चलते नाज़ुक परिस्थितियों का सामना कर रहा है, इसलिए प्रधानमंत्री को राज्य का बकाया 60 हजार करोड़ रुपये जारी करने में हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि स्टेट डिज़ास्टर रिस्पॉन्स फ़ंड (एसडीआरएफ ) में पर्याप्त फंड हैं, परंतु गृह मंत्रालय के वर्तमान मानदंड किसानों, पशुपालकों व अन्य प्रभावित वर्गों को पर्याप्त मुआवज़ा देने में नाकाफ़ी हैं। इन मानकों के तहत वास्तविक नुक़सान की तुलना में मुआवज़ा बहुत कम मिलता है। मान ने प्रधानमंत्री से अपील की कि फसलें कटाई के मुहाने पर थी, इसलिए मुआवजा कम से कम 50 हजार रुपये प्रति एकड़ तक बढ़ाया जाए। साथ ही, एसडीआरएफ मुआवज़ा मानदंडों को ज़मीनी वास्तविकताओं के आधार पर संशोधित किया जाए।

# पंजाब के 1312 गांव बाढ़ की चपेट में अब तक 14936 को सुरक्षित निकाला

**■ पंजाब सरकार ने 6582 लोगों को राहत शिविरों में ठहराया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने रविवार की शाम को कहा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से अब तक कुल 14936 लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार की पूरी मशीनरी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और पंजाब पुलिस के जवान बाढ़ में लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिए दिन-रात डटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि ज़िला अमृतसर से 1700, बरनाला से 25, फाजिल्का से 1599, फिरोज़पुर से 3265, गुरदासपुर से 5456, होशियारपुर से 1052, कपूरथला से 362, मानसा से 163, मोगा से 115, पठानकोट से 1139 और ज़िला तरन तारन से अब तक 60 व्यक्तियों को बाढ़ के पानी से सुरक्षित निकाला गया है। मुंडियां ने कहा कि जैसे-जैसे निकाले गए लोगों की संख्या बढ़ रही है, उसी अनुसार राहत शिविरों की संख्या भी बढ़ाई गई है। इस समय राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों में 122 राहत शिविर चल रहे हैं, जिनमें 6582 व्यक्तियों को ठहराया गया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अमृतसर में 16, बरनाला में 1, फाजिल्का में 7, फिरोज़पुर में 8, गुरदासपुर में 25, होशियारपुर में 20, कपूरथला में 4, मानसा में 1, मोगा में 5, पठानकोट में 14, संगरूर में 1 और पटियाला में 20 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिए गए हैं कि इन शिविरों में आवश्यक सुविधाओं की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि अमृतसर के शिविरों में 170, बरनाला में 25, फाजिल्का में 652, फिरोज़पुर में 3987, गुरदासपुर में 411, होशियारपुर में 478, कपूरथला में 110, मानसा में 163, मोगा में 115, पठानकोट में 411 और ज़िला संगरूर के राहत शिविरों में 60 व्यक्ति ठहरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस समय गुरदासपुर में एनडीआरएफ की 6 टीमें और फाजिल्का, फिरोज़पुर, पठानकोट तथा अमृतसर में 1-1 टीम तैनात है। इसी तरह कपूरथला में एसडीआरएफ की 2 टीमें सक्रिय हैं। कपूरथला, गुरदासपुर, फिरोज़पुर और पठानकोट में सेना, नौसेना और वायु सेना भी मोर्चा संभाले हुए हैं, जबकि बीएसएफ की 1-1 टीम गुरदासपुर और फिरोज़पुर में राहत कार्यों में लगी हुई है। पंजाब पुलिस और फायर ब्रिगेड भी कपूरथला और फिरोज़पुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि इस समय कपूरथला में 15 नावें, फिरोज़पुर में 12 नावें और पठानकोट में 4 नावें लगाई गई हैं, जबकि जहां कहीं भी एयरलिफ्ट की आवश्यकता होती है, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है। राजस्व मंत्री ने बताया कि बाढ़ के कारण अब तक पंजाब के कुल 1312 गांव प्रभावित हुए हैं। इनमें अमृतसर के 93, बरनाला के 26, बठिंडा के 21, फतेहगढ़ साहिब का 1, फाजिल्का के 92, फिरोज़पुर के 107, गुरदासपुर के 324, होशियारपुर के 86, जालंधर के 55, कपूरथला के 123, लुधियाना के 26, मालेरकोटला के 4, मानसा के 77, मोगा के 35, पठानकोट के 81, पटियाला के 14, रूपनगर के 2, संगरूर के 22, एसएएस नगर का 1, एसबीएस नगर के 3, श्री मुक्तसर साहिब के 74 और तरनतारन के 45 गांव शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मलयाली समाज संग हर्षोल्लास से मनाया ओणम उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को 'मुख्यमंत्री सेवा सदन में' मलयाली समाज के साथ ओणम उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने न केवल पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों में सहभाग किया, बल्कि स्वयं अतिथियों को ओणम के पारंपरिक व्यंजन परोसकर उन्हें घर जैसा अपनापन दिया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित मलयाली समाज और अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि आप सबको मेरी ओर से ओणम के इस पावन पर्व की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं। यह मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि आप सब आज मेरे घर, इस 'जन सेवा सदन' में आए और इस त्योहार का शुभारंभ यहीं से किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओणम केवल फसल और समृद्धि का पर्व नहीं, बल्कि यह भाईचारे, एकता और साझा खुशियों का उत्सव है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगभग 10 लाख मलयाली परिवार रहते हैं, जिन्होंने न केवल अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखा है बल्कि दिल्ली को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध भी किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज ओणम केवल केरल राज्य का उत्सव नहीं है, बल्कि यह अब पूरे भारत और विश्वभर में फैले मलयाली समाज के कारण वैश्विक पर्व बन गया है। यह समाज अपनी मेहनत, ईमानदारी, सहयोग भाव और राष्ट्रप्रेम के लिए पूरे देश में विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार हर समुदाय को बराबर सम्मान देती है। मलयाली समाज ने दिल्ली को अपनी विविधता, मेहनत और सेवा भाव से और समृद्ध बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आइए, हम सब मिलकर इस पर्व से प्रेरणा लें और दिल्ली को भी ऐसा ही परिवार बनाएं, जहां हर धर्म, हर समाज, हर परंपरा को बराबरी का सम्मान मिले और सब मिलकर दिल्ली को आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने सभी मलयाली परिवारों और नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले दस दिनों तक दिल्ली इस पर्व की उमंग और उल्लास में डूबी रहेगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने की दिशा में मिलकर कार्य करें।



# पंजाब में बाढ़ के चलते तीन सितंबर तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि बाढ़ की मौजूदा स्थिति को देखते हुए राज्य के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त और निजी स्कूल 3 सितंबर तक बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह फ़ैसला मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार लिया गया है, ताकि इस चुनौतीपूर्ण समय में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ के प्रभाव को कम करने और जन कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे इस कठिन समय में अपने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही उन्होंने शिक्षकों को ज़िला प्रशासन से संपर्क बनाए रखते हुए ज़रूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए कहा।

# मुख्य सचिव ने अमृतसर व पठानकोट में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में लोगों के साथ खड़ी है और हर मुश्किल में उनका साथ दिया जाएगा। स्थिति सामान्य होने पर विशेष गिरदावरी करवा कर हर प्रकार के नुकसान का मुआवज़ा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राहत कार्यों के लिए उच्च स्तरीय कमेटी बनाई है, जिसके तहत अमृतसर जिले में तीन वरिष्ठ अधिकारियों को इन कार्यों की निगरानी और सहयोग के लिए भेजा गया है। सिन्हा मुख्यमंत्री के निर्देशों पर आज अमृतसर जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों अजनाला, रमदास और पठानकोट के बमियाल व नरोट जैमल सिंह ब्लॉक में रावी नदी के धुसी बांध का दौरा कर रहे थे। उन्होंने गांव चमियारी में बनाए गए राहत केंद्र में किए गए प्रबंधों का भी जायज़ा लिया। सिन्हा ने बाढ़ के पानी में घिरे गांवों में पहुंचकर स्थिति का जायज़ा लिया और लोगों से बातचीत की। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा गांवों में अब तक पहुंचाई गई राहत के बारे में भी लोगों से फीडबैक लिया। उन्होंने सेना के जवानों, एनडीआरएफ, पुलिस और सिविल प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत कार्यों को और तेज़ किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाई जा सके।



# सीवान में 22.22 करोड़ की लागत से होगा सड़क का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण : सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में सीवान जिले के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार की ओर से सीवान-सिसवन पथ से चैनपुर रसूदपुर पथ भाया बवनदही पॉलिटेक्निक कॉलेज पथ के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गयी है। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पथ प्रमंडल, सीवान अंतर्गत सीवान-सिसवन पथ से चैनपुर रसूदपुर पथ भाया बवनदही पॉलिटेक्निक कॉलेज पथ चैनेज +00 से चैनेज 3+40 (कुल लंबाई 3.400 कि.मी.) तक सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना पर कुल 22 करोड़ 22 लाख 48 हजार रुपये की लागत आएगी। परियोजना का निष्पादन पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सीवान द्वारा कराया जाएगा। कार्य का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2025-26 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से सीवान, सिसवन, चैनपुर, रसूदपुर और आसपास के इलाकों के लोगों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी और क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों, खासकर बवनदही पॉलिटेक्निक कॉलेज से जुड़ाव भी और सुदृढ़ होगा।

# गैंगस्टर हाशिम बाबा का शूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर हाशिम बाबा के खास शूटर असद अमीन (23) को गिरफ्तार किया है। गोकुलपुरी इलाके में एक युवक पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस को असद की तलाश थी। लगातार स्थानीय पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थी। पुलिस को आरोपित के पास से एक पिस्टल व तीन कारतूस बरामद हुए हैं। असद को हाशिम के बेहद करीबी बताया जा रहा है। इसके खिलाफ दिल्ली और यूपी में कई मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने अपने थाने में अवैध हथियार का एक मामला अलग से दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि गोकुलपुरी में हुई वारदात के बाद से लगातार लोकल पुलिस असद की तलाश कर रही थी। जांच में अपराध शाखा की टीम को शामिल कर लिया गया। टीम ने असद की तलाश शुरू कर दी। इस बीच 26 अगस्त को टीम को खबर मिली कि आरोपी बाराखंभा रोड, नई दिल्ली आने वाला है। जानकारी जुटाने के बाद एक टीम को मेट्रो स्टेशन, एसबीआई बैंक के पास तैनात कर दिया गया। इस बीच आरोपी वहां पहुंचा तो उसे दबोच लिया गया।

# शांति मानवता का सच्चा मार्ग और अहिंसा उसकी सबसे बड़ी ताकत : विजेंद्र गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शांति मानवता का सच्चा मार्ग है और अहिंसा उसकी सबसे बड़ी ताकत है। यह बात उन्होंने भारत के पहले गुरुग्राम के वर्ल्ड पीस सेंटर में आयोजित 'विश्व शांति, सद्भाव और शांति शिक्षा' पर आयोजित प्रथम अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। अहिंसा विश्व भारती द्वारा आचार्य डॉ. लोकेश मुनि के मार्गदर्शन में आयोजित इस संगोष्ठी में भारत और विदेश से आए अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने वैश्विक शांति, सद्भाव और शांति शिक्षा की परिवर्तनकारी भूमिका पर विचार-विमर्श किया। विजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का इतिहास शांति और अहिंसा का इतिहास है। भगवान महावीर ने कहा था 'अहिंसा परम धर्म है', भगवान बुद्ध ने करुणा से एकजुट महाद्वीप का सपना देखा था और महात्मा गांधी ने यह सिद्ध किया कि सत्य और अहिंसा से साम्राज्यवादी शक्तियों को भी परास्त किया जा सकता है।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विरासत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पुनर्जीवित किया है। 2022 में रूसऽयूक्रेन युद्ध के दौरान, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र, जी20 और ब्रिक्स में कहा – 'यह युद्ध का युग नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और सहयोग का समय है।' भारत ने समय रहते दुनिया को यह संदेश दिया कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि शांति में है। विजेंद्र गुप्ता ने भारत की 'विश्व गुरु' के रूप में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की पहचान शांति और अहिंसा के मूल्यों में गहराई से निहित है, जो भगवान महावीर, भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी की शिक्षाओं में निहित है। गुप्ता ने वर्ल्ड पीस सेंटर और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के बीच होने वाले आगामी सहयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह साझेदारी शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी और 'वसुधैव कुटुंबकम' – पूरी दुनिया एक परिवार है – का संदेश सीमाओं के पार ले जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भागीदारियां यह सिद्ध करती हैं कि मानवता की समस्याओं का समाधान युद्ध से नहीं, बल्कि सहयोग, संवाद और परस्पर सम्मान से होता है। गुप्ता ने कहा कि डॉ. लोकेश ध्यान, योग और शांति शिक्षा के विशेषज्ञ हैं। व्यापक शोध के बाद उन्होंने एक 'शांति शिक्षा' पाठ्यक्रम तैयार किया है, जो भारत की प्राचीन ध्यानऽयोग परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ समन्वित करता है। यह शिक्षा मानव के भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों को दूर करती है और मानवीय तथा दिव्य गुणों को जागृत करती है, जिससे करुणा, सद्भाव और सकारात्मक मानवीय मूल्यों का विकास होता है।







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063